आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* आद्य शंकराचार्य जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 96 | उज्जैन, बुधवार 22 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 5-6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## मैदानी इलाकों में तेज गर्मी जारी, प्रदेश में पहली बार रात में लू का अलर्ट

### महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी का समय बदला, मजदूर भी दोपहर में काम नहीं करेंगे, प्रयागराज में 44.4 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/भोपाल

देश के मैदानी इलाकों में तेज गर्मी जारी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, ओडिशा और दिल्ली में कई जगह पारा 44 डिग्री पार पहुंच गया है। कई जगह लू का भी अलर्ट है।



मध्य प्रदेश के भोपाल में पहली बार रात में लू चलने की चेतावनी दी गई है। भोपाल, छिंदवाड़ा, मंडला, नर्मदापुरम, ग्वालियर, रतलाम और छतरपुर समेत 16 जिलों में लू चलने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में 44.4 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। गर्मी को देखते हुए 8वीं तक के स्कूलों का टाइम बदल दिया गया है। झारखंड में भी आज से स्कूलों के समय में बदलाव किया है।

महाराष्ट्र के गोंदिया और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सोमवार को पारा 43 डिग्री दर्ज हुआ। दोनों जिलों में दोपहर 12.30 बजे से 4 बजे तक ट्रैफिक सिग्नल बंद कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को चौराहों पर धूप में खड़ा न रहना पड़े। दोनों ही राज्यों में दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप में काम करने पर रोक लगा दी गई है। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के काम के घंटे बदलकर सुबह 6 से 11 और शाम 4 से 8 बजे कर दिए गए हैं। कंस्ट्रक्शन वर्कर, स्ट्रीट वेंडर भी इसी वक्त काम करेंगे।








### असम में बाढ़, एक की मौत, पूर्वोत्तर में अगले 15 दिन रिकॉर्ड बारिश की संभावना

- असम की राजधानी गुवाहाटी के खानापारा इलाके में 21.59 सेमी बारिश दर्ज की गई। गुवाहाटी में मूसलाधार बारिश के बाद सोमवार को बाढ़ जैसे हालात बन गए, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ और एक महिला की मौत हो गई। हालात को देखते हुए सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं।
- पूर्वोत्तर भारत में अगले 15 दिनों में एशिया में सबसे ज्यादा बारिश होने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और नगालैंड में इस हफ्ते भारी बारिश की आशंका है।
- अनुमान है कि 20 से 22 अप्रैल के बीच कई इलाकों में तेज बारिश होगी, जबकि 23 अप्रैल को थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन 24 अप्रैल से फिर बारिश की तीव्रता बढ़ने के आसार हैं।
- मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र के विदर्भ में रात में भी लू चलने का अलर्ट जारी किया है।

## देश विदेश

### सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-छूने से देवता अपवित्र कैसे होते हैं

**नई दिल्ली।** सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। कोर्ट ने पूछा, मूर्ति छूना ईश्वर का अपमान कैसे हो सकता है और वे अपवित्र कैसे हो जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, 'क्या संविधान उस भक्त की मदद के लिए आगे नहीं आएगा, जिसे केवल उसके वंश और जन्म के कारण देवता को छूने से रोक दिया जाता है।' इस पर सबरीमाला के वकील एडवोकेट वी. गिरी ने कहा किसी भी मंदिर में होने वाले रीति-रिवाज उस धर्म का अभिन्न हिस्सा होते हैं। पूजा देवता की विशेषताओं के उलट नहीं हो सकती। भगवान अयप्पा नैष्ठिक ब्रह्मचारी हैं, इसलिए वहां की परंपराएं उसी के अनुरूप तय की गई हैं।

### खड़गे बोले-मोदी आतंकवादी बाद में कहा- ऐसा नहीं बोला

**कोलकाता/चेन्नई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चेन्नई में मंगलवार को पीएम मोदी को आतंकवादी कह दिया। हालांकि, कुछ देर बाद इस पर सफाई भी दी। उधर, भाजपा ने कहा कि खड़गे को अपने विवादित बयान पर माफी मांगनी चाहिए। खड़गे पहले भी मोदी पर विवादित बयान दे चुके हैं। 2024 में पीएम की तुलना आक्रमणकारी तैमूर लंग से की थी। 2023 में जहरीला सांप और झूठों का सरदार कहा था। बाद में कांग्रेस अध्यक्ष ने सफाई भी थी। कुछ मिनट बाद सफाई भी दी, खड़गे ने कहा- पीएम मोदी लोगों और राजनीतिक पार्टियों को डरा रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वह आतंकवादी हैं। मेरा मतलब है कि मोदी हमेशा धमकी देते हैं।

### शाहरुख खान की फिल्म

### किंग ने रिलीज से पहले 250 करोड़ कमाए



**फिल्म के बजट का आधे से ज्यादा हिस्सा कवर पेन मरुधर ने डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स खरीदे**

**मुंबई।** शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म किंग ने रिलीज से पहले ही 250 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। फिल्म का बजट 400 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। यानी फिल्म का आधे से ज्यादा बजट कवर हो गया। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी पेन मरुधर ने फिल्म किंग के ऑल इंडिया डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स 250 करोड़ रुपए में खरीद लिए। यह इस साल की बड़ी थिएट्रिकल डील्स में से एक मानी जा रही है। बता दें कि पेन मरुधर का शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस के साथ पुराना संबंध रहा है। कंपनी पहले जवान, डंकी, जीरो, बदला और इत्तेफाक जैसी फिल्मों को रिलीज कर चुकी है। ए.ए. फिल्म्स, जियो स्टूडियोज, पीवीआर आईनॉक्स पिक्चर्स, यशराज फिल्म्स और धर्मा प्रोडक्शंस जैसी कंपनियों ने भी फिल्म के डोमेस्टिक राइट्स के लिए बोली लगाई थी। किंग का डायरेक्शन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। किंग क्रिसमस 2026 के दौरान रिलीज होगी, जब जुमांजी, एवेंजर्स: डूम्सडे और ड्यून 3 जैसी हॉलीवुड फिल्में भी रिलीज होंगी। इस कॉम्पिटिशन को देखते हुए, फिल्म के लिए बड़े थिएटर रिलीज की प्लानिंग की जा रही है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, सुहाना खान, अनिल कपूर, अभय वर्मा और अरशद वारसी भी नजर आएंगे। किंग की कहानी एक मेंटर और शिष्य के सफर पर आधारित है, जो कठिन परिस्थितियों में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करते हैं।

### ट्रेन से उतारे गये 167 बच्चों के समर्थन में सामने आई मुस्लिम परिषद

**जबलपुर।** कटनी स्टेशन पर पटना-पूर्णा एक्सप्रेस 167 मुस्लिम बच्चों और उनके 8 शिक्षकों को मानव तस्करी के संदेह में ट्रेन से उतारे जाने का मामला अब राजनीतिक और सामाजिक मुद्दा बन गया है। इस घटना को लेकर मुस्लिम समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने मऊगंज कांग्रेस विधायक राहुल सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बच्चों की तत्काल ससम्मान घर वापसी या मदरसे भेजने की मांग की है। यह घटना 11 अप्रैल 2026 को हुई थी। पटना-पुणे एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 17609) के स्लीपर कोच (एस2, एस3, एस4) में 6 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 167 बच्चे अपने शिक्षकों के साथ यात्रा कर रहे थे।

### जापान दूसरे देशों को घातक हथियार बेचेगा

**टोक्यो।** जापान ने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद अपनी शांतिवादी नीति में बड़ा बदलाव किया है। प्रधानमंत्री साने ताकाइची की कैबिनेट ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगी दशकों पुरानी रोक हटा दी है। इसके तहत अब जापान फाइटर जेट, मिसाइल और वॉरशिप जैसे हथियार दूसरे देशों को बेच सकेगा। मंगलवार को पर पोस्ट करते हुए ताकाइची ने कहा कि अब सभी रक्षा उपकरणों का ट्रांसफर संभव होगा। उन्होंने कहा कि हथियार सिर्फ उन देशों को दिए जाएंगे जो यूएन चार्टर (संविधान) के मुताबिक उनका इस्तेमाल करने का वादा करेंगे। जापान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कई देश जापानी हथियार खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। हाल ही में जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 अरब डॉलर का समझौता हुआ है। इसके तहत मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के लिए 11 में से पहले 3 वॉरशिप बनाएगी।

### बड़वानी में जुलवानिया टोल प्लाजा के पास भीषण हादसा

## टैंकर ने कार को मारी टक्कर, 5 लोगों की मौत

### कार में फंसे लागों को बड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़वानी

बड़वानी में जुलवानिया टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार टैंकर ने कार को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, 2 घायल हैं। सभी बारात में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। हादसे में कार बुरी तरह टूट-फूट गई है। पुलिस इसमें फंसे लोगों को करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद निकाल पाई।



#### डीजल लेकर जुलवानिया से लौट रही थी कार

प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, जलगौन से एक बारात राजपुर आई थी। इसमें शामिल एक गाड़ी का डीजल खत्म हो गया। इसमें सवार युवक दूसरी कार से डीजल लेने जुलवानिया गए थे। लौटते समय टोल प्लाजा के पास खरगोन की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी कार को सामने से टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही जुलवानिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जुलवानिया में भर्ती कराया गया।

#### टैंकर छोड़कर भागा ड्राइवर, तलाश रही पुलिस

हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए तीन लोगों को प्राथमिक इलाज के बाद बड़वानी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद ड्राइवर टैंकर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने टैंकर जब्त कर लिया है। फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

#### इनकी गई जान

सचिन गोकुल वास्कले (25) निवासी पटेलपुरा साकड़, प्रद्युम्न पिता गुलीचंद सहते (25) निवासी सालखेड़ा, पप्पू पिता हीरालाल (29) निवासी लिम्बई, आकाश पिता दयाराम (25) निवासी रालामंडल, यशवंत सुपड़िया (30) निवासी जलगौन।

**ये हुए घायल-** सुरेश मांगीलाल (28) निवासी देवझिरी सोहन झाबर (28) निवासी सालखेड़ा

#### चलती बस में लगी आग यात्रियों ने कूदकर बचाई जान



दैनिक अवन्तिका ▶▶ रायसेन

रायसेन में मंगलवार शाम करीब 4 बजे इंदौर से सागर जा रही एक स्लीपर कोच बस में अचानक आग लग गई। घटना सेहतगंज के पास हुई, जहां बस के अगले हिस्से से लपटें उठती देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका, जिससे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकलने का मौका मिल गया। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। आग लगते ही बस के अंदर तेजी से धुआं भर गया, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। लोग दरवाजे खोलकर तुरंत बाहर निकले और संभावित धमाके के डर से करीब 200 मीटर दूर जाकर खड़े हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग चालक की सीट के नीचे और स्टीयरिंग के पास से शुरू हुई। शुरुआती जांच में बस की बैटरी में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है।

### पहलगाम हमले की पहली बरसी बैसरन घाटी घटना के बाद से ही बंद

#### सेना बोली- जो हदें लांघेगा उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा



एजेंसी ▶▶ पहलगाम

पहलगाम हमले की 22 अप्रैल को पहली बरसी है। कश्मीर के सभी टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा है। श्रीनगर से करीब 95 किमी दूर बैसरन घाटी में 22 अप्रैल 2025 को 26 लोगों को आतंकियों ने गोलियों से भून दिया था। तब से यह घाटी बंद है।

बैसरन घाटी में किसी को भी एक तय सीमा से आगे जाने की इजाजत नहीं है। पहलगाम के दूसरे टूरिस्ट स्पॉट बेताब वैली और चंदनवाड़ी तक जाने पर फिलहाल रोक नहीं है।

पर्यटक पहले से 30-40% तक सिमट गए हैं। स्थानीय लोगों में गुस्सा है कि वैली को क्यों नहीं खोला जा रहा। आखिर उनका क्या कसूर है, जो आने वाले सैलानियों पर पाबंदियां लगा दीं।

इधर, भारतीय सेना ने मंगलवार को अपने हैंडल पर एक पोस्ट किया है, जिसमें आतंकियों और उनके रहनुमाओं को चेतावनी दी है। पोस्ट के साथ जारी तस्वीर में सिंदूर और भारत का नक्शा दिखाया गया है, जिसकी थीम ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी है। सेना ने लिखा- कुछ हदें कभी नहीं लांघनी चाहिए। भारत कुछ नहीं भूला। जब इंसानियत की हदें पार की जाती हैं, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। न्याय हो चुका है। भारत एकजुट है।

पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए इंडियन एयरफोर्स ने 6-7 मई 2025 की आधी रात 1.05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की। सिर्फ 25 मिनट चले ऑपरेशन में 7 शहरों में 9 आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया।

## केरल में पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट से 13 की मौत, कई लोग झुलसे

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर

केरल के त्रिशूर जिले में मंगलवार को पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग झुलस गए। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, मौके से 5 शव मिले, जबकि 3 लोगों के शरीर के हिस्से बरामद हुए। हादसे के समय शेड में करीब 40 लोगों के मौजूद होने की आशंका है।

धमाका दोपहर करीब 3.30 बजे हुआ। फायर ब्रिगेड, पुलिस और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन रुक-रुक कर विस्फोट होने से रेस्क्यू में दिक्कत आई। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं। जरूरत पड़ने पर बाहर से विशेषज्ञ डॉक्टर बुलाने को कहा गया है।



### मैंने ईरान में सत्ता बदल दी : ट्रम्प

एजेंसी ▶▶ तेहरान/वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने ईरान में सत्ता बदल दी है। उन्होंने कहा कि भले ही उन्होंने पहले ऐसा करने की बात नहीं कही थी, लेकिन अब वहां रेजीम चेंज हो चुका है। ट्रम्प ने कहा कि मौजूदा हालात में अमेरिका और ईरान के बीच जल्द एक बड़ी डील हो सकती है। उनके मुताबिक, ईरान के पास समझौता करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। इस बीच अमेरिका से संभावित बातचीत के लिए ईरानी डेलिगेशन के पाकिस्तान पहुंचने को लेकर सस्पेंस बना हुआ है।

## मांगलिया तेल डिपो के सामने लगी आग

### दूर से देखी गई आग की लपटें, डिपो के आसपास के पूरे रास्ते को बंद कराया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मांगलिया स्थित तेल डिपो के ठीक सामने मंगलवार दोपहर एक भीषण आगजनी की घटना घटित हुई। सात्विक विहार के सामने लगी इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी भयानक है कि इसकी लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही हैं और इसने आसपास स्थित दुकानों और घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया है।

मांगलिया डिपो क्षेत्र में हजारों लीटर पेट्रोल और डीजल का स्टॉक रहता है, जिसके कारण प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम बेहद सतर्कता बरत रही है। आग लगने के बाद पिछले एक घंटे से दमकल विभाग की टीमें निरंतर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। सुरक्षा की दृष्टि से डिपो के आसपास के पूरे रास्ते को बंद कर दिया गया है। घटना के कारण मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह से रुक गया है। प्रशासन ने तेल से भरे उन टैंकरों को भी डिपो के बाहर ही रोक दिया है जो अंदर जाने या बाहर निकलने वाले थे। टैंकरों की कतार लगने और आग के फैलाव को देखते हुए क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है।



## गुजरात में दो संदिग्ध आतंकी पकड़े गए

### सोशल मीडिया से भर्ती कर नेटवर्क बना रहे थे, आईएसआईएस से जुड़े होने के सबूत मिले

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात एटीएस ने एंटी-नेशनल साजिश रच रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक, ये आरोपी सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर देश में गजवा-ए-हिंद स्थापित करने की साजिश रच रहे थे। एएनआई के अनुसार, दोनों आरोपियों को 11 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

एटीएस ने बताया कि पहला आरोपी इरफान कालेखान पठान (22) पाटन जिले के सिद्धपुर का रहने वाला है। वह हथियार जुटाने और विस्फोटक बनाने की तैयारी कर रहा था। इसके साथ ही वह देश-विदेश में लोगों को जिहाद के लिए भर्ती करने और नेटवर्क खड़ा करने की कोशिश कर रहा था।



इसी दौरान एटीएस ने जांच में पाया कि आरोपी सोशल मीडिया और इंटरनेट के जरिए अपनी गतिविधियां चला रहा था। तकनीकी और खुफिया इनपुट के आधार पर उसकी पहचान की गई और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

उसके मोबाइल से मिले डेटा में उसके आईएसआईएस से जुड़े संदिग्ध लोगों और अन्य कट्टरपंथी तत्वों से संपर्क के सबूत मिले हैं। वह व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए बातचीत कर रहा था।

एटीएस के मुताबिक, आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर राजनीतिक नेताओं, आरएसएस से जुड़े लोगों और अन्य व्यक्तियों को निशाना बनाने की योजना बना रहा था। इसका मकसद डर फैलाना और अपनी कट्टरपंथी सोच को लागू करना था।

इसके अलावा योजना में अलग-अलग राज्यों से लोगों को जोड़ना, उन्हें हथियार चलाने और विस्फोटक बनाने की ट्रेनिंग देना, आतंकी संगठनों से संपर्क बनाना और विदेश से हथियार मंगाना शामिल था। इसके लिए फंड जुटाने की भी तैयारी की जा रही थी। इन सभी तथ्यों के आधार पर एटीएस पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया। इसके बाद इरफान पठान को गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की जांच शुरू की गई।

#### मुंबई से बिरयानी कारोबारी गिरफ्तार

मुंबई के साकीनाका निवासी मुर्शिद जाहिद अख्तर शेख भी इस साजिश में शामिल पाया गया। वह चिकन बिरयानी का कारोबार करता है।
एटीएस टीम ने महाराष्ट्र पुलिस की मदद से मुर्शिद शेख को हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए गुजरात लाए। पूछताछ के दौरान उसके मोबाइल से आपत्तिजनक सामग्री और इरफान पठान के साथ साजिश से जुड़े चैट मिले।
इसके बाद मुर्शिद शेख को भी इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। एटीएस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

### खालिस्तानी समर्थक सांसद अमृतपाल की गिरफ्तारी की तैयारी

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

पंजाब के खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी को लेकर हलचल तेज हो गई है। पंजाब पुलिस की एक विशेष टीम असम के डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल पहुंच चुकी है, जहां अमृतपाल सिंह फिलहाल नेशनल सिक्यूरिटी एक्ट यानी के तहत बंद हैं।

खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह की एनएसए हिरासत 22 अप्रैल को समाप्त हो रही है। सूत्रों के अनुसार जैसे ही उनकी नजरबंदी खत्म होगी उन्हें अजनाला थाने पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार करके स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से रिमांड लिया जाएगा। इसके बाद मुकदमे की कार्रवाई शुरू होने की संभावना है।

#### अप्रैल 2023 में किया था अमृतपाल को गिरफ्तार



अमृतपाल सिंह को अप्रैल, 2023 में मोगा के रोड़े गांव से गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले फरवरी 2023 में अजनाला पुलिस थाने पर हमले का मामला सामने आया था, जहां वे अपने समर्थकों के साथ मिलकर बैरिकेड्स तोड़कर दाखिल हुए थे और एक साथी को छुड़ाने के लिए पुलिस से झड़प भी हुई थी।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## टंकी है तो मिल क्यों नहीं रही

शहर में खाद्य गैस के लिए जिधर देखो उधर लाइनें लग रही है। एजेंसी के बाहर से लेकर गोदाम तक और वहां से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन पाइंट तक यही हाल कायम हो रहे हैं। नियमों के तहत उपभोक्ता से बात की जा रही है। बराबर उसके दिन गिने जा रहे हैं और उसके बाद भी सप्लाय में अधिक दिन लगाकर टंकी दी जा रही है। उपभोक्ता के घर तक टंकी नहीं पहुंचाई जा रही है उससे बराबर इसका चार्ज लिया जा रहा है। उपभोक्ता को टंकी लाने ले जाने के लिए आटो टैक्सी का सहारा लेना पड़ रहा है जिससे उसे अतिरिक्त व्यय करना पड़ रहा है। उपभोक्ता बराबर सवाल उठा रहे हैं कि उपलब्धता को लेकर जिला स्तर से कहा जाता है कि पर्याप्त सप्लाय मिल रहा है तो फिर वो कहां जा रहा है। लाइनें लगाने की नौबत क्यों बराबर बनी हुई है। दबी जुबान में एजेंसी वालों का भी कहना है कि इससे उपभोक्ता हम पर शक कर रहे हैं। रोज उपभोक्ताओं से चिक-चिक की स्थिति बन रही है।




प्रतिदिन विवाद के हाल होना आम हो गया है। खास तो यह है कि इस पूरे मामले पर उपभोक्ता बराबर परेशान हो रहा है और जैसे-तैसे अपनी व्यवस्था को अंजाम दे रहा है। इसके लिए वह जुगाड़ भी लगा रहा है। जुगाड़ पूरे ढाई की पड़ रही है। जो कि घरेलू उपभोक्ता के लिए करीब ढाई गुना ही है। इस पर भी कुछ उपभोक्ता ढाई की जुगाड़ जमा रहे हैं और बराबर उनका काम हो रहा है। खुसूर-फुसूर है कि उपलब्धता को लेकर आम उपभोक्ता भी भ्रमित है। नियमों के दायरे में उपलब्धता का पेंच है। जैसे 25 दिन बाद ही नंबर लगना। ये सब हाईटेक है। इसमें एजेंसियों का काम मात्र नंबर लगाना और सप्लाय करना है। ये बात अलग है कि उपभोक्ता नियमों के पेंच की नासमझी में सवाल खड़े कर रहा है।

## न्यूज कॉलम

### जीएसटी पोर्टल की दिक्कतें बढ़ीं थ्री-बी की समय-सीमा भी बढ़ाएं

**उज्जैन।** मार्च माह का जीएसटीआर थ्री-बी रिटर्न जमा करने के दौरान जीएसटी पोर्टल पर लगातार तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। करदाता के साथ ही कर सलाहकार भी परेशान हैं। टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने बताया कि चालान बनने में अड़चन आ रही है। पोर्टल बार-बार रुक रहा है। लॉग-इन में त्रुटि आ रही है। सबमिशन में भी दिक्कत है। समय पर रिटर्न फाइल करना कठिन हो गया है। संगठन ने शासन से मांग की है कि व्यावहारिक परेशानी को देखते हुए मार्च के थ्री-बी रिटर्न की अंतिम तिथि तत्काल बढ़ाई जाए। संगठन के अनुसार मार्च का रिटर्न पूरे वित्तीय वर्ष का अंतिम समायोजन होता है। इसी से कर देयता का अंतिम निर्धारण होता है और सरकार को राजस्व भुगतान होता है। कर विभाग की ओर से रिटर्न समय पर जमा कराने का दबाव बना हुआ है। जमीनी स्थिति अलग है। पोर्टल लगातार तकनीकी विफलताओं से जूझ रहा है। कर पेशेवरों ने कहा कि पोर्टल शुरू हुए करीब आठ वर्ष हो चुके हैं। महत्वपूर्ण तिथियों पर यह प्रणाली बार-बार बाधित हो जाती है। टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसो. ने बताया कि फिलहाल कई करदाताओं के चालान जनरेट नहीं हो पा रहे हैं। रिटर्न फाइल करने में भी देरी हो रही है। कई मामलों में डेटा स्वतः दर्ज नहीं हो रहा है। मिलान का काम प्रभावित हो रहा है। संगठन के सचिव प्रसून भवालकर ने उज्जैन संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर स्थिति से अवगत कराया।

### हरिफाटक से इंदिरा नगर तक चौड़ीकरण में प्रभावित व्यापारी

**उज्जैन।** इंदिरा नगर चौराहा से हरिफाटक तक के व्यापारी और रहवासी अपनी दुकानों और मकानों पर प्रस्तावित कार्रवाई के विरोध में सोमवार सुबह 7 बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंच गए। करीब एक घंटे इंतजार के बाद प्रभावितों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। प्रशासन की ओर से मकानों और दुकानों पर तोड़फोड़ के लिए खींची गई लाल लकीरों पर चिंता जताते हुए आपत्ति दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल में अजीत मंगलम, बंटू यादव, सुनील जैन, सफू भाई, जाहिद अली बंदूक वाला, श्याम यादव, हेमंत जैन आदि शामिल थे। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों की बातें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को पूरी योजना पर पुनर्विचार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि योजना आगे बढ़ी तो प्रभावितों को उचित मुआवजा मिलेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी सरकारी जमीन तलाश करें, जहां प्रभावितों को दुकान उपलब्ध कराई जा सके। सड़क की चौड़ाई घटाई जाए। नुकसान न्यूनतम रखा जाए। मुख्यमंत्री के मौखिक आश्वासन के बाद भी व्यापारियों ने संदेह जताया और लिखित गारंटी मांगी। कहा- पहले भी तकनीकी कारण बताकर कार्रवाई होती रही है। इसलिए ठोस लिखित आश्वासन जरूरी है। प्रतिनिधिमंडल ने यह मुद्दा भी उठाया कि रेलवे और बस स्टैंड की सरकारी जमीन शहर में उपलब्ध है फिर रिहायशी और व्यावसायिक इलाकों को तोड़ने की स्थिति क्यों बनाई जा रही है। प्रशासन के इस प्रोजेक्ट से शहर के करीब 3000 परिवारों के रोजगार और आवास पर असर पड़ने की बात कही जा रही है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी, किसी दुकान या मकान पर कार्रवाई हुई तो आंदोलन मुख्यमंत्री आवास से निकलकर उज्जैन की सड़कों तक फैलाया जाएगा। प्रभावितों की नजरें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं।

### समर्थन मूल्य पर फसल बेचने को लेकर किसान बार-बार परेशान

# सैटेलाइट सर्वे में उलझा किसानों का पंजीयन

## केंद्र एवं मंडी फसल ले जाने की बजाय तहसीलों के चक्कर लगाने को मजबूर, औने-पौने दाम में बेच रहे फसल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। किसान गेहूं बेचने के लिए मंडी के बजाय तहसीलों के चक्कर लगा रहे हैं। यह वे किसान हैं, जिनके खेतों का सैटेलाइट सर्वे होना है। यह जिम्मा राजस्व विभाग का है। पटवारी, आरआई को निर्देश दिए जा चुके हैं कि वे सर्वे पूरा कर लें, लेकिन सर्वे करने में लगातार देरी की जा रही है। यदि जरा सा भी डेटा मिसमैच हो रहा है तो वह पुनर्सत्यापन में चला जाता है। सर्वे पूरा नहीं होने के कारण किसान पंजीयन के लिए जाता है तो उसका पंजीयन नहीं हो पा रहा है। किसानों ने बताया कि तहसील में जवाब दिया जाता है कि पुनरीक्षण होना है, इसलिए अटका है।



सैटेलाइट सर्वे में वे किसान उलझे हुए हैं, जिनके पास दो एकड़ से अधिक जमीन है। इस मामले में खाद्य विभाग से जानकारी ली तो पता चला कि मप्र में कलेक्टरों की जांच में करीब 45 हजार खसरे ऐसे सामने आए हैं, जिनमें कोई निर्माण हो चुका है। मंदिर है, मकान हैं या अन्य कोई शेड है। वहीं ऐसे भी खसरे सामने आए हैं, जिनमें नदी, तालाब आ चुके हैं। ऐसे खसरों का पुर्नसत्यापन कराया जा रहा है। इसलिए सर्वे में देरी हो रही है। हालांकि पहले भी दो बार सर्वे हो चुका है। सर्वे से जुड़े पटवारियों ने बताया कि जब गिरदावरी जमा की गई थी, तब पहला सर्वे हुआ था और दूसरी बार फसल कटने पर।

### मजबूरी में औने-पौने दाम में बेच रहे फसल

इस संबंध में किसान जब कृषि विभाग जानकारी ले रहा है तो उन्हें कहा जा रहा है कि यह राजस्व का काम है। राजस्व से जानकारी लेने पर कहा जा रहा हैं कि डेटा कृषि विभाग को भेजा जा चुका है। इसके चलते किसान मात्र चक्कर खा रहा है। किसानों का आरोप है कि इस सरकारी लेतलाली से किसान औने-पौने दामों में अपनी उपज बाहर बाजार में बेचने के लिए मजबूर हो गया है।

### सोसायटियों में सर्वर डाउन की समस्या

प्रदेश के सभी जिलों में सहकारी समितियों को 13 के अप्रैल को जारी निर्देश में कहा गया है कि बिना स्लॉट बुक कोई तुलाई नहीं करें। इसे लेकर जब किसान पंजीयन के लिए सोसायटी जाते हैं तो वहां बार-बार सर्वर डाउन की समस्या सामने आ जाती है। इसके चलते घंटों किसान परेशान हो रहे हैं। उन्हें सोसायटियों में कोई पर्याप्त एवं संतुष्टिकारक जवाब नहीं मिल रहा है। वहां एक रटारटाया जवाब दिया जा रहा है कि ऊपर से ही सर्वर डाउन चल रहा है।

### नियमों का पालन करें अन्यथा वाहन लायसेंस नवीनीकरण होने में आ जाएगी परेशानी

# लालबत्ती झेबरा क्रॉसिंग का नियम तोड़ना पड़ेगा महंगा

## वाहन चालान की हिस्ट्री से लायसेंस नवीनीकरण में बन सकती है बाधा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अगर आप वाहन चालन करते समय बराबर लाल बत्ती एवं झेबरा क्रासिंग सहित परिवहन के नियमों की अनदेखी कर रहे हैं जान बुझकर नियमों को तोड़ रहे हैं तो सतर्क हो जाएं। लायसेंस नवीनीकरण के समय आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उस दौरान आपके वाहन चालन का रेकॉर्ड सामने आने पर आपको शोकाज नोटिस मिल सकता है उसका जवाब देना पड़ सकता है। संबंधित अथारिटी लायसेंस निलंबित एवं निरस्त भी कर सकती है।

यातायात नियमों का पालन करना आपकी और दूसरे ड्राइवर की जान बचा सकता है। दूसरी ओर, यातायात नियमों का पालन नहीं करना न केवल आपकी व अन्य किसी की जान जोखिम में डालेगा, बल्कि अब आपका ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण नहीं होने देगा। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की नई गाइडलाइन में यह प्रावधान किया गया है।



### लायसेंस के लिए ये है नए प्रावधानों में

नए नियमों के अनुसार व्हीकल ऑनर्स की चालान हिस्ट्री रिपोर्ट के आधार पर ही ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू होगा। तीन बार से ज्यादा दंडात्मक कार्रवाई की स्थिति में रिन्यू लायसेंस नहीं मिलेगा। वाहनों की बीमा में भी इसी प्रकार की सख्ती दिखाई गई है। अब बगैर थर्ड पार्टी बीमा के कोई भी गाड़ी नहीं चला सकेंगे। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने नई गाइडलाइन भेजी है। इसके तहत 15 साल पुरानी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण एवं ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण करते वक्त व्हीकल ऑनर्स की चालान हिस्ट्री रिपोर्ट देखी जाएगी। प्रदेश में भी इसका पालन किया जा रहा है। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की नई गाइडलाइन के अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस अब हर हाल में व्हीकल ऑनर्स की चालान हिस्ट्री रिपोर्ट के आधार पर ही बनाया जाएगा। इसमें सख्त प्रावधान है कि यदि तीन बार से ज्यादा दंडात्मक कार्रवाई दर्ज पाई गई तो लायसेंस रिन्यु नहीं होगा।

### थर्ड पार्टी बीमा के बगैर नहीं चला सकेंगे वाहन

इसी प्रकार सड़क पर अब बगैर थर्ड पार्टी बीमा कोई भी गाड़ी संचालित नहीं की जा सकेगी। दो पहिया एवं चार पहिया गाड़ियों को शोरुम से खरीदने के 3 साल बाद व्हीकल ऑनर्स को थर्ड पार्टी बीमा करवाना अनिवार्य है। दुर्घटना की स्थिति में थर्ड पार्टी बीमा ही घायल या मृतक को अदालत द्वारा निर्धारित मुआवजा दिलाने में सहायक साबित होता है।

### 61 प्रमुख संशोधन

सडक सुरक्षा और बेहतर निगरानी के उद्देश्य से विभाग ने 61 प्रमुख संशोधनों की तैयारी की है।

प्रस्तावित बदलावों के अनुसार, अब बिना बीमा वाले वाहनों को जब्त करने का अधिकार परिवहन उड़नदस्ते को मिलेगा। नियम उल्लंघन और जुर्माना लंबित होने की स्थिति में आरसी को निलंबित किया जा सकेगा। वाहन खरीद की तारीख से ही पंजीकरण की वैधता मानी जाएगी।

-पूर्व से ही गाइड-लाइन आ चुकी है। इस पर काम चल रहा है। इसमें अधिकारी ने अगर 3 बार चालान किया है और दंडात्मक स्थिति रही है तो ऐसे वाहन चालकों को परिवहन एक्ट के सेक्शन 19,20 में शोकाज नोटिस का जवाब लेकर ही लायसेंस नवीनीकरण किया जाता है। लायसेंस निलंबित एवं निरस्त के अधिकार संबंधित अथारिटी को हैं।

**-संतोष मालवीय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, उज्जैन**

# अभिनेता अनुपम खेर, शुभांगी दत्त और गायक निंजा उज्जैन पहुंचे

## बाबा महाकाल के किए दर्शन, आरती में शामिल होकर आशीर्वाद लिया





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अनुपम खेर, फिल्म अभिनेत्री शुभांगी दत्त और पंजाबी गायक अमित भल्ला मंगलवार को महाकाल मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में आयोजित आरतियों में शामिल होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया।

अभिनेता अनुपम खेर और अभिनेत्री शुभांगी दत्त भोग आरती में शामिल हुए, जबकि निंजा के नाम से मशहूर पंजाबी सिंगर और अभिनेता अमित भल्ला तड़के 4 बजे होने वाली भस्म आरती में शामिल हुए।

### देर रात पहुंचे थे उज्जैन

अमित भल्ला रात करीब 2 बजे महाकाल मंदिर पहुंचे और करीब दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती में शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने नंदी जी का पूजन कर कान में अपनी मनोकामना भी कही। वहीं, अनुपम खेर और शुभांगी दत्त ने भोग आरती में शामिल होने के बाद मंदिर परिसर के अन्य मंदिरों में दर्शन किए। अनुपम खेर ने कहा कि मंदिर में आकर बहुत सुखद अनुभूति हुई। मंदिर समिति अच्छा कार्य कर रही है और बाबा महाकाल के दरबार में आत्मा शुद्ध हो जाती है। अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने कहा कि वह पहली बार महाकाल मंदिर आई हैं और भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेना चाहती थीं।

# नया प्याज सस्ता, किसानों को नहीं मिल रहे सही भाव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गर्मी वाला नेफेड प्याज मंडी में बिकने आने लगा है। 15 दिन बाद इसकी भरपूर आवक होने लगेगी। शुरूआती दौर में किसानों को भाव कम मिल रहे है। इस साल बारिश से प्याज साइज में छोटा रह गया। किसान भी इस साल प्याज सीजन में ही बेचने का फैसला कर चुके हैं। प्याज रोकने में किसानों को गत वर्ष बड़ा नुकसान लगा था, क्योंकि भाव नहीं मिले थे। दो से चार रुपए किलो के भाव रह गए थे।

प्याज के थोक कारोबारी विनोद सिद्धवानी ने बताया गर्मी का प्याज नेफेड आ रहा है। भाव गत वर्ष वाले ही चल रहे हैं, लेकिन क्वालिटी खराब होने की खबर से बड़ा प्याज आवक में दिखाई नहीं देता है। युद्ध के हालात अभी भी साफ नहीं होने से भेजा गया प्याज रास्ते में अटक चुका है। अगर विश्व स्तर पर समुद्री रास्ते चालू रहे तो प्याज के भाव में अच्छी तेजी आ सकती है। उज्जैन मंडी में 3000 से 4000 कट्टे की आवक चल रही है। किसान कमल पटेल ने बताया प्याज की पैदावार इस बार कम मिल रही है और भाव भी कोई खास नहीं है। इस बार प्याज का स्टाक नहीं करेंगे। किसानों को फसल की सही मार्केटिंग नहीं मिलने से नुकसान वाले भाव मिलते हैं। कारोबारियों के अनुसार इस समय प्याज बिहार अधिक पहुंच रहा है। 2 से 3 ट्रक प्याज के रोज पहुंच रहे हैं। लोकल में भी बिक्री अच्छी चल रही है। वर्षभर का इकट्ठा प्याज खरीदने वाले अगले माह अर्थात मई माह में खरीदी शुरू कर देंगे।

# परशुराम जयंती पर निकाला भव्य चल समारोह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित 20 अप्रैल 026 को सायं काल 6 बजे सावन भादो मंदिर पीएचई ऑफिस चामुंडा माता चौराहा उज्जैन से अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भगवान परशुराम एवं जगत गुरु शंकराचार्य के रथों के पूजन के साथ भव्य चल समारोह निकला जो देवास गेट मालीपुरा दौलतगंज चौराहा नई सड़क फव्वारा चौक होते हुए औदिच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला क्षीरसागर पर भगवान परशुराम स्नेह भोज के साथ समापन हुआ पूजन अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी महामंत्री तरुण उपाध्याय पं. हेमंत व्यास, पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, जन अभियान परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप पांडे, कर्मचारी कल्याण समिति पूर्व अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा चंद्रशेखर, वशिष्ठ विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, पूर्व नगर अध्यक्ष विवेक जोशी पूर्व, अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी, महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज, श्रीराम कथा व्यास सुलभ सांतु गुरु, नीलेशानंद महाराज, योगेश शर्मा चुन्नू, पंडित जियालाल शर्मा, राजेंद्र गुरु शर्मा, रवि शुक्ला, मुकेश त्रिवेदी, कमलेश पंचोली, लव मेहता, शैलेश दुबे जगदीश शर्मा, महेंद्र शर्मा, गणेश शर्मा पुजारी चिंतामण, शैलेंद्र द्विवेदी, दिनेश रावल, मुकेश जोशी, शैलेंद्र व्यास मुस्कुराके, अरविंद जोशी, अरुण शर्मा, सुरेश शुक्ला, अरुण मेहता, अमित मिश्रा, धनंजय शर्मा, रामेश्वर दुबे, राकेश शर्मा, रामेश्वर जोशी, डॉ. घनश्याम शर्मा, रमाकांत शर्मा, हेमंत उपाध्याय, आईसी दुबे, कृपा शंकर पांडे, डॉ. संतोष कुमार पंड्या, वीरेंद्र त्रिवेदी, आचार्य गौरव उपाध्याय, यश जोशी, मुकेश जोशी, यशवंत व्यास, अर्पित दुबे, लोकेंद्र व्यास, दीपक शर्मा, चम्मू उपाध्याय, शिवनारायण शर्मा, सतीश शर्मा, अभिजीत दुबे, मनीष उपाध्याय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### आगामी सिंहस्थ 2028 को देखते हुए सिंहस्थ क्षेत्र में अवैध निर्माण पर निगम की कार्रवाई

# चार मकान तोड़े, तीन को खाली करने के लिए दो दिन का समय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में आगामी सिंहस्थ 2028 को देखते हुए नगर निगम ने प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध निर्माण पर कार्रवाई की। मंगलवार को निगम ने चार निमार्णाधीन मकानों को तोड़ दिया, जबकि तीन मकान मालिकों को दो दिन में निर्माण हटाने का समय दिया गया है।

नगर निगम के जोन क्रमांक-1 के सिंहस्थ क्षेत्र में उन्हेल नाके के पास कई लोगों ने बिना अनुमति निर्माण कर लिया था। कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य जारी भी था, जिस पर निगम ने कार्रवाई की।



**जेसीबी से तोड़े गए निर्माण-** नगर निगम की रिमूवल गैंग ने पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण ध्वस्त किए। जिन मकानों में अभी छत नहीं डली थी, ऐसे चार निर्माण गिराए गए।

### तीन मकान मालिकों को मिला समय

- तीन मकानों में रहने वाले लोगों ने घर खाली करने के लिए समय मांगा। इस पर निगम ने उन्हें दो दिन का समय दिया है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- उपायुक्त ने कहा कि सिंहस्थ मेले के लिए क्षेत्र खाली रखना जरूरी है। सभी लोगों से अपील की गई है कि कोई भी अवैध निर्माण न करें।

अष्टम पुण्य स्मरण



स्व. राम भैया यादव
स्वर्गवास- 22 अप्रैल 2018
वरिष्ठ समाज सेवी एवं कुश्ती जगत की जानी मानी शख्सियत
पुष्पांजलि - स्थान : होटल अजय, उज्जैन
श्रद्धावनत्
अजय यादव, चेतन यादव, समस्त यादव परिवार एवं स्नेहीजन, होटल अजय, उज्जैन

## न्यूज ब्रीफ

### बगैर चिकित्सक संचालित अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन की गई सील

इंदौर। इंदौर में बगैर चिकित्सक के संचालित एक अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन को सील किया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार की गई। यह मशीन पीसी डायग्नोस्टिक सॉल्यूशन की थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि पी सी डायग्नोस्टिक सॉल्यूशन सर्वहारा नगर का एक टीम बनाकर निरीक्षण कराया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि क्लिनिक पर केवल 01 चिकित्सक डॉ. रिंकू मीणा एमडी रेडियोलॉजिस्ट पंजीकृत थे, किन्तु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अवलोकन करने पर पाया गया कि डॉ. रिंकू मीणा बंधपत्र चिकित्सक है। वर्तमान में वह एमवाय चिकित्सालय में कार्यरत है।

### इंदौर में ऐसा कोई नेता नहीं, जिसके लिए ट्रैफिक रोका जाए

**इंदौर।** जीरो ट्रैफिक प्रोटोकॉल नाम की कोई चीज होती ही नहीं है। शहर में कोई भी नेता ऐसा नहीं जिसके लिए ट्रैफिक रोका जाए। यातायात विभाग वीआईपी मूवमेंट के वक्त कुछ समय के लिए ट्रैफिक जरूर रोकता है, लेकिन इसे तुरंत बहाल कर दिया जाता है। प्रभारी डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी ने यह बात शहर के बदहाल यातायात को लेकर हाई कोर्ट में चल रही याचिकाओं की सुनवाई के दौरान कही। इस पर कोर्ट ने कहा कि बदहाल यातायात से हम खुद परेशान हैं। यू-टर्न लेते समय डर लगता है कि कहीं दोपहिया वाहन न टकरा जाए। प्रमुख सचिव (गृह) को शहर में यातायात पुलिसकर्मियों के रिक्त 237 पदों पर नियुक्ति के बारे में विचार करना चाहिए।

### इंदौर में 30 करोड़ की शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त

**इंदौर।** इंदौर जिले में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी है। इस क्रम में आज जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बेशकीमती शासकीय जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में प्रशासनिक अमले द्वारा ग्राम खजराना क्षेत्र में कार्रवाई की गई। एसडीएम जूनी इंदौर श्री घनश्याम धनगर ने बताया कि शासकीय सीलिंग की भूमि, खसरा क्रमांक 442/1, क्षेत्रफल लगभग 30,000 वर्गफीट पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान यहां निर्मित कुल 12 मकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। बताया गया कि मुक्त कराई गई भूमि का बाजार मूल्य लगभग 30 करोड़ रुपए है। कार्रवाई के दौरान एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई, तहसीलदार राकेश सस्तिया सहित श्री कमलेश कुशवाह, श्री अशोक परमार, थाना प्रभारी श्री मनोज संधव, रिमूवल अधिकारी श्री बबलू कल्याणे तथा राजस्व, पुलिस और नगर निगम का अमला मौके पर उपस्थित रहा।

### स्टेज कैरिज परमिट पर संचालित 15 वर्ष से अधिक पुरानी बसों पर कार्यवाही

**इंदौर।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा स्टेज कैरिज परमिट पर संचालित पुरानी यात्री बसों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। बताया गया कि वर्ष 2025 में स्टेज कैरिज परमिट पर संचालित वर्ष 2010 एवं उससे पूर्व के मॉडल की यात्री बसों के संबंध में वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किए गए थे। इनमें से 136 वाहन स्वामियों द्वारा निर्धारित समयावधि में वाहनों का प्रतिस्थापन नहीं किए जाने के कारण उनके स्थायी परमिट निरस्त कर दिए गए तथा संबंधित वाहन स्वामियों को सूचित किया गया। उच्च न्यायालय द्वारा वाहन की आयु की गणना पंजीयन दिनांक से किए जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में विगत 02 जनवरी 2026 को वर्ष 2011 मॉडल की 136 बसों के स्वामियों को उनके स्थायी परमिट पर नवीन मॉडल के वाहनों का प्रतिस्थापन कराने हेतु नोटिस जारी किए गए।

### विशेष प्रतिवेदक की बैठक सम्पन्न, मानवाधिकार मुद्दों की समीक्षा

**इंदौर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के विशेष प्रतिवेदक सुभाष चन्द्रा के इंदौर दौरे के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सीमा कनेश सहित वरिष्ठ अधिकारियों और संबंधित विभागों महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी नगर निगम आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान विशेष प्रतिवेदक सुभाष चन्द्रा ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सामुदायिक वन अधिकार, जनजातीय वर्ग के कल्याण और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि मानवाधिकारों से जुड़े सभी मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। बताया गया कि दौरे के दौरान विशेष प्रतिवेदक द्वारा जेलों एवं जुवेनाइल होम सहित आंगनवाड़ी केंद्रों, महिला आश्रय गृहों, अनाथालयों तथा दिव्यांगजन, वृद्धजन, ट्रांसजेंडर और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित संस्थाओं का निरीक्षण भी किया जाएगा।

# मप्र के निजी स्कूलों में आरटीई का मखौल

## इंदौर में 8 गरीब मेधावी बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शिक्षा का अधिकार के तहत गरीब बच्चों को निजी स्कूल विभिन्न प्रकार के बहाने बनाकर पहले तो एडमिशन नहीं देते और अगर मजबूरी में दे दिया भी देते हैं तो कोई न कोई बहाना बनाकर बाहर कर दिया जाता है। ऐसे ही 8 मेधावी छात्रों को 2017 में जारी आरटीई के सिलेक्शन के आधार पर इंदौर के एक निजी स्कूल में केजी-1 कक्षा में प्रवेश मिला था। इसके बाद इन छात्रों ने कक्षा चौथी तक यहीं पढ़ाई की, लेकिन चौथी कक्षा पास करते ही स्कूल ने 5वीं कक्षा की मान्यता नहीं होने के नाम पर अचानक सभी बच्चों को टीसी देकर स्कूल से निकाल दिया।

**बच्चों का एक साल हुआ खराब-** इसके बावजूद बाद परिजनों ने हवाला दिया कि यदि संबंधित स्कूलों में मान्यता नहीं है तो राइट टू एजुकेशन के तहत धारा 5 में इन बच्चों को अन्य स्कूलों में शिफ्ट किया जा सकता है लेकिन इस मामले में भी इंदौर जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग ने सुनवाई नहीं की। नतीजतन इन बच्चों का 1 साल जीरो ईयर के रूप में बर्बाद हो गया। आरटीई के तहत प्रवेश पाने वाले बच्चों को स्कूल से निकलने के मामले मे परिजनों ने मामले की शिकायत बाल आयोग से की।

### निजी स्कूल ने बहाना बनाकर बच्चों को निकाला




बच्चों को निकालने के पीछे स्कूल प्रबंधन का कहना था कि उनका स्कूल कक्षा चौथी तक ही संचालित है, जबकि कक्षा 5वीं से 12वीं तक जो स्कूल है, उसकी मान्यता अलग है। परेशान बच्चों के परिजनों ने जब स्कूल के बारे में जानकारी निकाली तो पता चला कक्षा 5 वीं से 12वीं तक इस बिल्डिंग में स्कूल संचालित है, जहां बच्चों की फीस भारी भरकम है। पीड़ित परिजनों ने इसके बाद मामले की शिकायत स्कूल शिक्षा विभाग के डीपीसी, बीआरसी समेत अन्य अधिकारियों से की लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### शिक्षा विभाग के आला अफसरों को नोटिस

बाल आयोग ने इस मामले में एक समिति गठित करके पूरे मामले की जांच शुरू की लेकिन आयोग के जांच दल ने स्कूल के पक्ष में रिपोर्ट दी. इसके बाद परिजनों ने स्कूल के वीडियो बनाकर आयोग को भेजे. लेकिन फिर भी आयोग ने संज्ञान नहीं लिया. परेशान होकर परिजनों ने बाल आयोग को भी पार्टी बनाते हुए इस मामले की फरियाद हाई कोर्ट में की. अब हाई कोर्ट ने प्रमुख सचिव। स्कूल शिक्षा विभाग। आयुक्त- स्कूल शिक्षा विभाग। जिला कलेक्टर इंदौर। जिला शिक्षा अधिकारी इंदौर। ब्लॉक एजुकेशन अधिकारी। इंदौर। निजी स्कूल सहित राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को नोटिस जारी 6 हफ्ते में जवाब मांगा है.

# डाकघर द्वारा आधार कार्ड संबंधित सेवाओं के लिए विशेष अभियान 25 को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर डाक संभाग द्वारा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डाकघरों (पोस्ट ऑफिस) के आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन सेवा केन्द्रों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट तथा आधार डेटा में मोबाइल एवं ईमेल लिंक कराने जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जानकारी के अनुसार यह विशेष अभियान 25 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए 23 एवं 24 अप्रैल को टोकन वितरण किया जाएगा। अभियान के दिन 25 अप्रैल को सभी आधार केन्द्र प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहेंगे। डाक विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम डाकघर आधार केन्द्र पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। शहर के इंदौर जीपीओ, नगर मुख्य डाकघर, सिटी-2, वल्लभ नगर, बिजासन, विजयनगर, आर्मी हेड क्वार्टर, सुदामा नगर, नंदानगर, राजेंद्र नगर, खातीवाला टैंक, इंडस्ट्री स्टेट, कनाड़िया रोड, तिलक नगर, कलेक्ट्रेट, मनोरमागंज एवं लोकमान्य नगर सहित विभिन्न डाकघरों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है।




## सफल इलाज से स्वस्थ हुई बालिका आभार व्यक्त करने पहुँची जनसुनवाई में

# कक्षा 10वीं में सफलता पर मिठाई देकर व्यक्त की खुशी

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई एक बार फिर आमजन के लिए राहत का सशक्त माध्यम बनी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए कई प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया, वहीं शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित की जा रही है।

जनसुनवाई में मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण उस समय देखने को मिला जब एयरपोर्ट रोड़ क्षेत्र में एक ट्रक हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई बालिका संस्कृति वर्मा अपने परिजनों के साथ पहुंची। इस बालिका ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष प्रयासों से उसे नया जीवन मिला है। मैं, उक्त दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मुख्यमंत्री जी ने मेरे इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था की और मुझे तत्काल मुम्बई भेजा। मेरे इलाज के दौरान हर समय उन्होंने स्वास्थ्य की जानकारी ली और बेहतर से बेहतर इलाज कराया। इंदौर आने के पश्चात भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव और इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा लगातार संपर्क में रहें। अब मैं पूरी तरह से स्वस्थ हूँ। आज मैंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आभार स्वरूप कलेक्टर श्री वर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट किया।

इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में सुहानी दाधीच ने बताया कि आर्थिक अभाव के कारण वह 10वीं की परीक्षा का फॉर्म नहीं भर पा रही थी। जनसुनवाई में आवेदन देने पर उसे तत्काल सहायता प्रदान की गई, जिससे वह परीक्षा में सम्मिलित होकर सफल हुई। खुशी के इस अवसर पर वह मिठाई लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंची और आभार जताया।




### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को मिला उपचार

एक अन्य मामले में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति अपने उपचार के लिए मिली सहायता के लिए आभार व्यक्त करने कलेक्टर कार्यालय पहुँचा। ज्ञात रहे कि जनसुनवाई में पहुंचने पर कलेक्टर के निदेर्शानुसार उसे निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई, जिससे उसका सफल उपचार संभव हो सका। हितग्राही ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया इसके अतिरिक्त ब्लड कैंसर से पीड़ित एक बालिका को भी उपचार हेतु आवश्यक सहायता प्रदान की गई, जिससे उसके परिवार ने आभार व्यक्त किया।

### एसी कोच में चादर-तकिया कवर और नैपकीन की चोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर से चलने वाली ट्रेनों में चादर-तकिया कवर गायब होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। खास बात यह है कि रेलवे को नुकसान पहुंचाने के पीछे किसी गैंग का नहीं, बल्कि यात्रियों का हाथ सामने आया है। यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाएं मुसीबत बन चुकी हैं।

पिछले 13 महीनों में ही करीब 22 लाख रुपये का नुकसान हो चुका है। वहीं, अगली यात्रा करने वाले यात्रियों को अधूरी या कम बेडरोल किट (चादर, कंबल, तकिया, हाथ नैपकीन) मिलने की परेशानी अलग झेलनी पड़ रही है। ट्रेन के एसी कोच में फर्स्ट एसी से लेकर थर्ड एसी और इकोनामी क्लास तक यात्रियों को सुविधाओं के लिए बेडरोल किट दी जाती है, लेकिन लगातार हो रही चोरियों से व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अधिकारियों के मुताबिक सबसे ज्यादा तौलिया और कंबल गायब हो रहे हैं। स्थिति यह है कि प्रत्येक ट्रेन में 10 में से चार तौलिया तक गायब हो रहे हैं। पिछले 13 महीनों में 4479 तौलिया और 3234 कंबल लापता हुए हैं। इसके अलावा 2321 चादर, 1638 तकिया कवर और 369 तकिया भी गायब हो चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि सबसे ज्यादा मामले थर्ड एसी कोच में सामने आ रहे हैं, जहां यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण निगरानी करना चुनौती बन गया है।

### इंदौर-शारजाह उड़ान पर युद्ध का साया, चौथी बार टला संचालन, अब 1 मई से नई बुकिंग शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अमेरिका-ईरान के बीच जारी युद्ध का असर हवाई सेवाओं पर पड़ने लगा है। इंदौर से शारजाह के बीच संचालित होने वाली एकमात्र अंतरराष्ट्रीय उड़ान का संचालन एक बार फिर टल गया है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 19 अप्रैल से उड़ान शुरू करने की घोषणा करते हुए बुकिंग शुरू की थी, लेकिन संचालन शुरू नहीं हो सका। अब कंपनी ने एक मई से उड़ान संचालित करने के लिए बुकिंग शुरू की है। हालांकि मौजूदा हालात को देखते हुए इस बार भी संचालन शुरू करने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। दरअसल युद्ध की संभावना और गर्मी को देखते हुए यात्रियों ने यूएई की यात्रा से दूरी बना रखी है। इससे इंदौर से शारजाह के बीच संचालित होने वाली प्रदेश की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय उड़ान को लेकर फिर इंतजार बढ़ गया। कंपनी की वेबसाइट पर अब एक मई से बुकिंग शुरू की गई है। खाड़ी क्षेत्र में युद्ध की आशंका और तेज गर्मी के चलते यात्रियों ने यूएई की यात्रा से दूरी बना ली है।



# इंदौर नगर निगम के एक जोन में बवाल..

## महिला कर्मचारी के आरोप के बाद हंगामा और पिटाई के हालात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



नगर निगम एक जोन से जुड़ा एक संवेदनशील मामला सामने आया है, जिसने कार्यस्थल के माहौल पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, एक महिला कर्मचारी ने जोन के ही एक अधिकारी पर अनुचित स्पर्श (बेड टच) का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद महिला ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद उसकी मां मौके पर पहुंची और आक्रोश में जमकर हंगामे के साथ संबंधित अधिकारी की पिटाई कर दी। इस घटनाक्रम के बाद दफ्तर में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया।

फिलहाल इस पूरे मामले पर आधिकारिक तौर पर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन अंदरखाने चर्चाएं तेज हैं। यह घटनाक्रम एक बार फिर कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करता है। जबकि संबंधित अधिकारी के व्यवहार को लेकर पूर्व में भी कई शिकायतें निगम मुख्यालय तक पहुंची हैं। इसी बीच ये बवाल भी सामने आ गया है। अब नजर इस बात पर है कि नगर निगम प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है और आगे क्या कार्रवाई होती है।

## इंदौर जिले में ग्रीन फील्ड रोड के लिए जमीन अधिग्रहण शुरू

# 20 गांवों की बदलेगी किस्मत..मिला 95 करोड़ का मुआवजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर-उज्जैन के बीच बनने वाली ग्रीन फील्ड सड़क का काम धरातल पर दिखने लगा है। जिले के 662 किसानों को 626 करोड़ से अधिक मुआवजा वितरण करने के साथ ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। सांवेर तहसील में अब तक 95 करोड़ रुपये का मुआवजा किसानों के खाते में डाला जा चुका है। वहीं राजस्व अमले ने रतनखेडी में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इंदौर के 20 और उज्जैन जिले के आठ गांवों से गुजरने वाली 48 किमी लंबी सड़क के लिए 313.839 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी। इसमें 292.523 हेक्टेयर भूमि निजी है और 21.326 हेक्टेयर भूमि शासकीय है।

इंदौर के पितृ पर्वत के पास से उज्जैन तक बनने वाली चार लेन ग्रीन फील्ड सड़क का निर्माण सिंहस्थ से पहले किया जाना है। सड़क भू-अर्जन के लिए 484.140 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी, लेकिन किसानों के विरोध के कारण अधिक मुआवजा देने के लिए बिक्री छांट (सेल डीड एनालिसिस) की प्रक्रिया अपनाई गई। इससे मुआवजा राशि में 583.935 करोड़ की बढ़ोतरी की गई। इंदौर की सांवेर तहसील में 277 करोड़ मुआवजा स्वीकृत हुआ, जिसमें से 95 करोड़ मुआवजा दिया जा चुका है। यहां पर 414 किसानों में से 129 किसानों को मुआवजा बांट दिया गया है। सांवेर एसडीएम राकेश मोहन त्रिपाठी का कहना है कि मुआवजा राशि के वितरण के साथ ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिन गांवों में मुआवजा दिया जा रहा है, वहां जमीन का अधिग्रहण भी शुरू कर दिया है।



**इंदौर के 20 और उज्जैन जिले के आठ गांवों से गुजरने वाली 48 किमी लंबी सड़क के लिए 313.839 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता**

### अब 'नॉन-एक्सेस कंट्रोल्ड' होगी सड़क

ग्रीन फील्ड सड़क हाइट पर बनाने के साथ सर्विस रोड भी बनाई जानी थी, लेकिन विरोध के बाद एक्सेस कंट्रोल्ड से नॉन-एक्सेस कंट्रोल्ड के रूप में निर्माण करने का अनुमोदन किया। यानी सड़क जमीन की ऊंचाई पर बनाई जाएगी। इससे सड़क के दोनों तरफ सात-सात मीटर चौड़ी 77 किमी लंबी सड़क नहीं बनाई जाएगी। जमीन के बराबर सड़क होने से ग्रामीण और किसान कहीं से भी सड़क पर आना-जाना कर सकेंगे। आसपास की खेती की जमीन में पानी जमा होने की परेशानी भी नहीं होगी।

### डायरेक्ट एजेंट्स के चयन हेतु साक्षात्कार 20 मई को

**इंदौर।** भारत सरकार के संचार मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय डाक विभाग द्वारा सम्पूर्ण इंदौर जिले में करने हेतु डाक जीवन बीमा (ढछक) तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा (फढछक) योजनाओं के व्यवसाय अर्जन के लिए डायरेक्ट एजेंट्स का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाना है। इस हेतु साक्षात्कार का आयोजन 20 मई को प्रातः 11.30 बजे से एम.जी. रोड स्थित श्री कृष्णा टाकीज के पास मुख्य डाकघर में आयोजित किया जाएगा। इंदौर संभाग प्रवर अधीक्षक डाकघर से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को आकर्षक इंसेंटिव एवं कमीशन के आधार पर कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण अथवा समकक्ष होना आवश्यक है तथा न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है।

## न्यूज कालम



### उपडाकघर में 25 को आधार नामांकन एवं अपडेट के लिए विशेष अभियान

**मंडलेश्वर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए दिनांक 25 अप्रैल शनिवार को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मंडलेश्वर उपडाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक अपडेट जैसे आवश्यक संशोधन आसानी से करवा सकते हैं। यह सुविधा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी। अभियान के दौरान डाकघर में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को शीघ्र एवं सुगम सेवा प्रदान की जा सके। आधार नामांकन एवं अपडेशन के विशेष अभियान हेतु दिनांक 23 अप्रैल एवं 24 अप्रैल को डाकघर में टोकन प्रदान किए जाएंगे। नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने आधार से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण कराएं। नायब पोस्ट मास्टर, मंडलेश्वर ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे दिनांक 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मंडलेश्वर उपडाकघर में पहुंचकर इस विशेष अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं।

### भीषण गर्मी में स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग

**सनावद।** संपूर्ण निमाड़ क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप जारी है। इस कारण बड़वाह क्षेत्र के अभिभावकों ने स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने जिला कलेक्टर को पत्र लिख कर जिले के निजी और शासकीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि बड़वाह क्षेत्र में भी भीषण गर्मी का प्रकोप निरंतर बढ़ रहा है। तापमान में अत्यधिक वृद्धि और लू के कारण सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को दोपहर के समय विद्यालय आवागमन में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बैंक एवं एटीएम का सघन निरीक्षण

**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में जिला बड़वानी के समस्त थाना क्षेत्रों में बैंक एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सघन निरीक्षण एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना स्तर पर पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के बैंकों एवं एटीएम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया तथा बैंक परिसर में आने-जाने वाले व्यक्तियों की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा बैंक प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया गया एवं बैंक सुरक्षा गार्डों को संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही आमजन को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक समझाइश दी गई, जिससे सुरक्षित एवं व्यवस्थित बैंकिंग वातावरण बनाए रखा जा सके।

### 25 अप्रैल को डाकघर में आधार नामांकन अपडेट हेतु विशेष अभियान

**बड़वानी ।** समस्त आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि २५ अप्रैल (शनिवार) को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक डाकघर में आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक अपडेट आदि आसानी से करवा सकते हैं। यह सुविधा भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध रहेगी।अभियान के दौरान संबंधित डाकघरों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को शीघ्र एवं सुगम सेवा प्रदान की जा सके। नागरिकों से अनुरोध है कि 25 अप्रैल के आधार नामांकन एवं अपडेशन के विशेष अभियान हेतु 23 एवं 24 अप्रैल को डाकघर में टोकन प्रदान किए जायेंगे वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने आधार से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण कराएं। अतः समस्त नागरिकों से अपील है कि वे दिनांक 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक डाकघर में पहुंचकर इस विशेष अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं।

### ग्राम लोनसरा में वन्यप्राणियों का किया सफलता पूर्वक रेस्क्यू

**बड़वानी ।** वनमण्डलाधिकारी श्री आशीष बनसोड एवं उप वनमण्डलाधिकारी श्री बाबुलाल मुवेल बड़वानी / रेस्क्यु टीम प्रभारी बड़वानी के निर्देश एवं मार्गदर्शन में ग्राम लोनसरा में कृषक श्री किशोर मुकाती के पक्के कुएं में वन्यप्राणी कस्तूरी बिलाव (ऊदबिलाव) होने की सूचना मिलने पर रेस्क्यु टीम बडवानी मौका स्थल ग्राम लोनसरा में पहुंच कर जाली एवं रस्सीयों की सहायता से कस्तूरी बिलाव (ऊदबिलाव) का सफलता पुर्वक रेस्क्यु कर स्वस्थ्य होने पर उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया। साथ ही सावंतपुरम कॉलोनी बडवानी में श्री कैलाश चोहान के घर के अन्दर एक भारतीय ऊल्लू की सूचना प्राप्त होने पर रेस्क्यु टीम बडवानी मौका स्थल पर पहुंच कर भारतीय ऊल्लू का सफलता पुर्वक रेस्क्यु कर, स्वस्थ्य होने पर उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया।

### जनजाति कार्य विभाग के शिक्षक चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान से वंचित

**रतलाम।** सामान्य प्रशासन विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा शिक्षक/अध्यापक संवर्ग को ३५ वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान देने संबंधी आदेश जारी किया गया है। शासन के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग में पात्र शिक्षकों को इसका लाभ देने की प्रक्रिया जारी है। कर्मचारी नेता दीपक सुराना ने बताया कि उक्त आदेश से जहां स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक लाभान्वित हो रहे हैं, वहीं प्रदेश के जनजाति कार्य विभाग में कार्यरत हजारों शिक्षक इस लाभ से वंचित हैं। जानकारी के अनुसार, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश में जनजाति कार्य विभाग का उल्लेख नहीं होने के कारण आयुक्त, जनजाति कार्य विभाग द्वारा जिलों के सहायक आयुक्तों को निर्देश दिये।

## तेज रफ्तार आयशर वाहन ने दो बाईकों पर सवार परिवार को पीछे से टक्कर मारी, दो मासूम बच्चियों की मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

बडवाह में एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने दो बाईकों पर सवार परिवार को पीछे से टक्कर मार दी। सोमवार दोपहर करीब 4.30 बजे हुए हादसे में दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। जबकी परिवार के अन्य सदस्य घायल हैं। घटना के बाद लोगों ने आरोपी ड्राइवर को पकड़कर पीट दिया



टायर के साथ घिसटती रहीं मासूम, पिता नही बचा सके मोरटक्का निवासी बाईक सवार योगेश ने बताया कि सोमवार को वह अपने परिवार के साथ लौट रहे थे वे अपनी साईड से चल रहे थे तभी नर्मदा रोड स्थित दादा दरबार के पास एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 5 वर्षीय सृष्टि और साढ़े तीन वर्षीय भूमिका की मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मासूम सृष्टि बाइक और वाहन के टायर के बीच फंसकर सडक पर घिसटने लगी पिता योगेश ने उसे बचाने का प्रयास किया. लेकिन गंभीर चोटों के कारण बच्ची ने मौके पर ही दम तोड दिया।हादसे का शिकार हुए दोनों परिवार आपस में साडू भाई हैं, और सेमरला में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। शासकीय अस्पताल बडवाह मे डॉक्टरों ने सृष्टि को मृत घोषित किया वहीं गंभीर रूप से घायल भूमिका को इंदौर रेफर किया गया था। भूमिका ने भी बलवाडा के समीप रास्ते में ही दम तोड दिया।

एम्बुलेंस से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।लोगों ने आरोपी ड्राइवर को घटना के बाद पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद एसडीओपी अर्चना रावत और टीआई बलराम सिंह राठौर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने टक्कर मारने वाले आयशर वाहन को अभिरक्षा में ले लिया है।



### सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में आलीराजपुर को प्रदेश में प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

**आलीराजपुर।** लोक भवन, भोपाल में आयोजित समामेलित विशेष निधि प्रबंधन समिति की 25वीं वार्षिक बैठक में मध्यप्रदेश के जिलों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने द्वारा की गई। इस अवसर पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि वर्ष 2024-25 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य से अधिक अनुदान राशि एकत्रित करने वाले जिलों को सम्मानित किया गया। जिसमें आलीराजपुर जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य 3,52,100 रुपये के विरुद्ध 9,53,100 रुपये से अधिक की राशि एकत्रित कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिले की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर माननीय राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल द्वारा सिविल सेवा दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### राजपूत समाज के सामूहिक विवाह आयोजन में 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**मंडलेश्वर।** समीपस्त ग्राम पिपलिया में अक्षय तृतीया पर क्षत्रिय राजपूत समाज सामूहिक विवाह समिति पिपलिया बुजुर्ग द्वारा आयोजित विवाह सम्मेलन मे 17 जोड़ो का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में राजपूत समाज के वरिष्ठ समाजसेवी राकेश सिंह सोलंकी द्वारा मंच से समाज जनों को संबोधित करते हुए बताया कि बेटियां मायके की खूबसूरत खुशियां होती है। बेटियों की हंसी से आंगन भर जाता है। आयोजन में प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया गया। धरगांव की छात्रा त्रिशा डॉ आनंद सिंह मंडलोई द्वारा सीबीएसई कक्षा दसवीं में 99.20 प्रतिशत एवं यशस्वी लोकेंद्रसिंह चौहान बिलखेड़ द्वारा एमपी बोर्ड की दसवीं परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी बाबू सिंह पटेल, चेन सिंह मंडलोई, सरदार सिंह गोड़, सुमेर सिंह तंवर, सबल सिंह पटेल, राजपूत समाज महेश्वर तहसील अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान,सुनील सिंह भपलगांव, बहादुर सिंह सिसोदिया, राजेंद्र सिंह मंडलोई,पवन सिंह तंवर, डॉ आनंद सिंह मंडलोई ,ठाकुर योगेंद्र सिंह मंडलोई, आदि समाज जन मौजूद रहे, कार्यक्रम का संचालन कमलेश सिंह तंवर एवं आभार पवन सिंह मंडलोई द्वारा व्यक्त किया गया।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई का किया गया आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में किया गया। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के आवश्यक जांच एवं कार्रवाई कर निराकरण के निर्देश दिए। आज की जनसुनवाई में कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनसुनवाई के दौरान आवेदक श्री लालू कलेश निवासी ग्राम बडदला, तहसील आलीराजपुर ने आधार कार्ड बंद हाने की समस्?या के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी का आधार कार्ड बंद हो जाने के कारण उन्हें अस्पताल में प्रसव के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में आवश्यक दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड ही मांगा जा रहा है, आधार कार्ड बंद होने से इलाज में कई समस्या उत्पन्न हो रही है मेरी पत्नी का आधार कार्ड पुनः चालू करवाया जाये। इसी प्रकार एक अन्य आवेदक श्री कालीया पिता खुका निवासी ग्राम खुटाजा तहसील चन्द्रशेखर आजाद नगर ने आवेदन दिया और बताया कि मैं एक पैर से दिव्यांग हुं तथा मेरी आर्थिक स्थिति भी अत्यंत कमजोर है।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा सम्पत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक- श्री मनजीतसिंह गुप्ता पिता श्री मैनेजर गुप्ता वार्ड नं. 79 पता- प्र.क्रं. 201 सत्यम पैलेस ई.डब्ल्यू.एस. शिवसागर हुक्माखेड़ी इदौर, पिन- 1003124051 झोन क्रमांक-21 विक्रय पत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन 08-04-2026 से 07 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी वित्त, संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक-21 के सहायक राजस्व अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक-21 नगर पालिक निगम इन्दौर**



### जमीन के बदले जमीन व मुआवजे की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बुरहानपुर।** विकास के नाम पर क्या लोगों की जिंदगी उजाड़ना जरूरी है? क्या रेलवे विस्तार का मतलब सैकड़ों परिवारों को बेघर करना है? नेपानगर से एक ऐसी ही मार्मिक तस्वीर सामने आई है, जहां रेलवे प्रशासन के फैसले ने 240 से ज्यादा परिवारों के सिर से छत छीनने का खतरा खड़ा कर दिया है। नेपानगर के संजय नगर क्षेत्र में इन दिनों लोगों की नींद उड़ चुकी है। वजह है रेलवे प्रशासन की ओर से जारी किए गए वो नोटिस, जिनमें 240 मकानों को हटाने की बात कही गई है। रेलवे विस्तार के नाम पर की जा रही इस कार्रवाई ने सैकड़ों परिवारों के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। अगर ये मकान हटाए जाते हैं, तो करीब 250 परिवार बेघर हो जाएंगे और उनके पास न रहने की जगह होगी, न ही कोई ठोस विकल्प।यहां सवाल सिर्फ मकानों का नहीं बल्कि उन जिंदगियों का है, जो वर्षों से इस जमीन पर बसकर अपना आशियाना बना चुकी हैं। बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों का सहारा और रोजमर्रा की जिंदगी सब कुछ दांव पर लगा है। इसी अन्याय के खिलाफ नेपानगर नगर पालिका अध्यक्ष पाटिल, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अजय रघुवंशी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने कलेक्टर हर्ष सिंह को ज्ञापन सौंपा।

## जेईई मेन 2026 में मैक्रो विजन एकेडमी का शानदार प्रदर्शन: 15 छात्रों ने 99+ परसेंटाइल हासिल किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जेईई मेन 2026 के परिणाम घोषित होते ही मैक्रो विजन एकेडमी के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण बन गया है। संस्थान के छात्रों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। संस्थान द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, कुल १५ छात्रों ने ९९+ परसेंटाइल हासिल किया है, जो किसी भी कोचिंग संस्थान के लिए बेहद उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जाती है। वहीं, १३२ छात्रों ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाई कर संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को एक बार फिर साबित किया है। इस वर्ष संस्था के ओजस अग्रवाल ने ९९.९५ परसेंटाइल के साथ अखिल भारतीय रैंक ८२७ हासिल कर संस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।




सौम्य जायसवाल झ ९९.६८ परसेंटाइल, सुषांत पटेल झ ९९.५९ परसेंटाइल, पांशुल पाटीदार झ ९९.५३ परसेंटाइल, मानव राठौर झ ९९.४९ परसेंटाइल, ईशित सिंह झ ९९.४७ परसेंटाइल, कौस्तुभ साहू झ ९९.४५ परसेंटाइल, उदित सिंह झ ९९.३६ परसेंटाइल, आर्यन राय झ ९९.३१ परसेंटाइल, युवराज पाटीदार झ ९९.३१ परसेंटाइल, स्त्रजन वर्मा झ ९९.२९ परसेंटाइल, प्रिंस चौधरी झ ९९.२९ परसेंटाइल, तनिष्का पटेल झ ९९.२४ परसेंटाइल, अनमोल कश्यप झ ९९.२१ परसेंटाइल, उत्कर्ष अग्रवाल झ ९९.१२ परसेंटाइल। बुरहानपुर स्थित यह संस्थान पिछले कई वर्षों से जेईई एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट परिणाम देता आ रहा है और इस वर्ष का प्रदर्शन इसे और भी मजबूत बनाता है। मैक्रो विजन एकेडमी के संचालक आनंद प्रकाश चौकसे, मंजूषा चौकसे, कबीर चौकसे, देवांशी चौकसे, अंतरा चौकसे, प्राचार्य जसवीर सिंह परमार, उप प्राचार्या मोनिका अग्रवाल, विजय सुखवानी, डॉ. संतोष सिलोरिया, डॉ. अरुण शर्मा, विभा जेटली, शीतल पोपली, प्रतिभा नायर के साथ-साथ एकेडमी के समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को इस सफलता हेतु बधाई दी।

## लेंसकार्ट शोरूम पर मंगलवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के फ्रीगंज स्थित लेंसकार्ट शोरूम पर मंगलवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सोशल मीडिया पर लेंसकार्ट कंपनी के एक कथित आदेश के विरोध में किया गया, जिसमें धार्मिक प्रतीकों पर प्रतिबंध की बात कही गई थी।

लेंसकार्ट कंपनी के इस कथित आदेश को लेकर देशभर में विवाद बढ़ रहा है। अब इसका असर धार्मिक नगरी उज्जैन में भी देखने को मिला है। कार्यकताओं ने शोरूम के बाहर नारेबाजी की और कर्मचारियों से इस मुद्दे पर चर्चा की।

प्रदर्शन के दौरान, कार्यकर्ताओं ने शोरूम के कर्मचारियों को तिलक लगाया और उन्हें भगवा दुपट्टा पहनाया। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि यदि कंपनी तिलक, कलावा या बिंदी जैसे धार्मिक प्रतीकों पर कोई रोक लगाती है, तो इसकी सूचना उन्हें तुरंत दी जाए। हिंदू संगठनों के सदस्यों ने इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक आस्था से जुड़े प्रतीकों पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि कंपनी ने अपने कथित आदेश पर पुनर्विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर व्यापार बंद कराने जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं।

### उज्जैन में गैस एजेंसी संचालक और उपभोक्ता के बीच मारपीट

**उज्जैन।** उज्जैन में अभी भी एलपीजी की किल्लत बनी हुई है। इससे परेशान उपभोक्ताओं का मंगलवार को गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान गैस एजेंसी के संचालक और उपभोक्ता के बीच मारपीट हो गई। हालात इतने बिगड़े कि नई सड़क स्थित बिजली घर के पास उपभोक्ताओं ने चक्काजाम कर दिया। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया और फिर पुलिस की निगरानी में गैस सिलेंडर का वितरण हुआ। शहर में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। इससे आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बहादुरगंज स्थित शिप्रा गैस एजेंसी पर एक उपभोक्ता और एजेंसी के संचालक के बीच मारपीट हो गई। इसके बाद लोगों ने अपने-अपने गैस सिलेंडर सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

### गर्मी का असर, स्कूल टाइम बदला

**रतलाम।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। नए आदेश के तहत सभी सरकारी और निजी स्कूल अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगे। इससे पहले स्कूलों का समय दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित था। भीषण गर्मी को देखते हुए अब आदेश में संशोधन कर समय घटा दिया गया है।शहर में इन दिनों तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पडने की आशंका के चलते यह निर्णय लिया गया।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में आये 61 आवेदनों के निराकरण के दिये निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जनसुनवाई करते हुये 61 आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सुना तथा आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई में ग्राम कालीकुण्डी निवासी श्री राकेश पिता रेमा शंकर ने आवेदन देकर बताया कि उन्होने मनरेगा के अंतर्गत अपने खेत में वर्ष 2025 में खेत तालाब निर्माण का कार्य करवाया था। 1 वर्ष हो जाने के उपरांत भी उक्त कार्य का जियो टेग नही किया गया जिसके कारण उन्हे राशि नही प्राप्त हुई है। अतः उन्हे योजना के अंतर्गत खेत तालाब निर्माण की राशि दिलवाई जाये। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने आवेदन में जिला पंचायत सीईओ को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

**एक वर्ष से नही मिल रही है किसान सम्मान निधि की राशि**

जनसुनवाई में ग्राम चिचली निवासी श्रीमति शकुंतलाबाई ने आवेदन देकर बताया कि उनके नाम से ग्राम में कृषि भूमि है। उन्हे एक वर्ष से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि नही मिली है। इस संबंध में वे ग्राम के पटवारी को दस्तावेज भी दे चुकी है, परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है। अतः योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि पुनः प्रारंभ करवाई जाये। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने आवेदन में तहसीलदार ठीकरी को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

**विधवा पेंशन एवं आवास का लाभ दिलवाया जाये**

जनसुनवाई में ग्राम बंधान निवासी श्रीमति रानी पित स्व. श्री जिवा ने आवेदन देकर बताया कि उन्हे ग्राम पंचायत से विधवा पेंशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिल रहा है। इस संबंध में वे पंचायत में आवेदन भी जनवरी 2026 में दे चुकी है, परन्तु अभी तक उनके आवेदन पर कोई कार्यवाही नही की गई। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने आवेदन में जिला पंचायत सीईओ को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

घटना के बाद से ताल के भोई मोहल्ला क्षेत्र में तनाव का माहौल है और गली में सन्नाटा पसरा हुआ है। सोमवार शाम एसपी अमित कुमार ताल पहुंचे और घटनास्थल देखा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को घटना से जुड़ी जांच को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कथक नृत्य समारोह का आयोजन

**बडवानी ।** भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं लोक कला को समर्पित संस्था स्पीक मैके एवं जन जातीय कार्य विभाग जिला बड़वानी के द्वारा अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्य कलाकार गौरी देशमुख के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला 21 अप्रैल को समापन हुआ।मुख्य समारोह स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक महाविद्यालय बडवानी के सभागृह में मुख्य कार्यक्रम कथक नृत्य समारोह 22 अप्रैल को सायं 7 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें अंतराष्ट्रीय कथक नृत्य कलाकार गौरी देशमुख एवं उनकी शिष्याओं द्वारा कथक नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही समर कैंप में शामिल बालिकाओं की भी प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा की जाएगी।स्पीक मैके के जिला संयोजक अनिल जोशी एवं अध्यक्ष जितेंद्र जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में कक्षा 12 वो बोर्ड की मेरिट सूची की छात्रा ओमामां मंसूरी तथा कक्षा 10 वो की छात्रा महक गोले का भी सम्मान किया जाएगा। संस्था के उपाध्यक्ष सचिन शर्मा ने सभी संगीत प्रेमी सुधी श्रोताओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का अनुरोध किया है।

## न्यूज -कॉलम

### चिंतामण रेलवे स्टेशन मार्ग पर 2 पक्षों में विवाद

**उज्जैन।** चिंतामण रेलवे स्टेशन मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात शादी में मोबाइल बार-बार देखने की बात पर हुए विवाद में हर्ष पिता भरत चौकसे निवासी चिंतामण और यश पिता अशोक सौदे निवासी नलियाबाखल का आमना-सामना हो गया। दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई और यश ने अपने साथी दुर्गाप्रसाद वैष्णव के साथ मिलकर हर्ष पर चाकू से वार कर दिया। बीच बचाव में हर्ष का साथी राहुल गुरू आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। यहीं नहीं हर्ष और राहुल ने मिलकर यश सौदे की कार में तोड़फोड़ कर नुकसान कर दिया। बताया जा रहा है। राहुल गुरू और हर्ष चिंतामण मंदिर में शादी कराने का काम करते है। मामले में चिंतामण गणेश थाना एसएचओ हेमराज यादव ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया गया है। इनके बीच शादी के दौरान मोबाइल देखने पर विवाद हुआ था, उसी को लेकर रात में घटना हुई है।

### बच्चों के विवाद में महिला पर पत्थरों से किया हमला

**उज्जैन।** ग्राम उंडासा में रहने वाले धर्मेन्द्र चंदेल के बच्चे का पडोस में रहने वाली रामाबाई के बच्चों से विवाद हो गया था। धर्मेन्द्र उन्हे समझाने पहुंचा और बच्चों का ध्यान रखने की बात कहीं। इस दौरान उनके बीच कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद मामला शांत हो गया और धर्मेन्द्र लौट आया, लेकिन रामाबाई अपनी बेटी बुलबल और हीरा के साथ धर्मेन्द्र के घर पहुंची और चिल्ला चोंट करते हुए पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। जिसमें धर्मेन्द्र की पत्नी कृष्णाबाई सिर में पत्थर लगने से घायल हो गई। कृष्णाबाई को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस बयान दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

### विवाद देखना भारी पडा, युवक का फूटा सिर

**उज्जैन।** शास्त्रीनगर में रहने वाले नीरज पिता पूनमचंद पाटीदार को इंदौर शनि मंदिर के पास विवाद देखना भारी पड गया। विवाद में शामिल अज्ञात लोगों ने पीछे से उसके सिर पर लाठियों से हमला कर दिया। घायल नीरज ने बताया कि वह पंथपिपलाई शादी में गया था, जहां से सोमवार रात बाइक से वापस लौट रहा था। रास्ते में 2 पक्षों के बीच विवाद हो रहा था, वह बाइक रोक देखने लगा, उसी दौरान पीछे से उस पर हमला कर दिया। मामले में नानाखेडा पुलिस ने चरक अस्पताल में भर्ती नीरज के बयान दर्ज किये है। ऐसा ही एक मामला धरम बडला क्षेत्र में ढाबा संचालित करने वाले हरीश उर्फ नाना पिता अजबसिंह ठाकुर निवासी नृसिंहघाट के साथ हुआ। ढाबे के पास अज्ञात युवक बैठा था, उसे जाने के लिये कहा तो उसने हमला कर दिया। जिसमें हरीश उर्फ नाना के साथ उसके यहां काम करने वाला कर्मचारी राघव पिता अशोक त्रिवेदी घायल हो गया। चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने अज्ञात हमला करने वाले के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### 74 साल की महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** चरक अस्पताल में 74 साल की आशाबाई दुबे निवासी अम्बर कालोनी को पति पति सुरेशचंद मंगलवार को उपचार के लिये लेकर पहुंचा था। आशाबाई ने जहरीला पदार्थ खाया था। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद में आशाबाई ने घर में रखा कीटनाशक खा लिया था। ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी है। एक अन्य मामले में नागझिरी क्षेत्र के गांधीनगर में रहने वाले रजत पिता रोशनसिंह सिसौदिया 24 साल ने घर में रखा फिनाइल पी लिया। हालत बिगडने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे है।

### हिरासत में आये चार युवकों के पास मिली सट्टा पर्ची

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र में कुछ दिनों से चार युवकों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खाईवाली की जा रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने गुरला रोड पर घेराबंदी की। इस दौरान एक युवक ईमली गोदाम, दूसरा चाय की गुमटी, तीसरा गोपी गार्डन और चौथा गुरला मार्ग से हिरासत में आ गया। चारों के पास से सट्टा अंक पर्ची के साथ 24 रूपये के करीब नगद रूपये बरामद किये गये। चारों के खिलाफ सट्टा एक्ट की धारा 4 (क) में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### कार चालक पर एक माह बाद दर्ज किया केस

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलोदापंथ फंटे पर 22 मार्च को हुई दुर्घटना में बाइक सवार आशीष पिता बाबूलाल मकवाना 18 साल निवासी ग्राम कडियाली उन्हेल की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम किया था। एक माह की जांच के बाद मामले में कार क्रमांक एमपी 09 बीडी 4227 के चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 690-5 | 480-2 |
| मेन बाजार | 190-0 | |
| कल्याण नाइट | 670-3 | 239-4 |
| मिलन डे | 280-0 | 355-3 |
| मिलन नाइट | 449-7 | 190-0 |
| मधुर डे | 346-3 | 188-7 |
| मधुर नाइट | 699-4 | 370-0 |
| शुभांक | 6 7 | 8 |

# गांजा सप्लाय करने पैतृक गांव आया था अधेड़

## पुलिस ने घेराबंदी कर लिया हिरासत में, रिमांड पर पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गांजा लेकर पैतृक गांव आये अधेड़ को सोमवार-मंलवार पुलिस ने सूचना मिलने के बाद घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। 15 साल पहले अधेड़ गांव छोड़कर कानवन धार चला गया था।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि सफेद शर्ट, काला पेंट पहने एक व्यक्ति हनुमान मंदिर केसुररोड ग्राम भोमलवास में खड़ा है। जिसके पास मादक पदार्थ गांजा है, वह किसी का इंतजार कर रहा है। तत्काल उन्होने एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, चांदनी पाटीदार, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मोर्य, अजय चौहान को धरपकड के लिये रवाना किया। केसुररोड हनुमान मंदिर पहुंचने पर उक्त व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उसे हिरासत में ले लिया।



उसके पास से एक थैली जप्त की गई। जिसमें गांजा भरा हुआ था। पूछताछ करने पर उसका नाम भमरसिंह पिता भारतसिंह 52 साल निवासी कानवन जिला धार सामने आया।

थाने लाकर अवैध मादक पदार्थ के साथ हिरासत में आये आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 का प्रकरण दर्ज किया गया। उसके पास से बरामद गांजा 1 किलो 114 ग्राम कीमत 32 हजार का सामने आया। मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि मादक पदार्थ से जुडे कुछ ओर लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

### बड़नगर फतेहपुर का मूल निवासी है भमर

थाना प्रभारी के अनुसार आरोपित से पूछताछ में पता चला कि वह मूलरूप से बडनगर के फतेहपुर का रहने वाला है। 15 साल पहले बडनगर छोडकर कानवन धार चला गया था। उसे गांजा पीने का शौक था, जिसके चलते कुछ तस्करों से संपर्क हुआ। पीने के साथ उसने बेचना भी शुरू कर दिया था। पहले भी पैतृक गांव आकर गांजा ठिकाने लगा चुका है। इस बार भी धार कानवन से गांजा लेकर सप्लाय करने आया था। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि गांजा बडनगर में किसे देने वाला था।

### मादक पदार्थ की 20 दिन में तीसरी कार्रवाई

जिले में नशे से मुक्ति का अभियान पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। जिसमें बडनगर थाना पुलिस की 20 दिन में तीसरी कार्रवाई सामने आई है। 4 अप्रैल को रूनिजा मार्ग प्रतिक्षालय से शेरू पिता इफ्तकार हुसैन निवासी नटराज टाकिज को 36.58 ग्राम ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। 6 अप्रैल को मौलाना ब्रिज के पास से बाइक सवार शिवराजसिंह शक्तावत निवासी पिपलिया मंडी मंदसौर को गिरफ्तार कर 3 किलो 125 डोडा चूरा जप्त किया था। मादक पदार्थ को लेकर पुलिस अलर्ट दिखाई दे रही है।

# रात 3.15 पर खदान से निकाला गया दूसरा शव

## करौंदिया में डूबे थे 2 दोस्त, एक परिवार था इकलौता पुत्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ग्राम करौंदिया गिट्टी खदान में डूबे 2 दोस्तों के शव एसडीआरएफ टीम के जवानों ने 50 फीट गहराई से 11 घंटे चले रेस्क्यू के बाद बाहर निकाल लिये। एक का शव सोमवार-मंगलवार रात 3.15 मिनट पर निकाला गया। एक को रात 10.30 बजे के लगभग निकाल लिया गया था।

नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदिया स्थित पानी से भरी खदान पर सोमवार दोपहर 9 दोस्त नहाने पहुंचे थे। शाम 4 बजे के लगभग 2 दोस्त शुभम पिता किरण जाटवा 16 साल निवासी किशनपुरा और अनस पिता हमीद खान 16 साल निवासी अशोकनगर खदान की 50 फीट गहराई में समा गये थे। आधे घंटे बाद



दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी थी। जिसके बाद 5 बजे से होमगार्ड/एसडीआरएफ टीम ने दोनों की तलाश में रेस्क्यू शुरू किया था। गहराई अधिक होने पर अंडर वाटर कैमरे का उपयोग कर दोनों का पता लगाया गया। उसके बाद डीप डायवर्स ने



गहराई में जाने का काम शुरू किया। रात 10.30 बजे शुभम का शव बाहर निकाल लिया गया। लेकिन अनस का शव निकालने में मशक्कत करना पडी, बावजूद रात 3.15 पर उसे भी निकालने में एसडीआरएफ जवान सफल हो गये। इस दौरान 12 जवानों की टीम लगातार प्लाटून कमांडर पुष्पेन्द्र त्यागी के निर्देशन में 11 घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाती रही। दोनों दोस्त कक्षा 11 वीं पास कर 12 में पहुंचे थे। लेकिन अपने सात दोस्तों के साथ घर से कोचिंग जाने का बोलकर ई-रिक्शा से खदान पर पहुंच गये थे।

**शुभम इकलौता, अनस के पांच भाई-बहन-** मंगलवार सुबह नागझिरी थाना पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि शुभम परिवार का एकलौता पुत्र था पिता पेंटरी का काम करते है। वहीं अनस के परिजनों ने बताया कि 2 भाई और 3 बहनें थी। अब अनस सबको छो? चला गया है। पिता ड्रायवरी का काम करते है। घटनाक्रम के बाद से उनके साथ खदान पर गये सात दोस्त गुमशुम थे।

### निगम स्वास्थ्य अधिकारी पर अस्थाई कर्मचारी ने किया हमला



**उज्जैन।** काम पर बुलाने की बात पर सीवरेज गाडी के अस्थाई कर्मचारी द्वारा नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। कर्मचारी ने आउटसोर्स कर्मचारी के साथ भी मारपीट की। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

महाकाल थाना प्रधान आरक्षक मुनेन्द्र भदौरिया ने बताया निजी अस्पताल में भर्ती नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी कालूराम पिता मदनलाल सोलंकी निवासी गिरीराज रतन कालोनी की शिकायत पर लोहे की रॉड से हमला करने वाले सीवरेज गाडी के अस्थाई कर्मचारी बंटी टांक के खिलाफ धारा 115 (2), 296 (बी), 351 (3) का प्रकरण दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार हरसिद्धि चौराहे के पास सीवरेज लाइन की सफाई होना थी मैं नृसिंह घाट मार्ग कर्कराज पर खडें विभाग के एएसआई विजय बाली के पास पहुंचा उसने बताया कि सीवरेज गाडी का ड्राइवर बंटी सुबह फोन नहीं उठा रहा है। उन्होने वायरलेस पर कॉल कर कंट्रोलरूम से दूसरी गाडी बुलाने के लिये कहा। तभी बंटी का कॉल विजय बाली के पास आया और कहा कि मुझे क्यों परेशान कर रहे हो। तुम कहां हो उसे कर्कराज पार्किंग के पास होना बताया। कुछ देर में बंटी ने आकर विजय के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी, उन्होने बंटी की हरकत पर आउटसोर्स कर्मचारी देवांश वर्मा से वीडियो बनाने को कहा तो बंटी सीवरेज गाडी से लोहे की रॉड ले आया और देवांश को मारने लगा, उन्होने बीच-बचाव किया तो बंटी ने उन पर हमला कर दिया। प्रधान आरक्षक के अनुसार स्वास्थ्य अधिकारी को कमर और हाथ में चोंट लगी है। निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। बंटी टांक को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी है।

### गिरफ्त में जानलेवा हमले में फरार 4 आरोपी

**उज्जैन।** पुरानी रंजीश में जानलेवा हमला करने वाले 4 आरोपियों को 45 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पूर्व में चारों आरोपियों के 8 साथियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।

माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि भगवतपुर में रहने वाले गुर्जर समाज के 2 पक्षों में वर्ष 2024 से रंजीश चली आ रही थी। 6 मार्च को दोनो पक्षों में गाली-गलौच होने पर एक पक्ष के 12 लोगों ने मिलकर दिनेश पिता इंदरसिंह गुर्जर 19 साल, हिन्दूसिंह पिता समंदरसिंह गुर्जर 80 साल और विनोद पिता इंदरसिंह गुर्जर 25 साल पर हथियार-लाठी से जानलेवा हमला कर दिया था। मामले में करणसिंह गुर्जर की शिकायत पर सोनू उर्फ सोहन पिता जगदीश, ईश्वर पिता रुगनाथ, घनश्याम पिता मानसिंह, आत्माराम पिता मानसिंह, मोकम पिता प्रहलाद, सचिन पिता होकम, तुफान पिता जगदीश, विष्णु पिता प्रहलाद, कालू पिता रुगनाथ, नाना उर्फ नरेन्द्र पिता जगदीश, भगत उर्फ देवीसिंह पिता मायाराम, और निर्भय उर्फ नाना उर्फ नरेंद्र पिता जगन्नाथ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की 8 संगीन धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। 11 और 22 मार्च को 8 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी। चार आरोपी आत्माराम, नाना उर्फ नरेन्द्र, तूफान और जगदीश उर्फ सीताराम फरार चल रहे थे। चारों को मंगलवार सुबह भगवतपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। दोपहर में चारों को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

### सिलेंडर बुकिंग को लेकर गैस एजेंसी पर हुई तोड़फोड़

#### उपभोक्ताओं ने किया चक्काजाम का प्रयास, पुलिस शांत कराया मामला

**उज्जैन।** गैस सिलेंडरों को लेकर अब भी स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। एजेंसियों पर लम्बी कतार दिखाई दे रही है। मंगलवार को सिलेंडर बुकिंग करने को लेकर क्षिप्रा गैस एजेंसी पर विवाद की स्थिति बन गई। उपभोक्तओं ने तोड़फोड़ कर दी और चक्काजाम का प्रयास किया।

आर्य समाज मार्ग क्षिप्रा गैस एजेंसी पर प्रतिदिन सिलेंडर बुकिंग कराने के लिये उपभोक्तओं की कतार लग रही है। मंगलवार सुबह कतार के बीच निजातपुरा क्षेत्र का रहने वाला एक व्यक्ति पांच डायरी और गांधी नगर में रहने वाला युवक तीन डायरी लेकर बुकिंग के लिये पहुंचा। इस बीच एजेंसी कर्मचारियों और उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई। एक साथ इतनी डायरी को लेकर पूछताछ की गई तो उन्होने मारपीट शुरू कर दी और एजेंसी का गेट तोड़ दिया। एजेंसी के एक कर्मचारी को चोंट आई।

संचालक सुनील कछवाय बीच-बचाव के लिये पहुंचे तो उनके साथ भी हाथपाई का प्रयास किया गया। विवाद के चलते कतार में लगे लोग भी आक्रोशित हो गये और सिलेंडर बुकिंग में देरी के साथ समय पर सिलेंडर नहीं मिलने की शिकातय करने लगे। विवाद की जानकारी लगते ही कोतवाली थाना प्रभारी दिनबंधुसिंह तोमर और पुलिसकर्मी मामला शांत कराने के लिये पहुंच गये। लेकिन उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पडा और उन्होने नई सड़क बिजली के सामने चक्काजाम का प्रयास किया। पुलिस ने उपभोक्तओं को समझाया और मामला शांत कराकर सिलेंडर बुकिंग के साथ वितरण का काम नियमानुसार कराया। मामले को लेकर थाना प्रभारी का कहना था कि देर शाम तक मामले में किसी भी पक्ष द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वहीं एजेंसी संचालक सुनील कछवाय का कहना था कि तोडफोड के दौरान एक कर्मचारी को चोंट लगी है। वही नुकसान भी हुआ है। मामले में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई जायेगी।

### स्कूली बस से टकराई बाइक, 3 घायल

**उज्जैन।** आगररोड घट्टिया तहसील में मंगलवार सुबह स्कूली बस से बाइक सवार टकरा गये। दुर्घटना में बाइक पर सवार महिला और 2 युवक घायल हो गये। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम जगोटी फंटा पर कार्मल स्कूल की बस से बाइक टकरा गई। बाइक पर मोहननगर निवासी कैलाशसिंह उनकी पत्नी सीमा और भाई मांगीलाल सवार थे, तीनों को को गंभीर चोंट आई। मौके पर ड्युटी कर रहे पुलिसकर्मी दीपक यादव ने एम्बुलेंस को कॉल किया और तीनों को घट्टिया स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उज्जैन रैफर कर दिया गया। घायलों के परिजनों ने बताया कि तीनों आगर रिश्तेदारी में जा रहे थे। मामले में पुलिस का कहना था कि बस में विद्यार्थी सवार थे, घटना के बाद बस को स्कूल के लिये रवाना कर दिया गया था। मामला जांच में है, घायलों के बयान दर्जकर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा आकाश पाठक पिता विरेन्द्र कुमार पाठक, आयु 27 वर्ष, व्यवसाय पंडिताई, निवासी-191, तिरूपति ड्रिम्स, ब्लॉक डी दाऊदखेडी, जिला- उज्जैन म.प्र. को उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन 191, तिरूपत्ति ड्रिम्स, ब्लॉक डी दाऊदखेडी, जिला- उज्जैन म.प्र. के निर्माण पेटे राशि 7,81,000/- (सात लाख इक्यासी हजार रूपये) ऋण स्वरूप प्रदान किये गये थे। उक्त राशि के भुगतान पेटे उक्त व्यक्ति आकाश पाठक द्वारा मेरे पक्षकार को स्वयं के खाते वाली बैंक का एक चेक भी प्रदान किया गया था, जिसके अनादरण हो जाने के संबंध में प्रकरण की कार्यवाही प्रचलित है। वर्तमान में आकाश पाठक द्वारा उक्त सम्पत्ति को अन्य किसी व्यक्ति को रहन, बय, दान आदि प्रकार से अंतरित करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार की उक्त राशि सहित फाईनेंस कम्पनी का भी ऋण बकाया है। इस प्रकार उक्त सम्पत्ति भारग्रस्त होकर विक्रय के लिए पाक व साफ नहीं है। अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, कोई भी व्यक्ति, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय या अर्द्धशाकीय संस्था आदि उक्त सम्पत्ति को मेरे सहित अन्य ऋणों के भुगतान के बगैर किसी भी प्रकार से स्वयं के हित में कोई भी अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र, बंधक विलेख आदि सम्पादित न करावे अन्यथा ऐसे संव्यवहार में होने वाले समस्त प्रकार के नुकसानों के लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। इति। दिनांक 22/04/2026

**महेन्द्र सोलंकी एडवोकेट**
**20, चिमनगंज मंडी, फाजलपुरा गेट, उज्जैन**
**मो. 93295-98280, 98275-19788**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया है कि श्री अनन्त नारायण पिता यशवन्तराव निगम जाति कायस्थ निवासी ग्राम कायथा तहसील तराना जिला उज्जैन के द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-1691 कुल रकबा 0. 4400 हेक्टयर में से एक बीघा भूमि ग्राम कायथा तहसील तराना व जिला उज्जैन में स्थित भूमि को विक्रय करने हेतु सौदा चिट्ठी का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में किया है तथा विक्रय पत्र संपादन होना शेष है। उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी वित्तीय संस्था / बैंक शासकीय अर्द्धशासकीय संस्थान, व्यक्ति या निकाय का कोई हित भार या स्वामित्व हो तो मेरे कार्यालय में 7 दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करे तथा उक्त भूमि के संबंध में अन्य कोई संव्यवहार न करे। ऐसे संव्यहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होकर प्रभाव शुन्य रहेगे तथा जिसके समस्त हर्जे खर्चे एवं परिणामों की जिम्मेदारी संव्यवहारकर्ता की स्वयं की होगी। सो सूचित हो।

इतिदिनांक- 21/4/26

**गिरीश चंद्रवंशी एडवोकेट**
**हेरीटेज टावर सेकंड फ्लोर माधव क्लब रोड**
**उज्जैन मो. 99778 13444**

### PUBLIC NOTIFICATION

It is informed Public at large that House No. 172 Ease Side Part, Total Area 92.96 Sq.mt. Situated at Alakhdham Nagar, Colony Sanwer Road, Ujjain (M.P.) was Originally in the name and ownership of Shri Shobhraj Kalwani S/o Shri Nattharmal Kalwani R/o-Ujjain (M.P.) after the death of Shri Shobhraj Kalwani S/o Shri Nattharmal Kalwani above property transfer to her successor's Smt. Anjana Kalwani W/o Shri Shobhraj Kalwani, Bharti Kalwani D/o Shri Shobhraj Kalwani and Vijay Kalwani S/o Shri Shobhraj Kalwani All R/o-172, Alakhdham Nagar, Ujjain (M.P.) If any other successor of the Late Shri Shobhraj Kalwani S/o Shri Nattharmal Kalwani and sale document is deposited with any financial institution or any Bank for creating equitable mortgage then they are requested to file objection within 7 days from publication of the notification to me with documents. if no objection is received within this period LIC Housing Finance Ltd. will mortgage this house and no Objection will be entertained after this period.
issue on Date 21.04.2026

**Vivek Gupta Advocate**
**11/1, Ghatkarpar Marg.**
**Freeganj Ujjain.**
**Mobile No. 98272-28461**

# पूर्णता में जीना सीखें



हम स्मृति को क्यों पकड़े रहते हैं? मैं नहीं जानता कि आपने कभी ध्यान दिया है या नहीं, जैसे-जैसे हम वृद्ध होते जाते हैं, अतीत को, उसके उल्लास को, उसकी पीड़ाओं को, उसके सुखों को पीछे मुड़-मुड़कर देखा करते हैं। यदि कोई युवक है, तो वह भविष्य की ओर ताकता है। फिर हम ऐसा क्यों करते हैं?

स्मृति इतनी महत्वपूर्ण क्यों हो गई है? इसका सरल और स्पष्ट कारण यही है कि हम पूर्णता से, वर्तमान में जीना नहीं जानते। वर्तमान का इस्तेमाल हम भविष्य के साधन के रूप में करते हैं, इसलिए वर्तमान की हमारे लिए कोई सार्थकता नहीं है। हम वर्तमान में जीने में असमर्थ हैं, क्योंकि हम उसका प्रयोग भविष्य की ओर ले जाने वाले रास्ते की तरह करते हैं। चूंकि मैं भविष्य में कुछ बनने वाला हूं, इसलिए कभी भी अपने आज को पूरी तरह समझ नहीं पाता। अपने आज को समझने के लिए, यानी जो कुछ मैं अभी हूं, उसे जानने के लिए स्मृति के संवर्द्धन की जरूरत नहीं है; उलटे, सच्चाई को समझने में स्मृति एक बाधा बन जाती है। आपने संभवतः ध्यान दिया हो कि कोई नवीन विचार, नवीन भावना केवल तभी संभव होती है, जब हमारा मन स्मृति के जाल में जकड़ा नहीं होता। जब दो विचारों के बीच, दो स्मृतियों के बीच अंतराल होता है, खाली जगह होती है और जब उस अंतराल को बनाए रखना संभव होता है, उसी अंतराल से एक नई अवस्था आती है, जो स्मृति नहीं होती। हमारे पास स्मृतियां होती हैं और हम स्मृति का संवर्द्धन निरंतरता के साधन के रूप में करते हैं। जब तक स्मृति का संवर्द्धन होता है, मैं और मेरा बड़े महत्वपूर्ण बने रहते हैं। यदि आपके पास स्मृति न होती, तो आपकी संपत्ति, आपका परिवार, आपकी धारणाएं इतनी अहम न होतीं। यदि आप अवलोकन करें, तो पाएंगे कि दो विचारों, दो भाव के बीच एक अंतराल होता है। यह अंतराल स्मृति का परिणाम नहीं होता, इसमें मैं और मेरा की जकड़न खत्म हो जाती है; यह अंतराल कालातीत, समय से परे होता है।



**सम्पादकीय**

## बढ़ गया तापमान

उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है और इसके साथ ही, सेहत संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। सोमवार को दिल्ली में भी अनेक जगह पारा 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, तो बिहार के गया, कैमूर और बक्सर में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। रोहतास और औरंगाबाद में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। उधर, झारखंड से तेलंगाना तक बढ़ते तापमान की वजह से स्कूलों का समय बदलना पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार, कहीं-कहीं बारिश का अनुमान है, लेकिन कुल मिलाकर, आने वाले दिनों में लू का प्रकोप रहेगा। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज का तापमान कहीं-कहीं 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। वाराणसी, झांसी में भी तापमान 43 से ऊपर दर्ज हुआ है। मौसम विभाग की यही भविष्यवाणी है कि इस सप्ताह तापमान अनेक जगह 45 डिग्री को पार कर जाएगा और उसी के अनुरूप दोपहर के वक्त लू चलने के साथ ही रात में भी गर्मी का आलम रहेगा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने लंबे समय तक भीषण गर्मी के संपर्क में रहने के जोखिमों के बारे में पहले ही कई अलर्ट जारी किए हैं। विशेष रूप से संवेदनशील समूहों या लोगों से सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है। वैसे तो गर्मी एक मौसमी असुविधा है, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि अत्यधिक तापमान के गंभीर या जानलेवा परिणाम हो सकते हैं। गर्मी की शुरूआत में ही यह ध्यान कर लेना चाहिए कि लू का मानव शरीर पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, जिससे हृदय, गुर्दे, मस्तिष्क पर ज्यादा असर पड़ता है। तीव्र तापमान के समय घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए और अगर घर से निकलना जरूरी हो, तो बचाव के इंतजाम साथ में रखने चाहिए। लगे हाथ, गर्मी के मौसम में पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति भी सजग रहना चाहिए। यह जल के सदुपयोग का समय है। दुनिया में भारत के हिस्से केवल चार प्रतिशत शुद्ध जल आया है, जबकि यहां विश्व के 16 प्रतिशत से भी ज्यादा लोग रहते हैं। देश में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता में बीते दो दशक में 20 प्रतिशत की कमी आई है। आमतौर पर यह देखा गया है कि गर्मी के बढ़ते ही जल संकट मंडराने लगता है, अतः जल विभाग के लिए भी यह अतिरिक्त सावधानी का समय है। अभी यह एक बड़ा सवाल है कि क्या भारत में मौसम जनित संकट में लगातार वृद्धि हो रही है।

**नारी सम्मान का अधूरा संकल्पः संसद में अटका 131वां संशोधन विपक्ष की भूमिका पर उठे सवाल**

# इतिहास तय करेगा–कौन बना गिलहरी, कौन बना ताड़का




राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)






भारतीय संसद के उस गंभीर क्षण में, जब इतिहास एक नए अध्याय की प्रतीक्षा कर रहा था, शब्दों ने केवल बहस का रूप नहीं लिया, बल्कि वे राष्ट्र की चेतना को झकझोरने वाले प्रतीक बन गए। गृहमंत्री अमित शाह ने ताड़का और गिलहरी के उदाहरण से यह स्पष्ट कर दिया कि सृजन और अवरोध–दोनों ही कालखंड में दर्ज होते हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंतरात्मा से उठी अपील ने सदन को यह स्मरण दिलाया कि यह मतदान केवल एक विधेयक पर नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान, विश्वास और भविष्य पर है।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में कुछ क्षण ऐसे आते हैं, जो केवल विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और दिशा को भी परिभाषित करते हैं। महिला आरक्षण से जुड़ा 131वां संविधान संशोधन ऐसा ही एक अवसर था - जहां देश की आधी आबादी को 33% राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने का मार्ग प्रशस्त हो सकता था। किंतु लोकसभा में यह ऐतिहासिक बिल आवश्यक दो-तिहाई बहुमत न जुटा पाने के कारण पारित नहीं हो सका।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में यह क्षण एक गहरी पीड़ा और आत्ममंथन का विषय बन गया है। महिला आरक्षण से जुड़ा 131वां संविधान संशोधन, जो देश की लगभग 71 करोड़ महिलाओं को 33% राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने का मार्ग खोल सकता था, वह संसद में महज 54 वोटों से अटक गया। यह केवल एक विधेयक की असफलता नहीं, बल्कि उस उम्मीद का ठहर जाना है, जिसे नारी शक्ति के नाम पर वर्षों से जगाया जाता रहा।

लोकसभा में कुल 540 सदस्यों के बीच इस बिल को पास कराने के लिए 360 मतों की आवश्यकता थी, जबकि समर्थन में 298 और विरोध में 230 मत पड़े। इस प्रकार यह विधेयक मात्र 54 वोटों से अधूरा रह गया। यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उन संभावनाओं का अंतर है, जो महिलाओं की भागीदारी को एक नए आयाम तक ले जा सकता था।

सदन में गृहमंत्री अमित शाह ने अपने उद्बोधन में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस देश में ताड़का जैसी नकारात्मक शक्तियों को भी याद रखा जाता है, तो सेतु निर्माण में योगदान देने वाली गिलहरी को भी सम्मान मिलता है। इसी प्रकार इस बिल में सहयोग और विरोध करने वालों को भी देश याद रखेगा। उनका यह वक्तव्य केवल राजनीतिक कटाक्ष नहीं, बल्कि एक गहरे संदेश का संकेत था -कि इतिहास हर भूमिका का मूल्यांकन करता है।

विपक्ष के आचरण पर भी सवाल खड़े हुए। सत्ता पक्ष ने आरोप लगाया कि संसद के भीतर और बाहर विपक्ष का व्यवहार विरोधाभासी रहा - कभी वे जनहित की बात करते हैं, तो कभी महत्वपूर्ण सत्रों से दूरी बनाते हैं। यहां तक कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य नेताओं पर भी कटाक्ष किए गए कि वे सदन में प्रभावी संवाद की बजाय राजनीतिक बयानबाजी में अधिक सक्रिय दिखते हैं।

विपक्ष का तर्क है कि 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को ही प्रभावी रूप से लागू किया जाए, जबकि सत्ता पक्ष का कहना है कि वर्तमान संशोधन अधिक व्यापक और प्रभावी परिवर्तन का माध्यम बन सकता था। इस वैचारिक टकराव के बीच सबसे बड़ा प्रश्न यही उभरता है - क्या राजनीतिक मतभेद महिलाओं के सशक्तिकरण से ऊपर हो गए?

यह विधेयक केवल आरक्षण का प्रावधान नहीं था, बल्कि सामाजिक संरचना में एक निर्णायक बदलाव की दिशा में कदम था। यदि यह पारित होता, तो देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी एक नई ऊंचाई पर पहुंच सकती थी। पंचायत से संसद तक, निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सशक्त उपस्थिति सुनिश्चित होती।

संसद के बाहर भी इस मुद्दे की गूंज सुनाई दी। महिलाओं ने नारों के माध्यम से अपनी नाराजगी व्यक्त की - महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। यह प्रतिक्रिया दशार्ती है कि यह विषय केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक चेतना से भी जुड़ा हुआ है।

यह भी उल्लेखनीय है कि 2014 के बाद पहली बार ऐसा हुआ जब केंद्र सरकार किसी महत्वपूर्ण विधेयक को पारित कराने में असफल रही। यह स्थिति केवल सरकार की रणनीति पर नहीं, बल्कि विपक्ष की भूमिका और जिम्मेदारी पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। अंततः यह घटनाक्रम हमें एक महत्वपूर्ण सीख देता है - लोकतंत्र में केवल बहुमत ही नहीं, बल्कि सहमति और संवेदनशीलता भी आवश्यक है। महिला आरक्षण जैसे विषय पर यदि राजनीति हावी हो जाए, तो यह समाज के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण संकेत है।

सार्थक चिंतनः नारी सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। जब संसद में यह आधारशिला ही डगमगाती है, तो समाज को आत्ममंथन करना आवश्यक हो जाता है - कि हम वास्तव में किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं?

विधेयक भले ही आज पारित नहीं हो पाया, लेकिन देश की महिलाएं इस संघर्ष को यहीं समाप्त नहीं होने देंगी। आने वाले समय में यह विषय और अधिक प्रखरता से उठेगा - क्योंकि नारी का सम्मान, राष्ट्र का सम्मान है।

## संवेदनाओं का सेल्फी स्टिक

अविनाश एक प्रोफेशनल 'इंपैथी ब्लॉगर' था। उसका काम था– दुनिया के दुख को 4के क्वालिटी में दुनिया के सामने पेश करना। एक दिन शहर के चौक पर एक बूढ़ा आदमी भूख से बेहोश होकर गिर पड़ा। अविनाश वहां पहुंचा, पर उसने बूढ़े को उठाने के बजाय अपनी 'सेल्फी स्टिक' निकाली और 'एंगल' सेट करने लगा। उसने अपने फॉलोअर्स से कहा, दोस्तों, आज मैं आपको 'वास्तविक भारत' की भूख दिखाऊंगा। देखिए, इन झुर्रियों में कितना 'कंटेंट' छिपा है। बूढ़े ने कांपते हाथों से अविनाश का पैर पकड़ा और फुसफुसाया, बेटा... पानी। अविनाश चिल्लाया, अरे बाबा, थोड़ा 'नेचुरल' रहिए! ये 'पानी-पानी' बोलकर वीडियो का 'मूड' खराब मत कीजिए। बस एक बार कैमरे की तरफ देखकर थोड़ा और 'बेबस' महसूस कीजिए। भीड़ जमा हो गई, पर हर हाथ में एक स्मार्टफोन था। कोई 'लाइव स्ट्रीम' कर रहा था, तो कोई 'सैड म्यूजिक' के साथ रील बना रहा था। तभी एक छोटा बच्चा अपनी बोतल लेकर आगे बढ़ा, तो अविनाश ने उसे धक्का दे दिया– हटो! फ्रेम खराब हो रहा है। जब बूढ़े की सांसें थम गईं, तो अविनाश ने एक विजयी मुस्कान के साथ 'अपलोड' बटन दबाया। दस मिनट में उसके वीडियो पर एक लाख 'हार्ट' इमोजी आ गए। कॉमेंट्स में लोग लिख रहे थे– सो सैड, हृदयविदारक, मानवता मर गई है। अविनाश ने अपनी गाड़ी स्टार्ट की और अगले 'दुख' की तलाश में निकल पड़ा। उसे अपनी रूह के मरने का गम नहीं था, उसे गम था कि 'अपलोड' के दौरान इंटरनेट की स्पीड थोड़ी कम क्यों थी। उस रात अविनाश को नींद नहीं आई, क्योंकि किसी ने कॉमेंट किया था कि बूढ़े का चेहरा 'फोकस' में नहीं था।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 22 अप्रैल 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:04 सूर्यास्त 18:47
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - षष्ठी 22:50 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - आर्द्रा 22:13 उपरांत पुर्नवशु
योग - अतिगंड 09:08 उपरांत सुकर्मा
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 04 तारिख

**मेष-** भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी।

**वृषभ-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मिथुन-** आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा।

**कर्क-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**सिंह-** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे।

**कन्या-** व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

**तुला-** किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**वृश्चिक-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

**धनु-** मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा।

**मकर-** लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं।

**कुंभ-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा।

**मीन-** नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य न होने से अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## विकास के नाम पर घटती शारीरिक और मानसिक क्षमताएँ




डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय
(दैनिक अवन्तिका)


विकास का भूत कुछ इस प्रकार से सवार हुआ है कि हम विकास के आधार हेतु कुछ ठोस काम करना तो दूर, उसकी चर्चा करना भी भूल गए। किसी भी विकास का आधार हमारा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य होता है। इन दोनों के लिए उत्तम भोजन और योग व्यायाम तथा शारीरिक मेहनत की आवश्यकता होती है। आज के युग में हम वह भोजन करते हैं जो जीभ को स्वाद दे, भले ही शरीर के लिए हानिकारक ही क्यों न हो। देर से सोना और देर तक सोना हमारी दिनचर्या में शामिल हो गया है भले ही इससे हमारे शरीर और मन दोनों में विकार घर कर लें। आज यह देखने में आ रहा है कि जल्दी सोने और जल्दी उठने वाले लोग निरंतर कम होते जा रहे हैं। मशीनों के वशीभूत होकर हम खुद मशीन हो रहे हैं। इससे हमारी संवेदना लगभग शून्य हो रही है।

आज हम विदेशी व्यापार, औद्योगीकरण और मशीनों के विकास को वास्तविक विकास मान रहे हैं, जबकि यही मशीनें हमारा स्वास्थ्य छीन रही हैं। पहले जहां 60-65 की उम्र के बाद याददाश्त कम होती थी, वहीं आज 15-20 साल के बच्चों की याददाश्त कम हो रही है। हर बात के लिए वह कैलकुलेटर, कंप्यूटर और मोबाइल पर आधारित हो गया है। बिना वाहन के यदि 01 किलोमीटर भी जाना हो, तो उसे उसकी नानी याद आ जाती है। शारीरिक क्षमताओं में निरंतर गिरावट यह बताती है कि हमारा आहार-विहार अनियमित हो चुका है। शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन करके ही इसे ठीक किया जा सकता है, परंतु शिक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित करना बहुत सामान्य नहीं है। यदि आज से इस दिशा में मेहनत की जाए, तो भी 20 वर्ष बाद वह परिवर्तन धरातल पर दिखाई देगा।

मशीनों की वशीभूत आज की युवा पीढ़ी मशीनों को ही सब कुछ मान रही है। वह यह विचार नहीं कर रही है कि इन मशीनों को चलाने के लिए हममें शारीरिक और मानसिक क्षमताएं होनी चाहिए। उदाहरण के लिए कितना भी अच्छा कंप्यूटर हो, पर वह किसी पागल के हाथ लग जाए तो वह उसे कैसे चलाएगा? बहुत अच्छी बाइक हो पर क्या वह बिना हाथ पैरों के चलाई जा सकती है? यही स्थिति अन्य मशीनों की भी है। हम मशीनों के मालिक रहें, वहां तक तो ठीक है, पर अब ऐसा लगता है कि हम मशीनों के गुलाम होते जा रहे हैं। यह स्थिति बड़ी ही भयावह है। परिवार के वृद्धजन, समाज सेवा से जुड़े हुए लोग, उच्च पदों पर बैठे हुए अधिकारी और राजनेता इन सभी लोगों के मन में यह बात आ जानी चाहिए कि विकास का आधार शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य है। यह अगर मजबूत नहीं रहेगा तो सारे विकास एक दिन विनाश में परिवर्तित हो जाएंगे। अतः इस दिशा में पूरी शिद्दत से काम होना चाहिए।

01. विद्यालयों में खेलकूद आवश्यक रूप से करवाए जाएं।
02. घरों में रात को जल्दी सोने और सुबह जल्दी उठने का माहौल बनाया जाए।
03. घर के बच्चों को यह बताया जाए कि मोबाइल, कंप्यूटर या वाहन का प्रयोग उतना ही करें, जिससे उनके शरीर और दिमाग को कोई नुकसान न हो।
04. उन्हें यह भी बताया जाए कि किसी भी बड़े से मिलने पर उसे प्रणाम करें और एक-दूसरे को सम्मान दें।
05. बच्चों से घर के काम में हिस्सेदारी पर चर्चा करें। खर्च जहां आवश्यक हो वहीं करें और अनावश्यक खर्चों से बचें। दिखावे के लिए खर्च करना हमें बहुत जल्दी कंगाल बना देता है यह बात उन्हें अच्छी तरह से समझाएं।

# माइग्रेन के दर्द से हैं परेशान तो कम करनें में ये एक चीज होगी मददगार



माइग्रेन एक ऐसी बीमारी है जिसमें असहनीय सिर दर्द होता है। आमतौर पर ये दर्द सिर के आधे हिस्से में होता है। माइग्रेन का दर्द आता-जाता रहता है लेकिन कभी-कभी ये पूरे सिर में भी होने लगता है। यह दर्द कुछ मिनटों से लेकर कुछ दिनों तक जारी रह सकता है।

माइग्रेन के मरीजों को अक्सर ही सिरदर्द की शिकायत रहती है। माइग्रेन में सिर दर्द के अलावा जी मिचलाना, आंखों और कान के पीछे दर्द होना, तेज रोशनी और आवाज से दिक्कत होने जैसे लक्षण भी महसूस होते हैं। ज्यादातर लोग माइग्रेन को गंभीरता से नहीं लेते हैं और इसके दर्द से बचने के लिए पेन किलर ले लेते हैं। बिना डॉक्टर की सलाह से माइग्रेन के दर्द का इलाज खुद से नहीं करना चाहिए।

वैसे तो कुछ घरेलू नुस्खों से माइग्रेन के दर्द से राहत पाई जा सकती है लेकिन एक नई स्टडी के मुताबिक डाइट में एक खास चीज शामिल कर माइग्रेन के दर्द को काफी हद तक कम किया जा सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ओमेगा-3 फैटी एसिड माइग्रेन को आधे तक कम कर देता है। खासतौर से युवा महिलाओं में ओमेगा-3 फैटी एसिड का काफी असर देखने को मिला है।

ये स्टडी ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में छपी है। शोधकताओं ने पाया कि एक हाई ओमेगा-3 डाइट लगातार हो रहे सिरदर्द को दो से चार माह में कम कर सकता है। फैटी एसिड सप्लीमेंट्स और ऑयली फिश के जरिए लिया जा सकता है। दिल के लिए भी ओमेगा-3 फैटी एसिड बहुत असरदार होता है।

ये स्टडी 182 लोगों पर की गई थी जिसमें 88% महिलाएं थीं। इन महिलाओं की औसत उम्र 38 साल के आसपास थी जिन्हें हर महीने 5 से 20 माइग्रेन होता था। इन महिलाओं को तीन अलग-अलग समूहों में बांटा गया था और डाइट के हिसाब से ओमेगा-3 फैटी एसिड की अलग-अलग मात्रा दी गई थी।

वॉलंटियर्स को फिश के साथ, तेल-मक्खन वाले और प्रोटीन फूड दिए गए थे। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक डायरी के जरिए इनकी हर दिन होने वाली माइग्रेन फ्रीक्वेंसी जांची गई। स्टडी में एक दिन में 1.5 ग्राम हाई ओमेगा-3 डाइट लेने वालों में हर महीने लगातार होने वाले सिरदर्द में दो बार की कमी देखी गई। वहीं हाई ओमेगा-3 के साथ कम ओमेगा-6 डाइट वाली महिलाओं ने महीने में चार दिन कम सिरदर्द का अनुभव किया।

शोधकताओं का कहना है कि डाइट में बदलाव के जरिए दर्द का इलाज किया जा सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस स्टडी के बाद माइग्रेन के मरीजों को हाई ओमेगा-3 डाइट लेने की सलाह दी जा सकती है। ब्रिटेन के नेशनल हेल्थ सर्विस के अनुसार, स्वस्थ और संतुलित डाइट में सप्ताह में दो बार ऑयली फिश खानी चाहिए।

**धर्म-आस्था**

# सातों चक्र जागृत होने के बाद कैसे बदलता है जीवन?

मनुष्य के शरीर में मौजूद सात चक्रों की ऊर्जा को समझने और उसे जागृत करने का विज्ञान बेहद दिलचस्प है। हालांकि, इसके जुड़े कई ऐसे भ्रम हैं, जो लोगों को कुण्डलिनी जागरण के असली उद्देश्य और लाभ से भटका देते हैं। कई लोगों को लगता है अगर किसी की कुंडलिनी जागृत हो जाती है, तो वह व्यक्ति बहुत पावरफुल हो जाता है। उसमें कई तरह की शक्तियां आ जाती हैं, जबकि सच तो ये है कि कुण्डलिनी जागरण आपमें कई आश्चर्यजनक बदलाव जरूर करती है लेकिन वो कहीं से भी आपमें सुपर नेचुरल पॉवर जागृत नहीं करती। कुंडलिनी जागरण का सबसे बड़ा लाभ है - आपकी प्राण शक्ति का मजबूत होना और आपमें मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक संतुलन आना। ये सारे आध्यात्मिक पॉवर हैं, जो आपको आत्म-जागरण या आत्मबोध की अवस्था में ले जाते हैं। कुछ लोग इस जागरण की अवस्था को संभाल नहीं पाते, तो उनमें मानसिक असंतुलन और गंभीर दुष्परिणाम भी देखने को मिलते हैं। हर चक्र के जागृत होने के अलग-अलग लाभ हैं और ये सब अलग-अलग तरीके से आपको उन्नत बनाते हैं। इन चक्रों के जागृत होने से किसी में क्या-क्या बदलाव आते हैं।

### मूलाधार चक्र

यह चक्र रीढ़ की हड्डी के निचले भाग में स्थित होता है। यह चक्र सुरक्षा, स्थिरता और आत्मविश्वास से जुड़ा होता है। संतुलित होने पर यह आत्मविश्वास बढ़ाता है और मन को शांत तथा स्थिर रखता है। इससे जीवन में स्थिरता आती है और सुख-समृद्धि बढ़ती है।



अगर यह किसी में असंतुलित हो, तो उसमें डर, असुरक्षा और चिंता का भाव देखने को मिलता है। यह चक्र नाभि के नीचे स्थित होता है। यह चक्र भावनाओं, रचनात्मकता और संबंधों से जुड़ा है। इसके संतुलित होने पर खुशी, क्रिएटिविटी और अच्छे रिश्ते मिलते हैं। साथ ही यह शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है और थकान कम महसूस होती है। असंतुलित होने पर यह भावनात्मक अस्थिरता और तनाव देता है।

### मणिपुर चक्र

यह चक्र नाभि के ऊपर स्थित होता है। यह चक्र आत्मबल, इच्छा शक्ति और निर्णय क्षमता का केंद्र है। इसके संतुलित होने पर आत्मविश्वास और लीडरशिप बढ़ती है, जिसका परिणाम यह होता है कि लोगों के करियर में स्थिरता आती है और उनमें आत्मसम्मान की भावना बढ़ती है। इस चक्र के असंतुलित होने पर हीन भावना और गुस्सा पैदा होता है।

### अनाहत चक्र

यह चक्र हृदय क्षेत्र में स्थित होता है। यह चक्र प्रेम, करुणा और भावनात्मक संतुलन से जुड़ा है। संतुलित होने पर प्यार, दया और शांति की भावना विकसित होती है। साथ ही गुस्सा, डर और नकारात्मक भावनाएँ कम होती हैं। इससे संबंधों में सामंजस्य, करुणा और निःस्वार्थ प्रेम का विकास होता है। इस चक्र के असंतुलित होने पर ईर्ष्या, दुःख और अकेलापन बढ़ता है।

### विशुद्ध चक्र

यह चक्र गले के पास स्थित होता है। यह चक्र अभिव्यक्ति और संवाद का केंद्र है। इसके संतुलित होने पर स्पष्ट बोलना, सच्चाई व्यक्त करना तथा संचार के गुण बढ़ते हैं। असंतुलित होने पर झिझक और गलतफहमी जैसी भावना जीवन में जगह लेने लगती है क्योंकि लोग स्पष्ट रूप से अपने इरादे व्यक्त नहीं कर पाते।

### आज्ञा चक्र

यह चक्र दोनों भौंहों के बीच स्थित होता है। यह चक्र अंतर्ज्ञान और बुद्धि से जुड़ा है। इसकी ऊर्जा संतुलित होने पर सही निर्णय और गहरी समझ जैसी भावना विकसित करता है। साथ ही इससे विवेक, ध्यान शक्ति और आध्यात्मिक दृष्टि भी उन्नत होता है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,53,300, रवा- 1,53,200 चांदी- टंच- 2,45,500 पाट- 2,45,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## सुसनेर में माहेश्वरी महिला संगठन का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न

**सुसनेर।** आगर-शाजापुर जिला माहेश्वरी महिला संगठन की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह रविवार को स्थानीय राजबाग गार्डन में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुसनेर महिला मंडल के आतिथ्य में संपन्न हुआ, जिसमें समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। संगठन की निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्रीमती बीना महेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में मध्यांचल की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. नम्रता बियाणी ने शपथ अधिकारी के रूप में नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष श्रीमती रजनी बजाज सहित समस्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की नव-नियुक्त अध्यक्ष शोभा माहेश्वरी, सचिव साधना बियाणी, पश्चिमी म.प्र. युवा संगठन के अध्यक्ष अभिषेक बजाज, समाज के नगर अध्यक्ष राधारमण लड्डा एवं स्थानीय महिला संगठन की अध्यक्ष ललिता लड्डा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नव-निर्वाचित टीम को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। मंच संचालन श्रीमती रानू लड्डा एवं श्रीमती सोनम बजाज ने किया। अंत में सचिव मीना महेश्वरी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में जिला उपाध्यक्ष सुशीला बंग, रीता लाहौटी, मिथिलेश मानधन्या, रीता माहेश्वरी, सरिता राठी, भारती माहेश्वरी, शिरोमणि माहेश्वरी एवं वंदना मालानी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। 33

## द वर्धमान हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल में मेधावी छात्रों और अभिभावकों का सम्मान

**खाचरौद।** स्थानीय द वर्धमान हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 10वीं के टॉपर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर ललित जी कांकरिया, वैभव जी बुपक्या एवं बालेश जी बुपक्या, प्राचार्या येशा भंसाली एवं उप-प्राचार्य राजकुमार सेजवार ने मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शानदार सफलता पर पुरस्कृत किया। विद्यायल में प्रथम स्थान अरवा - मुफज्जल हुसैन (95%)ने , द्वितीय स्थान रीत - संदीप चौधरी (91%) , तृतीय स्थान सानिध्य - किशोर पाटीदार (91%) , चौथा स्थान अम्मार - जाकिर हुसैन (90%) ने एवं पांचवां स्थान मिथिला - महानंदा सरकार (89% )ने प्राप्त किया। संस्था के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ उनके माता-पिता का भी सम्मान करते हुए कहा कि बच्चों की इस उपलब्धि में शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ परिवार का सहयोग भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंत में सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### उल्टी और पेट दर्द की शिकायत, निजी अस्पतालों में भर्ती कराया

# शादी में दूषित कलाकंद खाने से 150 से अधिक बाराती और मेहमान हुए बीमार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बदनावर

बदनावर के बखतपुरा गांव में एक शादी में दूषित कलाकंद खाने से 150 से ज्यादा लोग बीमार पड़ गए। सोमवार दोपहर को नाश्ता करने के करीब डेढ़ घंटे बाद ही मेहमानों को बेचैनी, उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने लगी।

बताया जा रहा है कि राधेश्याम पटेल के परिवार में शादी थी और रतलाम के पास से बारात आई थी। सगाई की रस्म के बाद सभी मेहमानों और घर-परिवार के लोगों ने कलाकंद और आलू बड़े का नाश्ता किया। नाश्ता करने के कुछ ही देर बाद बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की तबीयत बिगड़ने लगी।



**निजी अस्पतालों में मची अफरा-तफरी**

हालत बिगड़ते देख बीमारों को तुरंत आसपास के गांवों जैसे भैंसोला, संदला और बदनावर के निजी अस्पतालों में ले जाया गया। कुछ बाराती तो वापस लौटते वक्त रास्ते में ही बीमार पड़ गए, जिन्हें मजबूरी में बीच रास्ते के क्लीनिकों पर रुककर इलाज कराना पड़ा। भैंसोला के पाटीदार हॉस्पिटल में मरीजों की सबसे ज्यादा भीड़ रही।

अस्पतालों में भर्ती मरीजों में 8 साल के बच्चों से लेकर 45 साल तक के बड़े शामिल थे। यहां तक कि खाना बनाने वाले कारीगर के साथ काम करने वाली चार महिलाएं भी इसकी चपेट में आ गईं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि ज्यादातर लोगों को तीन घंटे के इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

**प्रशासन की तरफ से कोई जांच नहीं**

करीब 300 लोगों ने वह नाश्ता किया था, जिनमें से आधे से ज्यादा लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए। हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद देर शाम तक प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम जांच के लिए मौके पर नहीं पहुंची थी।

## गोपाल दास वर्मा बने जिलाध्यक्ष



**ब्यावरा।** स्थानीय अंतरराष्ट्रीय प्रान्तीय कार्यकारिणी मप्र शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के निर्णय अनुसार संघ के मुख्य सचिव हरीश कुमार मारण भोपाल की अनुशंसा पर प्रांताध्यक्ष अध्यक्ष सीपी तिवारी सीधी के आदेशानुसार राजगढ़ जिले के अध्यक्ष पद पर गोपाल दास वर्मा को नियुक्त किया है। यह नियुक्ति श्री वर्मा की कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा और संघ के प्रति समर्पित भाव को देखते हुए की है। श्री वर्मा की नियुक्ति पर इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया। प्राचार्य लाखनसिंह यादव, जन शिक्षक जगदीशचंद्र यादव, सीएसी महेन्द्र शाक्यवार, सीएसी कौशल शर्मा, जन शिक्षक अशोक कारपेंटर, जन शिक्षक अशोक यादव, सीएसी ओम दांगी, सीएसी ओम जाटव, सीएसी पुखराज सिंह राठौर, सीएसी रामचरण वर्मा, सीएसी अरविंद मीना, भगवति नामदेव, श्रीमति ऊषा सक्सेना, श्रीमति रजनी शाक्यवार आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आइआइएम से अरवराज छाबड़ा को मिली एमबीए की उपाधि

**सारंगपुर।** सारंगपुर के होनहार छात्र समाजसेवी अश्वेंद्र छाबड़ा के सुपुत्र अरवराज छाबड़ा ने हिमाचल प्रदेश के सिरमौर स्थित आइआइएम से पढ़ाई पुरी कर एमबीए की उपाधि प्राप्त की है। अरवराज को यह डिग्री टाटा ट्रस्ट के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा, चेयरमैन अजय एस श्रीराम एवं डायरेक्ट आइआइएम सिरमौर प्रफुल्ल अग्निहोत्री के करकमलों द्वारा प्रदान की गई। अतिथियों ने छात्र को सम्मान देते हुए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। अरवराज की इस उपलब्धि पर परिजनों सहपाठियों ने बधाई प्रेषित की। अरवराज ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा कि माता पिता के आशीर्वाद से ही यह स्थान और सफलता हासिल की है।



## मोहनलाल कानुड़िया बने आगर मालवा जिलाध्यक्ष



**सुसनेर।** फूलमाली महापंचायत मध्यप्रदेश द्वारा संगठन विस्तार के तहत आगर मालवा जिले के लिए मोहनलाल कानुड़िया (सुसनेर) को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष हरिनारायण माली एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार माली की सहमति से की गई है। जारी नियुक्ति पत्र में संगठन ने उम्मीद जताई है कि मोहनलाल कानुड़िया अपने अनुभव एवं समर्पण के साथ समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। प्रदेश प्रभारी नरेंद्र पुष्पद ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए समाज के विकास एवं एकता के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

# भगवान परशुराम सत्य, न्याय, संस्कार और आत्मसम्मान के दिव्य संदेशवाहक

### शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर भगवान का पूजन-अर्चन कर सामूहिक आरती संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

भगवान परशुराम केवल पराक्रम के प्रतीक नहीं, बल्कि सत्य, न्याय, संस्कार और आत्मसम्मान के दिव्य संदेशवाहक हैं। उनके आदर्शों पर चलकर समाज नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकता है। उक्त उद्गार शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर आयोजित ब्राहम्ण समाज के कार्यक्रम का संबोधित करते हुए समाज के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी पं पीएस पांडेय ने समाजजनों के बीच अपने प्रेरक उद्बोधन में व्यक्त किए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित तहसीलदार पं आकाश शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संगठित करते हैं। युवा पीढी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपनी संस्कृति से शिक्षा प्राप्त कर जीवन संवार सकती हैं। उन्होंने समाज की अनुशासनप्रियता और व्यवस्थापन क्षमता की सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष पं पंकज पालीवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब समाज अपने आराध्य के प्रति समर्पित होकर उत्सव मनाता है, तब नगर का गौरव स्वतः बढता है। ऐसे आयोजन सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक चेतना के



वाहक हैं। इस विशेष अवसर पर समाज में कर्मठता, समर्पण और सहयोग की भावना से चार वर्षों तक सफल संचालन कर संगठन को नवीन गतिशीलता प्रदान करने वाले स्वर्णिम काल के पुरोधा पं संजय शर्मा का कार्यकाल पूर्ण होने पर समाजजनों ने सामूहिक रूप से अभिनंदन कर सम्मानित किया। उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि के साथ उनके योगदान का स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि रविवार को सारंगपुर नगर द्वारा भगवान परशुराम जयंती महोत्सव इस वर्ष अद्वितीय श्रद्धा, अनुशासन, उल्लास और सामाजिक समरसता के साथ मनाया गया। नगर में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक संगठन का ऐसा अनुपम दृश्य उपस्थित हुआ। सायंकाल ध्वजपूजन के पश्चात नगर की सडकों पर आस्था का अद्भुत सागर उमड पडा। ढोल, बैंड, और मंगलध्वनियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रात्रि में समाज के तीनों अध्यक्षों द्वारा भगवान का पूजन-अर्चन कर सामूहिक आरती संपन्ना की गई। दीपों की आभा, मंत्रों की पावन ध्वनि और श्रद्धालुओं के समवेत स्वर ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। आगंतुक अतिथियों का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। पश्चात विशाल सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने एक साथ बैठकर आत्मीयता, समानता और सद्भाव का परिचय दिया। यह महोत्सव केवल पर्व नहीं रहा, बल्कि संगठन, संस्कार, सेवा, सम्मान और सामाजिक समरसता का ऐसा उज्वल अध्याय बन गया, जो सारंगपुर नगर के इतिहास में दीर्घकाल तक स्वर्णाक्षरों में स्मरण किया जाएगा।

## पत्रकारों की सुरक्षा लोकतंत्र में पारदर्शिता लिए आवश्यक -अंसारी

**सारंगपुर।** पत्रकारिता समाज का आईना है, जो समाज को सही दिशा दिखाने के लिए निष्पक्षता और जनहित से कार्य करती है। मैं आज यह स्पष्ट रूप से कहता हूं कि पत्रकारों की सुरक्षा लोकतंत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और सूचित बहस के लिए आवश्यक है, क्योंकि जब पत्रकारों की आवाज दबाई जाती है, तो लोकतंत्र खतरे में पडता है। यह उद्गार सारंगपुर में रविवार को एबी रोड स्थित नमन रेस्टोरेंट पर प्रेस एसोसिएशन की बैठक के बाद सर्वसम्मति से मनोनित नवनियुक्त अध्यक्ष इफ्तिखार अंसारी ने संगठन के सदस्यों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। अंसारी ने कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं और कुरीतियों को उजागर करते हैं, जिससे सरकार को मदद मिलती है और समाज की आवाज बुलंद होती है। हम संगठन की मजबूती और पत्रकारों की सुरक्षित के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे। संगठन संरक्षक कैलाश शर्मा ने कहा कि यदि पत्रकारिता न हो, तो दुनिया अशिक्षित और कुप्रबंधन का शिकार हो सकती है, इसलिए पत्रकारिता की स्वतंत्रता अनिवार्य है। निवर्तम अध्यक्ष अमित कुमार सक्सेना ने कहा कि पत्रकारिता की सुरक्षा का मतलब केवल एक व्यक्ति की सुरक्षा नहीं है, बल्कि समाज के सूचित रहने के अधिकार की रक्षा करना है। बैठक में संगठन को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही नवीन अध्यक्ष को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से संगठन के सदस्य इफ्तिखार अंसारी को सर्वसम्मति से प्रेस एसोसिएशन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान संगठन के सदस्य द्वारा पूर्व अध्यक्ष अमित सक्सेना एवं सचिव शोएब हसन राही को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। वही नवीन अध्यक्ष को सदस्यों द्वारा साफा बांधकर स्वागत किया गया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा बबलू पण्ड्या पिता श्री विजय सिंह पण्ड्या, निवासी- 414, ब्राहम्ण मोहल्ला, ग्राम खरसोद खुर्द, उज्जैन से उनकी क्रयानुबंधित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 110/3/1 रकबा 0.400 हेक्टर, सर्वे नम्बर 113/2 रकबा 0.86 हेक्टर, सर्वे नम्बर 163 रकबा 0.580 हेक्टर, सर्वे नम्बर 162/1/2/2 रकबा 0.210 हेक्टर, सर्वे नम्बर 162/2 रकबा 1.890 हेक्टर, सर्वे नम्बर 112/2 रकबा 0.300 हेक्टर, सर्वे नम्बर 112/1 रकबा 0.300 हेक्टर, सर्वे नम्बर 164/1/2 रकबा 0.480 हेक्टर, सर्वे नम्बर 518/1/2 रकबा 0.660 हेक्टर, सर्वे नम्बर 115 रकबा 2.270 हेक्टर, सर्वे नम्बर 518/2/2 रकबा 0.150 हेक्टर, सर्वे नम्बर 519/2 रकबा 0.700 हेक्टर, सर्वे नम्बर 110/5/2/2 रकबा 0.04 हेक्टर, सर्वे नम्बर 164/2 रकबा 0.700 हेक्टर, सर्वे नम्बर 518/2/1 रकबा 0.150 हेक्टर, सर्वे नम्बर 109 रकबा 0.810 हेक्टर कुल किता 16 कुल रकबा 10.50 हेक्टर, ग्राम नजरपुर, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन में स्थित है, को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो।

इतिः दिनांक- 21/04/2026, उज्जैन

**मोनिका सिंह, एडवोकेट**
**ऑफिस-CF-10, भरतपुरी, उज्जैन**
**मो. नम्बर 98263 42244**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष श्रीमती अंजना कलवानी पति स्वर्गीय श्री शोभराज कलवानी एवं भारती कलवानी पुत्री स्वर्गीय श्री शोभराज कलवानी, विजय कलवानी पिता स्वर्गीय श्री शोभराज कलवानी निवासीगण-172, अलखधाम नगर, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा अपने सयुंक्त, स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का फ्रीहोल्ड राईट्स का भवन क्रमांक 172 पूर्व दिशा वाला भाग, जिसका कुल क्षेत्रफल 92.96 वर्गमीटर स्थित अलखधाम नगर, कॉलोनी, सांवेर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में -भवन क्रमांक 171, पश्चिम में-भवन क्रमांक 172 का शेष भाग, उत्तर में-सड़क एवं दक्षिण में-भवन क्रमांक 173 है, को बंधक रख ऋण सुविधा की मांग की है, उक्त भवन को श्री शोभराज कलवानी पिता श्री नथ्थरमल कलवानी निवासी-उज्जैन (म.प्र.) द्वारा इसके पूर्वस्वामी किशनलाल पिता श्री केवलराम जी भाटिया द्वारा मुख्त्यारआम कपिल कुमार पिता श्री बसंतीलाल जी जैन निवासी-उज्जैन (म.प्र.) से पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 5302 दिनांक 27.03.1997 के द्वारा क्रय किया गया है, श्री शोभराज कलवानी पिता श्री नथ्थरमल कलवानी का स्वर्गवास हो गया है, उनकी मृत्यु के पश्चात उक्त भवन श्रीमती अंजना कलवानी पति स्वर्गीय श्री शोभराज कलवानी एवं भारती कलवानी पुत्री स्वर्गीय श्री शोभराज कलवानी, विजय कलवानी पिता स्वर्गीय श्री शोभराज कलवानी को उनके वैध वारिस एवं उ×राधिकारी होने के नाते उत्तराधिकार में प्राप्त हुआ है, तथा उनके द्वारा यह कथन किया है कि, उनके अतिरिक्त स्वर्गीय श्री शोभराज कलवानी पिता श्री नथ्थरमल कलवानी का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उत्तराधिकारी नहीं है, यदि उक्त भवन को बंधक किये जाने के संबधं में कोई आपत्ति हो या स्वर्गीय श्री शोभराज कलवानी पिता श्री नथ्थरमल कलवानी का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उ×राधिकारी हो या उक्त दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास उपलब्ध या गिरवी हो एवं उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को मेरी पक्षकारा एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांकः-21.04.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर 982722846**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने 1- सुनील सिंह चौहान पिता रमेश सिंह चौहान निवासी- 8/4, डाबरी पिठा, उज्जैन (म.प्र.) 2- कल्पना चौहान पति श्री सुनील जी निवासी- 8/13, गोपाल मंदिर मार्ग, गली न.6, उज्जैन (म.प्र.) कृषकगण ग्राम नईखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व स्वत्व तथा आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 44/1/3/2 रकबा 1.10 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 44/1/3/1 रकबा 1.20 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 2.30 हेक्टेयर स्थित ग्राम नईखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामी को शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे तत्पश्चात विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 5 दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विकय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो।

इति दिनांक 21/04/2026 स्थान उज्जैन

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय :- पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने मेसर्स लकी वुडन एंड स्टील वर्कस पंजीकृत कार्यालय 67/बी, औद्योगिक क्षेत्र, मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा प्रोप्रा. अनवर उल हक वल्द अब्दुल हक निवासी 53, अमरपुरा, उज्जैन के लीज आधिपत्य के दो भूखण्ड जिसका म्यु. क्रमांक 67 का भाग एवं 67 का अन्य भाग जो मक्सी रोड़ औद्योगिक क्षेत्र, उज्जैन मे स्थित है जिसका कुल संयुक्त रूप से क्षेत्रफल 15570 वर्गफीट है अर्थात 1446-500 वर्गमीटर है। उक्त दोनो भूखण्ड जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, उज्जैन के द्वारा लीज पर मेसर्स लकी वुडन एंड स्टील वर्कस को आवंटित किये होकर लीजहोल्ड राईट्स के है एवं उक्त भूखण्डो पर निर्मित फैक्ट्री शेड फ्रीहोल्ड राईट्स का है को मय तला एवं हवाई हक सहित (भूमि रहित) क्रय करने का लिखित अनुबंध किया होकर बयाना राशि भी उन्हे अदा कर दी है तथा शेष राशि अनुबंधानुसार अदा कर विक्रय पत्र का संपादन अपने हित मे किया जाना है।

'उक्त भूखंडों पर निर्मित फैक्ट्री शेड पर यदि किसी भी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, शासन, स्थानिय निकाय, उज्जैन नगर पालिक निगम, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, उज्जैन, वित्तीय संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी व्यक्ति या सक्षम कार्यालय / सक्षम प्राधिकारी का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त भूखंडो पर निर्मित फैक्ट्री शेड़ किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो या उक्त भूखण्डों पर निर्मित फैक्ट्री शेडों का किसी ओर से अनुबंध किया हो, तो इस सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे आकर मेरे कार्यालयीन समय मे संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखंडो पर निर्मित फैक्ट्री शेड के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 22.04.2026, उज्जैन।

**सचिन बजाज एडव्होकेट**
**190, बडा तेलीवाडा, उज्जैन मोबाईल नंबर 9424961104**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भवनस्वामी राधेश्याम पिता रणछोडलालजी धाकड़ से उनके स्वत्व एंव आधिपत्य का मुखिया गली, वार्ड क्रमांक 15. खाचरौद स्थित भवन क्रमांक 32, जिसकी चर्तुःसीमा इस प्रकार है कि, पूर्व में मंसुक भाई का मकान, पश्चिम में मुखिया गली आम रास्ता, उत्तर में अहमद हुसैन का मकान और दक्षिण में सोनीजी का भवन स्थित होकर उक्त भवन की लंबाई पूर्व से पश्चिम 105 फीट एंव चौडाई उत्तर से दक्षिण 12.5 फीट है, जिसमें दो कमरे बने है और पीछे खुला भाग है, जिसमें नल व बिजली कनेक्शन भी है, को क्रय करने का पंजीकृत अनुबंध पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करवाया गया होकर बयाना राशि भवनस्वामी राधेश्याम पिता रणछोड़लालजी धाकड़ को प्रदान कर दी है एवं अनुबंध की मियाद में विक्रय पत्र का निष्पादन एंव पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करवाया जाना है।

उक्त संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, विभाग या अन्य किसी को भी कोई आपत्ति हो, तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय 7. मुखिया गली, खाचरौद में रात्री 7 बजे से लेकर 10 बजे के मध्य मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। अन्यथा 7 दिवस के अवसान के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होकर मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा। अतः सूचित हो।

इति दिनांकः- 21.04.2026

**अभिषेक व्यास एडवोकेट**
**7, मुखिया गली, खाचरौद, जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 9926076151, 8319448214**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरी पक्षकारा श्रीमती कमलाबाई पति स्व. श्री मनोज अग्रवाल, उम्र 61 वर्ष, धंधा शासकीय नौकरी, निवासी ग्राम-घटिया, जिला-उज्जैन (म.प्र.) ने अपने पुत्र योगेश पिता स्व. श्री मनोज अग्रवाल, उम्र-32 वर्ष, धंधा-मजदूरी, निवासी-बी-सेक्टर, खण्डेलवाल नगर, मक्सी रोड़, उज्जैन एवं पुत्रवधु श्रीमती विनिता उर्फ वेदिका पति योगेश अग्रवाल, पुत्री श्री मोहनलाल पाल, उम्र-30 वर्ष, धंधा-गृहणी, निवासी-31, धनश्री नगर, अनपूर्णा नगर, इंदौर (म.प्र.) के द्वारा मेरी पक्षकारा के प्रति दुर्व्यवहार, कदाचरण एवं मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने तथा मेरी पक्षकार के स्वामीत्व एवं आधिपत्य के मकान जो मेरी पक्षकार ने स्वकष्टोपार्जित आय से अपने नाम से क्रय किया को अपने नाम से करने हेतु दबाव बनाने तथा नौकरी के, बैंक के एवं अन्य शासकीय रेकार्ड में नामिनी के रूप में दर्ज करवाने हेतु दबाव बनाने तथा मेरी पक्षकारा द्वारा मना करने पर मेरी पक्षकारा और मेरी पक्षकारा के अन्य पुत्रों एवं बहुओं को जहर देकर जान से मारने एवं झुठे दहेज प्रताड़ना आदि के प्रकरण दर्ज करवाने की धमकी देने के कारण तथा अक्सर मेरी पक्षकार से रुपएं जबरजस्ती छीन कर ले जाने के कारण मेरी पक्षकारा ने अपने पुत्र योगेश और पुत्र वधु विनिता उर्फ वेदिका से समस्त संबंध समाप्त कर लिये हैं तथा अपनी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हैं तथा घर से निकाल दिया हैं। विगत तीन माह से पुत्र योगेश और पुत्र वधु विनिता उर्फ वेदिका संयुक्त परिवार से अलग निवास कर रहें हैं। तभी से मेरी पक्षकारा का अपनी पुत्र योगेश और पुत्र वधु विनिता उर्फ वेदिका से कोई संबंध या सारोकार नहीं रहा हैं तथा कोई भी बैंक, संस्था या व्यक्ति मेरे पुत्र योगेश एवं पुत्र वधु विनिता उर्फ वेदिका से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार नहीं करे यदि किसी व्यक्ति संस्था द्वारा कोई संव्यवहार किया जाता हैं तो उसमें उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा उसमें मेरी पक्षकारा का या मेरी पक्षकारा के अन्य दोनों पुत्रों का कोई उत्रदायित्व नहीं होगा। इसी प्रकार से मेरी पक्षकारा के पुत्र योगेश और पुत्र वधु विनिता उर्फ वेदिका द्वारा किये गये कृत्य या संव्यवहार के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होगे। इसमें मेरी पक्षकारा का कोई हित या लेने देने नहीं होगा। सूचित हो।

इति दिनांक 21/04/2026

**नारायण राव पावसे, एडवोकेट**
**66, नाकोड़ा धाम, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो.नं. 7000750488**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, खाचरौद जिला-उज्जैन (म.प्र.)

फोन 07366-231042 फेक्स नं.-07366-231030 | E-mail-cmokhachrod@mpurban.gov.in

कमांक / रा.शा./2026/795 | खाचरौद, दिनांक 17/04/2026

# (नामान्तरण विज्ञप्ति)

इस सूचना द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि निम्नांकित विवरण की निकाय स्वामित्व की दुकानो के स्वामित्व /उत्तराधिकारी की ओर से आवेदन पत्र इस कार्यालय में म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 संशोधित अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम फरवरी 2016 तथा संशोधित नियम 2021 के अनुसार नाम परिवर्तन कर दुकान कर संग्रहण रजिस्टर में दर्ज की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप कार्यवाही की जाना है। अतः जिस किसी को नाम लागू किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेजों के प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं निकाय द्वारा प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | प्रकरण क्रमाक | दुकान नं. | वार्ड | मोहल्ले का नाम | वर्तमान न.पा. रिकार्ड में दर्ज | हस्तांतरणकर्ता का नाम | भवन/भूमि जिसके नाम होना हैं | नामांतरण चाहे जाने का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 551 X7(9)/2025 | सी-ब्लाक 14 | 21 | नागदा रोड नवीन बस स्टेण्ड | अंकुर पिता भेरूलाल राठौर | अंकुर पिता भेरूलाल राठौर | सुभाष पिता कैलाश राठौर | सहमति पत्र |
| 2 | 10 X7(9)/2026 | 2 | 21 | भौपा कालोनी | श्रीमति आशा पति राजेश सेन | श्रीमति आशा पति राजेश सेन | श्रीमति रजिया बी पति अब्दुल वाजीद श्रीमति साजेदा बी पति अब्दुल कलाम | सहमति पत्र |
| 3 | 69 X7(9)/2026 | 3 | 13 | राजेन्द्र सुरी मार्ग बडनगर रोड | जमीर अहमद पिता अब्दुल बशीर | जमीर अहमद पिता अब्दुल बशीर | श्रीमति जैनब बी पति जमीर अहमद | मृत्यु प्रमाण पत्र/ शपथ पत्र |
| 4 | 75 X7(9)/2026 | 6 | 9 | बागपुरा | राकेश पिता कन्हैयालाल शर्मा | राकेश पिता कन्हैयालाल शर्मा | अयाज उददीन पिता फिदा उददीन कुरैशी | सहमति पत्र |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद खाचरोद**

## शाजापुर में भिलाला समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**शाजापुर।** शहर में भिलाला समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में बड़ी संख्या में जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समाज के संयोजक भूपेंद्र ने बताया कि सम्मेलन में शाजापुर सहित राजगढ़, इंदौर, ब्यावरा और पचोर क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और सामाजिक एकता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे और जिला मंत्री उमेश टेलर ने विशेष रूप से शिरकत की और नवविवाहित जोड़ों को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। आयोजन के अंत में संयोजक भूपेंद्र ने इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियों, समाजजनों और स्थानीय प्रशासन का आभार माना।

## झोंकर से हज के मुकद्दस सफर पर रवाना हुए दंपत्ति

**शाजापुर।** ग्राम झोंकर निवासी अब्दुल रशीद खान और उनकी पत्नी शमशाद बी पवित्र हज यात्रा के लिए रवाना हुए। यह हाजी दंपत्ति 23 अप्रैल को मुंबई एयरपोर्ट से सऊदी अरब के लिए उड़ान भरेंगे। इस मुबारक मौके पर सुबह से ही उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। परिजनों, मित्रों और ग्रामीणों ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका इस्तकबाल किया और नम आंखों से भावभीनी विदाई दी। सभी ने हाजी दंपत्ति से इस मुकद्दस सफर पर दुआओं की दरख्वास्त की। इस दौरान पूर्व सरपंच हाजी अब्दुल नासिर खान, पत्रकार वसीम खान सहित कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सनातन साधना, सेवा और धर्मरक्षा का संदेश

**शुजालपुर।** नगर स्थित महर्षि गौतम आश्रम में सप्तऋषि ब्राह्मण समाज समिति एवं परशुराम सेना के तत्वावधान में आदि गुरु शंकराचार्य महाराज की जयंती श्रद्धा, भक्ति और वैदिक गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विधिवत पूजन, वैदिक मंत्रोच्चार एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सनातन धर्म, वेदांत दर्शन और सामाजिक जागरण जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. रवि दुबे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन के साथ हुआ। पूर्व पार्षद एवं सामाजिक कार्यकर्ता पं. प्रवीण जोशी ने बताया कि संगोष्ठी में वक्ताओं ने आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अल्पायु में ही संपूर्ण भारत का भ्रमण कर वेद, उपनिषद और अद्वैत दर्शन की पुनर्स्थापना की। उनका जीवन धर्म, सत्य, साधना और समाज संगठन के लिए समर्पित रहा। वक्ताओं ने कहा कि जब-जब समाज दिशाहीन होता है तब ऐसे महान संत ही उसे पुनः धर्ममार्ग पर स्थापित करते हैं। शंकराचार्य का जीवन न केवल आध्यात्मिक प्रेरणा देता है, बल्कि सनातन परंपरा की रक्षा, वैदिक ज्ञान के प्रसार और सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। कार्यक्रम में पूर्व समाज अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, समाज अध्यक्ष जनक जोशी, डॉ. आशीष दुबे, गंगाधर शर्मा, परशुराम सेना जिलाध्यक्ष रामानुज समाधिया, नरेंद्र शर्मा, के एन शर्मा, ओम पंचोली, संजय उपाध्याय, वीरेंद्र उपाध्याय, अनिल शर्मा, अर्पित शर्मा, विनय शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## शुजालपुर मंडी में गेहूं की आवक सबसे अधिक

**शुजालपुर।** कृषि उपज मंडी समिति शुजालपुर में मंगलवार को विभिन्न कृषि जिंसों की आवक और भाव में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मंडी से मिली जानकारी अनुसार कुल अनाज व फल सब्जी मंडी 9,922 क्विंटल उपज की आवक दर्ज की गई, जबकि कुल 1,168 अनुबंध हुए। मंडी में गेहूं की सर्वाधिक 4,278 क्विंटल आवक रही। गेहूं का न्यूनतम भाव 2085 रुपए और अधिकतम 2821 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज हुआ, जबकि मॉडल रेट 2340 रुपए रहा। वहीं सोयाबीन की आवक 450 क्विंटल रही जिसका अधिकतम भाव 5790 रुपए तक पहुंचा। चना वर्ग में सफेद चना 1128 क्विंटल के साथ प्रमुख रहा। इसके भाव 4800 से 8080 रुपए के बीच रहे। हरा चना कम आवक 50 क्विंटल के बावजूद 11200 रुपए प्रति क्विंटल के उच्चतम स्तर तक पहुंचा, मसूर की 170 क्विंटल आवक दर्ज हुई, जिसके भाव 6300 से 7301 रुपए रहे। सरसों के भाव 4601 से 6161 रुपए प्रति क्विंटल के बीच बने रहे। सिटी स्थित सब्जी मंडी में प्याज की 500 क्विंटल आवक रही, जिसके भाव 300 से 1300 रुपए तक रहे। लहसुन की आवक 3100 क्विंटल के साथ उल्लेखनीय रही। लहसुन के भाव 1000 से 10500 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे, जबकि मॉडल रेट 6100 रुपए दर्ज किया गया।

## सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर आज

**शुजालपुर।** मानवीय सेवा समिति द्वारा सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी में 22 अप्रैल बुधवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयोजकों ने बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार रक्तदान करने से हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है, शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है तथा अतिरिक्त आयरन की मात्रा संतुलित रहती है। भागीदारी सुनिश्चित करें।

# एबी रोड पर बारात की बस बनी आग का गोला

## 50 बारातियों ने कूदकर बचाई जान, लाखों का सामान खाक

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



शादी की खुशियां उस वक्त दहशत में बदल गईं, जब आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर दौड़ती एक बस अचानक धू-धू कर जल उठी। मौत को सामने देख बस में सवार करीब 50 बारातियों ने आनन-फानन में बस से कूदकर अपनी जान बचाई। यह खौफनाक हादसा मंगलवार दोपहर ग्राम सनकोटा के पास हुआ, जहां इंदौर से गुना जा रही एक स्लीपर कोच बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि इस भीषण अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बस में रखा दूल्हे-दुल्हन का कीमती सामान, जेवरात और नकदी सब राख में तब्दील हो गए।

**केबिन से भड़की आग, छोड़कर भागा ड्राइवर**-जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर इंदौर से गुना जा रही बारात की स्लीपर कोच बस जैसे ही शाजापुर के ग्राम सनकोटा के करीब पहुंची, इसके आगे के हिस्से केबिन में अचानक आग भड़क उठी। आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही बस में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों ने किसी तरह खिड़कियों और दरवाजों से कूदकर अपनी जान बचाई। इसी अफरा-तफरी के बीच बस का ड्राइवर और क्लीनर मौके से फरार हो गए।

**खराब थी बस, मालिक ने जबरदस्ती बिठाया था**-इस हादसे ने बस मालिक की लापरवाही की भी पोल खोल दी है। दूल्हे के भाई राजेंद्र ने बताया, हम इंदौर से गुना जा रहे थे। सफर की शुरुआत में ही हमने बस के ड्राइवर और हेल्पर को बताया था कि गाड़ी की स्थिति ठीक नहीं लग रही है, लेकिन बस मालिक ने हमें जबरदस्ती इसी बस में बिठा दिया और कहा कि आगे हाईवे पर पहुंचने के बाद आपको दूसरी बस में शिफ्ट कर दिया जाएगा। राजेंद्र ने रुंधे गले से बताया कि बस के साथ-साथ उनका पूरा सामान जलकर खाक हो गया। बैग में रखे दूल्हे-दुल्हन के कपड़े, कीमती जेवरात और नकदी, सब कुछ इस आग की भेंट चढ़ गया।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**-लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुनसिंह मुजाल्दे ने बताया कि सनकोटा के पास एक स्लीपर कोच में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि बस का ड्राइवर और क्लीनर फिलहाल फरार हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूछताछ व जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रशासन मौके पर, दमकल ने पाया काबू

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। शाजापुर कलेक्टर और एसपी यशपाल सिंह राजपूत भारी पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर दो दमकल गाड़ियां भी बुलाई गईं, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, जब तक आग बुझी, बस का केवल लोहे का ढांचा ही बचा था।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सियासत तेज

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सियासी टकराव, अर्चना चिटनिस ने विपक्ष पर साधा तीखा हमला



**उज्जैन।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 को लेकर राजनीतिक बयानबाज़ी तेज हो गई है। प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने विपक्षी दलों पर महिलाओं के अधिकारों में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह कदम देश की आधी आबादी के सम्मान के खिलाफ है।

स्थानीय होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके जैसे दलों ने अधिनियम को लागू करने की प्रक्रिया में रोड़ा अटकाकर अपनी महिला विरोधी मानसिकता उजागर की है। उन्होंने कहा कि महिलाएं सब कुछ भूल सकती हैं, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलतीं। चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम था, जिसे राजनीतिक स्वार्थों के कारण रोका गया। उनके अनुसार, यह लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को टालने का प्रयास है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर उनका रवैया केवल चुनावी मुद्दा रहा है। उन्होंने शाहबानो प्रकरण, तीन तलाक और अनुच्छेद 370 जैसे मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि विपक्ष ने हमेशा महिला हितों के विरुद्ध काम किया है।

चिटनिस ने कहा कि परिसीमन को लेकर विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं होगा और संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं और यह अधिनियम उसी दिशा में एक बड़ा प्रयास है। उन्होंने कहा कि देश की करोड़ों महिलाएं इस पूरे घटनाक्रम को देख रही हैं और भविष्य में इसका राजनीतिक असर देखने को मिलेगा। पत्रकार वार्ता में विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रमिला यादव, प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र भारती, मीडिया प्रभारी राकेश पंड्या, विवेक गुप्ता, दिनेश जाटवा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में सुनी गयी आमजनों की समस्याएँ, अधिकारियों को निराकरण के दिये निर्देश



**गुना।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आज विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये।

इस दौरान लगभग 181 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा आर्थिक सहायता राशि से संबंधित चेक संबंधित आवेदकों को प्रदान किये। आवेदक सरनाम पुत्र स्व.श्री भवूत सिंह निवासी ग्राम हिनोतिया गिर्द को उनके इलाज के लिए 10 हजार रूपये तथा आवेदक संजय प्रजापति निवासी ग्राम गादेर तहसील चांचौड़ा को उनके आवेदन पर विचार कर 05 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। मंगलवार जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अभिषक दुबे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

## समस्या के समाधान की आस लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे लोग, जनसुनवाई में कलेक्टर के सामने आए 91 मामले

**शाजापुर।** हाथ में अपनी परेशानियों की फाइलें और मन में समाधान की आस लिए मंगलवार को जिले भर से फरियादी शाजापुर कलेक्ट्रेट पहुंचे। मौका था मुख्यमंत्री जनसुनवाई का, जहां जिले की मुखिया यानी कलेक्टर ऋजु बाफना खुद आम जनता के बीच मौजूद थीं। इस जनसुनवाई में अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे लोगों ने कुल 91 आवेदन प्रशासन के सामने रखे। सुबह से ही अपनी बारी का इंतजार कर रहे लोगों ने एक-एक कर कलेक्टर को अपनी परेशानियां बताईं। कलेक्टर बाफना ने भी बिना किसी जल्दबाजी के, पूरी संवेदनशीलता के साथ हर एक फरियादी की बात सुनी। उन्होंने न सिर्फ लोगों को आश्वासन दिया, बल्कि मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि इन सभी 91 आवेदनों को सिर्फ फाइलों में न दबाया जाए, बल्कि तय समय-सीमा के भीतर इनका उचित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर के साथ-साथ जिला पंचायत की सीईओ अनुपमा चौहान और अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम मनीषा वास्कले ने भी कमान संभाले रखी। इनके अलावा जिले के तमाम विभागों के आला अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे, ताकि जिस विभाग से जुड़ी शिकायत आए, उस पर वहीं के वहीं एक्शन की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

# 60 जोड़ों का विवाह सम्मेलन हुआ संपन्न



**गुना।** बमोरी विधानसभा के भूराखेडी में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 60 जोड़ों का विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस संबंध में समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश लोधा कंचनपुरा ने बताया है कि सर्वप्रथम सम्मेलन समिति ने हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात गंगाजली पूजन करके गंगाजली यात्रा निकाली गई जो पांडाल में पहुंची जहां पूजा-अर्चना करके समापन के साथ ही सामाजिक रशमे हुई। सम्मेलन समिति का मुख्य उद्देश्य यह है कि बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए वा समाज कल्याण को ध्यान में रखते हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन किया गया। जिसमें बचे हुए धन को बच्चों कि पढ़ाई एवं स्वरोजगार में लगाकर आत्मनिर्भर बनें, हमारे शास्त्रों के अनुसार सोलहा संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण संस्कार पाणिग्रहण संस्कार माना गया है। शाम को गनाना कार्यक्रम के बाद कमर कलेऊ देकर सामाजिक रशमे अपनाते हुए टीका फलदान वा वारोठा हुआ। वारोठा के समय समिति ने रंगीन आतिशबाजी कि इसके पश्चात तोरण द्वार पर तोरन मारकर दूल्हा दुल्हन मंडल में प्रवेश करके मंत्रोंउच्चार कर सामाजिक रशमे अपनाते हुए दूल्हा दुल्हन के पैर पूजकर कन्या के माता पिता ने कन्यादान किया इसके पश्चात दुल्हन के परिवार जनों ने पैरपूजकर चरणामृत लेकर ग्रहण किया। इसके पश्चात ब्रह्म मुहूर्त में सात फैरों के सातों वचन हुऐ वा दुल्हन कि दूल्हा के द्वारा मांग भर के मंगलसूत्र वा विचुणी पहनाकर मांग भराई हुई सुबह के समय दूल्हा दुल्हन को बिधाई दी ग। इस प्रकार सम्मेलन समिति ने 15 दिन दिनरात महनत करके सम्मेलन सफल कराया जिसमें कई समाज सेवियों ने उपहार स्वरूप सामान भैंट कर वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया।

### यह सम्मेलन होना वांकी है

जिनमें ग्राम ठैऊआ में सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 अप्रैल को होगा। वर पक्ष का पंजीयन 11501, तथा वधु पक्ष कि तरफ से 5501 रूपये में होगा। इसके बाद ढोलवाज में सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 अप्रैल को होगा जिसकी पंजीयन शुल्क वर पक्ष की 11001 एवं वधू पक्ष की 10001 रुपए रखी गई। वहीं 29 अप्रैल को मदागन माफी में सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। जिसकी पंजीयन राशि वर पक्ष की 13551 वधू पक्ष की 13051 रुपए रखी गई। इसके पश्चात आवन में 7 मई को में विवाह सम्मेलन होगा समिति द्वारा जिसका झंडा गाड़ कर तैयारियां शुरू कर दी हैं। नयागांव का विवाह सम्मेलन 5 मई को होगा। जिसकी तैयारी करने में समिति लगातार करने में जुटी हुई है।

# निजातपुरा में फूटी पाइप लाइन, घरों में पहुंचा नल से गंदा पानी, क्षेत्र में जल संकट गहराया

**उज्जैन।** मंगलवार को निजातपुरा क्षेत्र में पेयजल पाइपलाइन फूटने से हालात बिगड़ गए। पीएचई की जल सप्लाई के दौरान कई घरों में नलों से नाली का गंदा और मटमैला पानी पहुंचा, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।





पाइपलाइन डैमेज होने के कारण पूरे क्षेत्र में जल संकट की स्थिति बन गई। कई घरों में पानी की सप्लाई नहीं हो पाई, जबकि जहां पानी आया वह उपयोग योग्य नहीं था। ऐसे में लोगों को अपने दैनिक उपयोग के लिए पानी जुटाने हेतु इधर-उधर भटकना पड़ा। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार, पिछले लंबे समय से क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, लेकिन कार्य की गति बेहद धीमी है और ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। खुदाई के दौरान पहले भी कई बार पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे बार-बार जल संकट की स्थिति बनती रही है। क्षेत्र में अन्य समस्याएं भी बनी हुई हैं। सड़कों पर खुदाई के कारण मार्ग अस्त-व्यस्त हैं और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। इससे कीचड़, दुर्गंध और मच्छरों की समस्या बढ़ गई है, जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। मंगलवार को पाइपलाइन फूटने के बाद सड़कों पर पानी भर गया और खुदे हुए गड्ढे भी पानी से लबालब भर गए। रास्तों पर पानी और कीचड़ जमा होने से आवागमन भी बाधित हुआ और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ लामबंद हुआ भारतीय मजदूर संघ सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों में अल्प वेतन और असुरक्षित भविष्य के साये में काम कर रहे बाह्य स्त्रोत आउटसोर्स कर्मचारियों के हक में अब भारतीय मजदूर संघ ने मोर्चा खोल दिया है। ठेका प्रथा के नाम पर हो रहे कर्मचारियों के आर्थिक और मानसिक शोषण को बंद करने तथा उनके भविष्य को सुरक्षित करने की मांग को लेकर मंगलवार को संघ ने मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत 17 सूत्रीय ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। भारतीय मजदूर संघ, जिला शाजापुर के बैनर तले संघ के जिला मंत्री राजेन्द्र वर्मा और संगठन मंत्री अशोक राठौर प.क्षे. बिजली कर्मचारी महासंघ कैंप, शाजापुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां उन्होंने एसडीएम मनीषा वास्कले को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा और आउटसोर्स कर्मियों की पीड़ा से शासन को अवगत कराया। ज्ञापन में मांग की गई कि आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए अलग से निगम मंडल या सर्विस सिक्योरिटी एक्ट बनाया जाए। इसके साथ ही समान कार्य-समान वेतन का सिद्धांत अविलंब लागू किया जाए। बिना किसी ठोस कारण या उच्च स्तरीय जांच के किसी भी कर्मचारी को सेवा से पृथक न किया जाए। नियमित पदों के विरुद्ध काम कर रहे आउटसोर्स कर्मियों को 62 वर्ष की आयु तक सेवा का सुरक्षित अवसर प्रदान किया जाए, कर्मचारियों की दुर्घटना बीमा राशि बढ़ाकर 20 लाख रुपये की जाए।

साथ ही ई.एस.आई. और ई.पी.एफ. का लाभ सभी को अनिवार्य रूप से दिया जाए, ठेका प्रथा को पूरी तरह समाप्त कर कर्मचारियों को सीधे विभाग या संस्था के माध्यम से वेतन भुगतान किया जाए और यह सुनिश्चित हो कि वेतन हर महीने की 7 तारीख तक अनिवार्य रूप से मिल जाए, कार्य अनुभव के आधार पर कर्मचारियों का श्रेणी उन्नयन (अकुशल से कुशल आदि) किया जाए और उनकी दक्षता बढ़ाने के लिए हर वर्ष कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि यदि आउटसोर्स कर्मचारियों की जायज मांगों पर शासन द्वारा शीघ्र संज्ञान लेकर निराकरण नहीं किया गया।

# विपक्षी दलों ने राजनीति के तराजू में तौला महिलाओं का अधिकार, जनता सिखाएगी सबक – प्रभारी मंत्री

## पत्रकार वार्ता में जिला चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं का मुद्दा उठा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के रवैये को महिलाओं के अधिकारों का चीरहरण करार देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की आधी आबादी को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर सशक्त बनाना चाहते हैं, लेकिन विपक्षी दलों ने अपनी संकीर्ण राजनीति के चलते इस ऐतिहासिक कदम में अड़ंगा डाल दिया है। प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने केवल एक विधेयक का नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान और अधिकारों का विरोध किया है, जिसे देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी।

पत्रकार वार्ता के दौरान सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में अधिनियम के हर बिंदु को स्पष्ट किया था, इसके बावजूद विपक्ष ने भ्रम और झूठ फैलाकर इसे रोकने का प्रयास किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष का असली चेहरा सामने आ गया है, जो केवल चुनाव के समय समर्थन का ढोंग करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर चुप नहीं बैठेगी और जन-जन तक जाकर विपक्षी दलों की इस असलियत को उजागर करेगी। मध्य प्रदेश में भी इस विषय पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाएगा और नगर निकायों में इसके समर्थन में प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों ने प्रभारी मंत्री के समक्ष जिला चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। पत्रकारों ने अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने सहित व्याप्त विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। प्रभारी मंत्री के आश्वासन पर सवाल भी उठाये। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने भी जिला चिकित्सालय में रेडियॉलिस्ट नियुक्ति हेतु सुझाव दिए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, मीडिया प्रभारी निलेश जैन सहित कई भाजपा पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## किसानों को फर्टिलाइजर उपलब्ध कराने में नाकाम रही सरकार- शर्मा



**संजीत।** किसान विरोधी केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की डॉ, मोहन यादव की सरकार किसानों को फर्टिलाइजर उपलब्ध कराने में पूरी तरह नाकाम रही है। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि ज्ञात कि किसानों को रबी एवं खरीब की फसल में पर्याप्त खाद की आवश्यकता होती है किन्तु सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानो को समय पर खाद नही मिलता है सुबह से शाम तक लंबी लाइन लगाकर बमुश्किल एक से दो बेग किसानों को मिलते है।शर्मा ने कहा कि इससे उत्पादन पर भी विपरीत असर पड़ रहा है पहले ही किसानों को किसी भी उपज के वाजिब दाम नही मिल रहे है और लागत मूल्य भी नही मिल रहे है।शर्मा ने कहा कि अगर समय पर किसानों को पर्याप्त फर्टिलाइजर उपलब्ध नही हुवा तो किसानों के साथ कांग्रेस बड़ा आंदोलन भी करेगी इस समस्या के समाधान को लेकर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही कलेक्टर एवं समन्धित अधिकारीयो से मिलेगा।

## 500 ग्राम एमडी ड्रग्स और 5 किग्रा डोडाचूरा के साथ दो गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना पुलिस ने 500 ग्राम एमडी ड्रग्स और 5 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, आरोपियों द्वारा सुजुकी एक्सेस स्कूटर के माध्यम से तस्करी की जा रही थी। प्राप्त जानकारी अनुसार 20 अप्रैल को सउनि रशीद पठान को मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने डिगांव कचनारा रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी की। इस दौरान शक्करखेड़ी गांव के पास सुजुकी एक्सेस स्कूटर क्र. एमपी 14 जेडइ 4253 को रोका गया। वाहन चालक ने अपना नाम अय्यूब पिता अफजल खान पठान निवासी दौलतपुरा, मंदसौर बताया। तलाशी लेने पर स्कूटर पर रखे एक बैग में 500 ग्राम एमडी ड्रग्स और 5 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। मामले में पुलिस ने अय्यूब के साथ ही दूसरे आरोपी सोहेल पिता अब्दुल खान निवासी बालागंज को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

## डॉ गौरांग को नेत्र चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्ण पदक

**नीमच।** मनासा नगर एवं पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि नगर के प्रतिभाशाली युवा डॉ. गौरांग कुमावत ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए परीक्षा में पूरे भारत में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर उन्हें प्रतिष्ठित डॉ. जी. वेंकटास्वामी स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज नई दिल्ली के 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदान किया जाएगा। डॉ. गौरांग ने जून 2025 सत्र में आयोजित छहक्क फाइनल परीक्षा में नेत्र रोग विशेषज्ञता विषय में देशभर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर मनासा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## शिक्षक चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान से वंचित

**रतलाम।** सामान्य प्रशासन विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा शिक्षक/अध्यापक संवर्ग को 35 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान देने संबंधी आदेश जारी किया गया है। शासन के निदेर्शानुसार स्कूल शिक्षा विभाग में पात्र शिक्षकों को इसका लाभ देने की प्रक्रिया जारी है। कर्मचारी नेता दीपक सुराना ने बताया कि उक्त आदेश से जहां स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक लाभान्वित हो रहे हैं, वहीं प्रदेश के जनजाति कार्य विभाग में कार्यरत हजारों शिक्षक इस लाभ से वंचित हैं।

## गर्मी का असर, स्कूल टाइम बदला

**रतलाम।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। नए आदेश के तहत सभी सरकारी और निजी स्कूल अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगे। इससे पहले स्कूलों का समय दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित था ।

# हजरत निजामुद्दीन-दादर के मध्य सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

यात्रियों की सुविधा एवं ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा रतलाम मंडल से होकर हजरत निजामुद्दीन से दादर के मध्य गाड़ी संख्या 04002/04001 हजरत निजामुद्दीन दादर हजरत निजामुद्दीन आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वाराजारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 04002 हजरत निजामुद्दीन से 21 अप्रैल से 14 जुलाई 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। यह ट्रेन 23.45 बजे हजरत निजामुद्दीन से चलकर रतलाम (1035/ 10.40, बुधवार) होते हुए बुधवार को 22.40 बजे दादर पहुँचेगी ।

इसी प्रकार, ट्रेन संख?या 04001 दादर से 23 अप्रैल 2026 से 16 जुलाई 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को चलेगी। यह ट्रेन दादर से 0.15 बजे चलकर रतलाम (9.30/ 9.35, गुरुवार) होते हुए गुरुवार को 21.35 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 13-13 फेरे संचालित किए जाएंगे।

यह ट्रेन फस्ट एसी, सेकंड एसी एवं थर्ड एसी कोच के साथ चलेगी। इस ट्रेन को दोनों दिशाओं में कोसी कलां, मथुरा, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है।

गाड़ी संख्या 04001 के लिए टिकटों की बुकिंग 22 अप्रैल 2026 से सभी यात्री आरक्षण केन्द्रों एवं आई आरसीटीसी बेवसाईट पर शुरू होगी।

ट्रेनों के ठहराव, संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया पोर्टल पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं। इसके साथ ही यात्री रेलवन ऐप के माध्यम से भी ट्रेनों की अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# करमदी के पास तालाब से दो युवकों के शव मिलने का मामला गरमाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

करमदी तालाब में दो युवकों के शव मिलने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों और क्षेत्रवासियों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। उन्होंने माणकचौक थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे से अधिक समय तक चले इस प्रदर्शन में लोगों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, पांच दिन पहले ग्रामीणों ने चोरी के संदेह में प्रकाश नाम के युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। इसी दौरान उसके दो साथी–मुन्ना और शंकर–मौके से फरार हो गए थे। परिजनों का आरोप है कि घटना के तीन दिन बाद दोनों युवकों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में करमदी तालाब से बरामद हुए।

प्रदर्शन कर रहे परिजनों और रहवासियों का कहना है कि यह महज डूबने की घटना नहीं है। उनका आरोप है कि मुन्ना और शंकर के साथ कुछ गलत हुआ है। परिजनों का कहना है कि पुलिस अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है।

तेज गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं और परिजन थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान मृतकों की माता और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था, जिससे माहौल बेहद भावुक हो गया। स्थिति को बिगड़ता देख नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।



## मंडी प्रवेश के पूर्व किसानों को आधार कार्ड दिखाने का तुगलकी निर्णय वापस ले मोहन सरकार

**पिपलीया मंडी।** भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा दुःखी एवं परेशान अन्नदाता किसान है सरकार नित नए फरमान जारी कर किसानों को परेशान करने पर आमादा है।प्रदेश की भाजपा की मोहन सरकार एवं मध्यप्रदेश राज्य विपणन बोर्ड भोपाल द्वारा एक तुगलकी आदेश जारी किया है कि कृषिउपज मंडी मे आधार कार्ड दिखाने का सिस्टम तत्काल लागू कर दिया है। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा कांग्रेस नेताओ के साथ कृषि उपज मंडी पहुंचे और किसानों से चर्चा की किसानों ने बताया कि भाजपा सरकार ओलावृष्टि और तेज बारिश से हुवे नुकासानी का मुआवजा व बीमा तो नही दे रही है और किसानों से मंडी प्रवेश के पूर्व आधार कार्ड मांग कर क्या दर्शाना चाहती है क्या हम उपज चोरी करके मंडी में बेचने आरहे है कि हम आसमान पर खेती कर रहे है,कुल मिलाकर हम किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों से किसान पहले ही काफी परेशान है किसी भी उपज के इन्हें वाजिब दाम नही मिल रहे है । किसानों को मंडी प्रवेश से पूर्व ही अपना आधारकार्ड दिखाना होगा।शर्मा ने कहा कि सरकार इस तुगलकी निर्णय को तत्काल वापस ले।

# नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु बसों की सघन जांच और मेडिकल स्टोर्स पर सख्त निगरानी करें- कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिले में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम, नियंत्रण तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में बैठक हुई जिसमें कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि नारकोटिक्स के विरुद्ध कार्रवाई में आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सभी विभाग तालमेल के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करें तथा सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित करें।

उन्होंने विशेष रूप से अंतरराज्यीय बसों में सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए, जिससे मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने सफेमा के अंतर्गत कार्रवाई, जब्ती प्रक्रिया एवं ऐनडीपीएस प्रकरणों में निरंतर जांच एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया कि जिले की समस्त मेडिकल दुकानों पर केमिकल स्टॉक की नियमित जांच की जाए, स्टॉक रजिस्टर का संधारण सुनिश्चित किया जाए तथा सिंथेटिक खाद्य पदार्थों की भी सघन जांच कर आवश्यकतानुसार नोटिस जारी किए जाएं। औद्योगिक क्षेत्रों में उपयोग किए जा रहे रसायनों की जानकारी एकत्रित कर उनकी सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। जिले में अफीम, भांग आदि मादक फसलों की अवैध खेती पर कड़ी निगरानी रखने तथा ऐसे क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि स्कूलों एवं महाविद्यालयों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिले में नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा उनकी कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाया जाए। बैठक में एसपी विनोद कुमार मीना, एएसपी टी.एस. बघेल,उपस्थत थे।

# कांग्रेस ने भगवा दुपट्टा पहन सरकार की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

महिला आरक्षण बिल को लेकर देश में जारी राजनीति के बीच आज मंदसौर के ऐतिहासिक गांधी चौराहा पर एक अलग ही नजारा देखने को मिला। शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने हाथों में भगवा दुपट्टा पहनकर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने पं. बाबूलाल नागर के सानिध्य में आयोजित सद्बुद्धि यज्ञ में आहुतियां डालकर प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार को महिला आरक्षण बिल तत्काल लागू करने की प्रेरणा देने की प्रार्थना ईश्वर से की गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रही है और कांग्रेस को महिला विरोधी बताकर झूठा प्रचार कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने हमेशा महिला सशक्तिकरण का समर्थन किया है और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय से ही महिलाओं को पंचायतों में आरक्षण देकर इसकी नींव रखी गई थी।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह आरक्षण की आड़ में उत्तर और दक्षिण भारत की सीटों का समीकरण बदलने की राजनीति कर रही है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा, कांग्रेस नेता मनजीत सिंह टुटेजा, अजय लोढ़ा, महेश गुप्ता, विश्वनाथ सोनी, रमेश ब्रिजवानी, शिवशंकर सोलंकी, शुभम कुमावत, प्रीतम पंचोली, सुनील बसेर, संजय नाहर, सुनील गुप्ता, सादिक गौरी, आदर्श जोशी, राखी सत्रावाला, सोनाली जैन, अनीता भदौरिया आदि उपस्थित थे।

# कुरीतियों और विकृतियों को त्यागकर ही श्रेष्ठ भारत का निर्माण संभव -जोशी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच




भारत में विदेशी या आयातित की अपेक्षा अब 'स्व' को केंद्र में रखकर आचरण का अभ्यास करना होगा। भारत को सही मायने में उच्च शिखर पर ले जाना है तो अपनाना होगा- मैं बदलूंगा तो युग बदलेगा। इसके लिए कुरीतियों, विकृतियों का त्याग करना नितांत आवश्यक है।

यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व अखिल भारतीय सर संघ चालक श्री सुरेश भैया जी जोशी ने नीमच के टाउन हॉल में आयोजित प्रमुख मातृशक्ति और प्रमुखजन गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। प्रथम सत्र में भैया जी जोशी ने मातृशक्ति से संवाद किया। आपने महिलाओं से परिवार, सामाज, विभिन्न वर्गो, व्यवस्थाओं, आदिकाल की परंपराओं, रीतियों, कुरीतियों, रूढ़ियों और सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रबुद्ध महिलाओं ने विभिन्न बिंदुओं पर समाज मे समानता और सुधार की संभावनाओं पर विचार रखे। द्वितीय सत्र में प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें भारत की संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाने में अवरोध बन रही परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई। समाज के विभिन्न वर्ग के प्रमुखजनों ने सामाजिक व्यवस्था में परिवर्तन और सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। पूर्व सर कार्यवाह भैया जी जोशी ने इन सत्रों में कहा कि भारत में हिंदू हैं लेकिन हिंदुत्व का अभाव दिखाई देता है। भारत मे रहकर भी भारतीय नहीं बन पा रहे हैं। आज भी सामाजिक, जातिगत भेदभाव सबसे बड़ी चुनोती है। जन्म के आधार पर जब पृकृति ने कोई भेद नहीं किया तो हम ऊंच नीच, भेदभाव, स्पृश्य अस्पृश्यता जैसी कुप्रथाओं को क्यों ढो रहे हैं। आज तत्वज्ञान आचरण को जीवन और सिद्धांतों में लाने वाले हिंदुओ की आवश्यकता है। हिंदू की सही पहचान उसके जीवन मूल्यों से है। पुरातन काल की कुछ प्रथाएं आगे चलकर कुरीतियों और विकृति में बदल गई। उन्हें त्यागे बिना हम सुदृढ़ राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते। आधुनिकता को स्वीकार करें सदुपयोग करें लेकिन पाश्चात्य सभ्यता को जीवन का हिस्सा न बनने दें। पौराणिक काल मे नदियों, पेड़ पृकृति की पूजा की परंपरा रही, लेकिन अधिनिकता के दौर में हम इन्हें छोड़ते गए।

## न्यूज कालम



### जैन समाज की 100 से अधिक तपस्वियों का वर्षीतप पूर्ण

**नीमच ।** शहर सोमवार को पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया, जब सबसे अधिक वर्षीतप करने वाली तपस्वियो का शहर के प्रमुख मार्गो से वर घोंडा निकाला गया द्य वही प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन आगामी 21 अप्रैल से होगा। श्री आदिनाथ जिनालय एवं जिन कुशल सूरी खरतरगच्छ ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ने शहर के धार्मिक माहौल को चरम पर पहुंचा दिया। इस विशेष अवसर पर 100 से अधिक वर्षीतप पूर्ण करने वाले तपस्वियों ने बग्गियों में सवार होकर शोभायात्रा में भाग लिया। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकली जिनके साथ परिजन व समाजजन ढोल नगाड़ों के साथ झूमते भाव विभोर होकर अनुमोदना करते चल रहे थे द्य जो पुस्तक बाजार होकर जैन भवन पहुंचे द्य समाजजन व अतिथियों सहित आमंत्रितों का स्वामी वात्सल्य राठौर परिसर में संपन्न हुआ द्य इस तरह आज का दिन पारिवारिक परिस्थितियों में भी तपस्वियो का आचरण कर शहर व क्षेत्र की 100 तपसियों ने धर्म मार्ग का अनुसरण किया।

### इनरव्हील क्लब ने पक्षियों के लिए वितरित किए जलपात्र

**मन्दसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए जलपात्र वितरण किये गये। क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बताया कि डॉ. संजीव नरेंद्र मेहता परिवार के सहयोग से शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को पक्षियों हेतु पानी के बर्तन वितरित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बेजुबान पक्षियों को गर्मी के मौसम में पीने का पानी उपलब्ध कराना और समाज में जीव दया का संदेश प्रसारित करना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पक्षियों के प्रति संवेदनशील रहने और नियमित रूप से जलपात्रों में पानी भरने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शशि मारू ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में समझाया। कार्यक्रम में शिमला जैन, प्रीति छाबड़ा, जमना बाफना, शशि झलोया सहित क्लब की अनेक सदस्य उपस्थित रहीं। प्रधानाध्यापक रत्नेश पारख ने अतिथियों का स्वागत किया और आभार क्लब उपाध्यक्ष अंजना पटेल ने माना।

### रिश्ता देखने गए परिवार के घर का टूटा ताला, नकदी,बाइक व जेवरात चोरी

**नीमच।** शहर के उपनगर ग्वालटोली तालाब क्षेत्र में सुने घर मे चोरी की घटना हो गई है द्य अज्ञात बदमाश सुनने मकान में सेंमारी के प्रयास में रहते हैं ऐसे में अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान का ताला चटका कर नकदी, मोटरसाइकिल और सोने-चांदी के आभूषण उड़ा दिए। पीड़िता पिंकी पति कालू नायक ने नीमच सिटी थाने में रिपोर्ट में दर्ज कराई कि वह मजदूरी का कार्य करती है द्य जब रविवार 19 अप्रैल को वह अपनी बेटी के रिश्ते के लिए रतलाम गई थी। लौटने के दौरान दोपहर करीब 12 बजे उसे पड़ोसी का फोन आया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। शाम करीब 8 बजे जब वह वापस लौटी तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा हूआ था द्य घर से अज्ञात बदमाशों ने रोजमर्रा के काम के लिए रखी नगदी सोने चांदी के आभूषण और मोटरसाइकिल ले उड़े बाहर से आने के बाद यूनिवर्सिटी पुलिस को घटना की रिपोर्ट कराई गई।

### 260 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से भरे स्व-गणना फॉर्म

**मन्दसौर।** जिले की मल्हारगढ़ तहसील में स्व-गणना अभियान के तहत प्रशासन द्वारा एक नवाचार किया गया, जिसमें 260 आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से स्व-गणना फॉर्म भरे। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी ब्रजेश मालवीय की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकताओं को न केवल फॉर्म भरवाया गया, बल्कि उन्हें इस प्रक्रिया का विस्तृत प्रशिक्षण भी दिया गया ताकि वे ग्रामीण स्तर पर आम नागरिकों को जागरूक कर सकें। प्रशिक्षण सत्र में कार्यकताओं को ऑनलाइन फॉर्म भरने की विधि और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। तहसीलदार मालवीय ने बताया कि स्व-गणना की यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और सरल है। जिला प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर मात्र 5 से 10 मिनट में अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर स्व-गणना अभियान में सहभागी बनें। यह पहल न केवल समय की बचत करेगी बल्कि जनगणना के डेटा को अधिक सटीक बनाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

### साइबर सेल ने ठगी के शिकार पीड़ितों को लौटाए 6.19 लाख रुपये

**मंदसौर।** ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए मंदसौर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर सेल को बड़ी सफलता मिली है। साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिछले तीन महीनों में 9 अलग-अलग प्रकरणों में पीड़ितों के खातों से उड़ाई गई कुल 6 लाख 19 हजार 477 रुपये की राशि को सफलतापूर्वक रिकवर कर फरियादियों को वापस लौटाया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में साइबर टीम ने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से ट्रांजेक्शन ब्लॉक करवाकर यह उपलब्धि हासिल की। इस सराहनीय कार्य में साइबर सेल प्रभारी रितेश नागर, प्रधान आरक्षक आशीष बैरागी, मुजफ्फर और आरक्षक मनीष बघेल की मुख्य भूमिका रही।पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक पर क्लिक न करें और न ही ऑनलाइन ट्रेडिंग के झांसे में आएं। पुलिस ने आगाह किया है कि लुभावने ऑफर्स के चक्कर में अपनी गोपनीय जानकारी जैसे ओटीपी, पिन या पासवर्ड किसी से साझा न करें।

### मंत्री सावित्री ठाकुर ने स्व. हरीश गुप्ता के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की

**पिपलियामंडी।** नगर में स्वर्गीय हरीश गुप्ता ब्रेनमास्टर समाचार पत्र के संपादक के निधन पर शोक की लहर बनी हुई है। इसी क्रम में सावित्री ठाकुर, राज्यमंत्री (महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार) 21 अप्रैल को स्व हरीश गुप्ता के निवास पर पहुँचकर परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें ढांढस बंधाते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।



## कनिका गुप्ता ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल किया

**जीरापुर।** जहां एक ओर अभिभावकों में अपने बच्चों को बड़े शहरों और निजी विद्यालयों में पढ़ाने की होड़ लगी हुई है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर यह सिद्ध कर दिया है कि सफलता के लिए महंगे संसाधनों की नहीं, बल्कि मेहनत और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। पीएम गागोरनी विद्यालय की छात्रा कनिका गुप्ता, पिता राजेंद्र गुप्ता ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। विशेष बात यह है कि कनिका ने बिना किसी कोचिंग के केवल विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह सफलता अर्जित की है। कनिका गुप्ता ने मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुपर 100 (वर्ष 2026) परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए NEET की तैयारी हेतु प्रदेश में छठा स्थान तथा खएए के लिए 11वां स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने विज्ञान ओलंपियाड में जिले में प्रथम एवं संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इसी विद्यालय के छात्र सोमेश दुबे ने कक्षा 12वीं में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट परिणाम दिया है। सोमेश दुबे ने संभाग एवं राज्य स्तर पर कई बार वेद पाठ में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं शिक्षकों के कठिन परिश्रम को दिया है। विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अक्षय तृतीया पर्व पर भगवान परशुराम जी का अभिषेक कर आरती की



**खाचरोद।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा अक्षय तृतीया का पावन पर्व पर भगवान परशुराम का अभिषेक समाजजन द्वारा किया गया। पूजन अर्चन कर आरती की गई। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 22 अप्रैल को भगवान परशुराम जी का प्राकृटयोत्सव पर श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर से शाम 4बजे से नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ। सुनहरियाबाग श्री नरसिंह मंदिर समापन होगा। भगवान परशुराम जी की महाआरती पश्चात महाप्रसादी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम सर्व ब्राह्मण अध्यक्ष विक्रम शर्मा, युवा अध्यक्ष मनीष शर्मा, महिला अध्यक्ष श्रीमति यामिनी जोशी, परशुराम वाहिनी अध्यक्ष अक्षत शर्मा द्वारा समाजजन से अपील की गईं ।

## ग्राम गुलखेड़ी कलॉ से ईमानदारी और भाईचारे की मिसाल बने कुरैशी

### श्रमिक भिलाला को लौटाए गुम हुए 45,450 रुपये



**सारंगपुर।** आजकल कोई भी खोई हुई चीज वापस मिलना लगभग नामुमकिन है, फिर चाहे वो पैसे हों या कोई आम चीज। लेकिन सारंगपुर जनपद के गुलखेड़ी ग्राम पंचायत में एक घटना एक व्यक्ति की ईमानदारी और मानवता को दर्शाती है। यहां एक गरीब व्यक्ति के 40 हजार रुपए से ज्यादा की राशि कहीं गिर गई थीं। गरीब व्यक्ति को उसके मिलने की उम्मीद खत्म-सी हो गई थी, लेकिन एक व्यक्ति ने ईमानदारी दिखाते हुए उनके घर तक आकर पैसा लौटाया। एक दिल को छू लेने वाले मामले की जानकारी सरपंच मुकेश मालवीय, समाजसेवी अनिल कुंभकार ने देते हुए बताया कि हमारे ग्राम गुलखेड़ी कलॉ से ईमानदारी और भाईचारे की एक शानदार मिसाल सामने आई है। उन्होंने बताया कि आज ग्राम सरेड़ी निवासी श्रमिक अनिल भिलाला के 45,450 रुपये कहीं गिर गए थे, जो ग्राम गुलखेड़ी कलॉ निवासी मोहम्मद वसीम कुरेशी को मिले। लेकिन उन्होंने लालच नहीं किया, बल्कि असली मालिक की तलाश में जुट गए और आखिरकार रकम श्रमिक अनिल भिलाला को लौटा दी। कुंभकार ने कहा की ऐसे दौर में, जब लोग सड़क हादसों में भी मदद करने के बजाय सामान लूटने लग जाते हैं, वहीं इस तरह की ईमानदारी दिल को सुकून देती है। सच में, 45,450/- हजार रुपये लौटाना कोई छोटी बात नहीं हैं। कुरेशी रुपए वापस लौटाने आए तो भिलाला और उनके घर वाले बहुत खुश हुए और आखिरकार उन्होंने राहत की सांस ली। कुरेशी के ईमान को देखकर उनकी आँखों में खुशी के आँसू झलक पड़े। सच है, हर मोड़ पर आज-कल ऐसी मानवता नहीं मिलती। हम शुक्रिया कहना चाहते हैं कुरेशी जी और उनके जैसे हर नेक व्यक्ति को, जिन्होंने समाज में इंसानियत को जीवित रखा है।



## रोशनी चौहान को सुयश

**उन्हेल।** ज्ञानदीप कान्वेंट हाई सेकेंडरी स्कूल लेकोडा आंजना की छात्रा रोशनी पिता राजेश नाथ चौहान ने कक्षा 12 वी (हॉयर सेकेंडरी) में 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने गांव लेकोडा आंजना एवं चौहान परिवार का नाम रोशन किया है।

# सालरिया गोअभ्यारण्य बना ऊर्जा आत्मनिर्भरता का मॉडल, बायोगैस से चल रही रसोई से लेकर बिजली तक

### गोबर गैस से रोशन हो रहा गोअभ्यारण्य, क्षेत्र में ऊर्जा और स्वच्छता का अनोखा संगम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा द्वारा संचालित गोअभ्यारण्य सालरिया आज बायोगैस के अभिनव उपयोग के माध्यम से ऊर्जा आत्मनिर्भरता का सशक्त मॉडल बनकर उभर रहा है। यहां स्थापित 85 घन मीटर क्षमता के चार बायोगैस संयंत्र न केवल गोशाला की आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और आर्थिक बचत के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

गोअभ्यारण्य परिसर में इन संयंत्रों से उत्पादित गैस का उपयोग रसोई में भोजन प्रसाद तैयार करने तथा गोमाता के लिए गोभंडारा (लापसी) बनाने में किया जा रहा है। विशेष रूप से यह पहल इस मायने में महत्वपूर्ण है कि अब परंपरागत ईंधन पर निर्भरता कम हो रही है और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है इसके साथ ही बायोगैस से संचालित जनरेटर के माध्यम से परिसर में बिजली आपूर्ति की जा रही है। जिससे लाइट, पंखे और अन्य आवश्यक उपकरण सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। इतना ही नहीं, गोमाता के पीने के लिए जल सप्लाई की मोटरों का संचालन भी इसी गैस से किया जा रहा है जो इस मॉडल को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाता है। गो अभ्यारण्य के सह प्रबंधक पूनम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 में बायोगैस की उपयोगिता अत्यधिक बढ़ गई है। यह अब केवल ग्रामीण चूल्हे तक सीमित न रहकर ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छता और किसानों की आय बढ़ाने का एक मजबूत माध्यम बन चुकी है। महंगी एलपीजी और वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच बायोगैस एक किफायती और स्थायी विकल्प के रूप में उभर रही है। उन्होंने बताया कि बायोगैस वेस्ट-टू-वेल्थ की अवधारणा को साकार कर रही है। गोबर और जैविक अपशिष्ट से गैस उत्पादन के साथ-साथ इससे निकलने वाली स्लरी का उपयोग जैविक खाद के रूप में किया जा रहा है। जिससे खेती की लागत कम होती है और भूमि की उर्वरता में वृद्धि होती है। यह गोशालाओं और किसानों के लिए अतिरिक्त आय का साधन भी बन रही है। सरकार द्वारा भी बायोगैस और बायो-सीएनजी परियोजनाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे आयातित गैस पर निर्भरता कम हो सके और देश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। यह तकनीक स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को भी मजबूती प्रदान कर रही है, क्योंकि इससे कचरे का वैज्ञानिक निपटान संभव हो रहा है। पर्यावरणीय दृष्टि से भी यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। बायोगैस के उपयोग से प्रदूषण में कमी आती है और स्वच्छ ईंधन के प्रयोग से स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही यह बिजली की बढ़ती मांग के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा उत्पादन का एक प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है, जिससे विद्युत ग्रिड पर दबाव कम किया जा सकता है।

सालरिया गोअभ्यारण्य का यह सफल प्रयोग न केवल सुसनेर क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश और देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया है। यहां गोबर से गैस, गैस से ऊर्जा और ऊर्जा से आत्मनिर्भरता का जो मॉडल विकसित किया गया है। वह भविष्य में ग्रामीण विकास और सतत ऊर्जा के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करता है।

# सिटी फोरलेन का कार्य बंद होने से जनता त्रस्त, शिवसेना ने दी आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



नगर में निमार्णाधीन डायवर्शन रोड फोरलेन (सिटी फोरलेन) का कार्य इन दिनों अत्यंत धीमी गती से चल रहा है। पिछले कुछ समय से निर्माण कार्य पूर्णतः बंद होने के कारण मुख्य मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं तथा धूल-मिट्टी के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है और यातायात व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

### अधिकारियों से चर्चा और मांग

स्थानीय नागरिकों को हो रही इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शिवसेना द्वारा उक्त निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण करने की मांग को लेकर लोक निर्माण विभाग उज्जैन को पत्र प्रेषित किया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की गई।

### कार्यपालन यंत्री ने दिया आश्वासन

इस संबंध में कार्यपालन यंत्री श गौतम अहिरवार ने आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही स्थल का निरीक्षण करेंगे और संबंधित ठेकेदार को वर्षा ऋतु के पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### आंदोलन की चेतावनी

शिवसेना ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जनहित में यह कार्य जल्द प्रारंभ नहीं किया गया, तो शिवसेना द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर शिवसेना युवासेना प्रदेशाध्यक्ष प्रभात पुरानिया, युवासेना जिला अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, पूर्व तहसील अध्यक्ष भगवान सिंह सोलंकी, मिहिर गुप्ता आदि शिवसैनिक उपस्थित थे।



## राजपूत समाज के 22 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न

**बदनावर।** नागदा रंगाराखेड़ी स्थित राजपूत समाज धर्मशाला में सोमवार देर रात सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ। इस दौरान राजपूत समाज के कुल 22 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। विवाह की रस्में रात 8 बजे संपन्न हुईं, जिसके बाद सिचावनी का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह समिति ने नवविवाहित जोड़ों को घरेलू उपयोग की वस्तुएं भेंट कीं। रात लगभग 9:30 बजे वर-वधू को विदाई दी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक भंवरसिंह शेखावत भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज के विकास के लिए सामाजिक सहभागिता महत्वपूर्ण है। विधायक शेखावत ने बताया कि ऐसे सम्मेलनों से लाखों रुपए की बचत होती है, जिससे फिजूलखर्ची रुकती है और सामाजिक संगठन मजबूत होता है। सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष कमलसिंह पटेल ने समाजजनों की सक्रियता और सहभागिता की सराहना की।

## जनसुनवाई में बच्चों को वापस दिलाने के लिए मां की गुहार

**देवास।** जनसुनवाई के दौरान एक महिला ने अपने बच्चों को वापस दिलाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। नेवरी निवासी ममता पाटीदार ने मंगलवार को कलेक्टर को एक आवेदन सौंपा, जिसमें उन्होंने अपने सास-ससुर पर पति की मौत के बाद बच्चों को न लौटाने का आरोप लगाया है।

ममता पाटीदार ने बताया कि उनका विवाह वर्ष 2012 में शिवपुर मुंडला निवासी नरेंद्र पाटीदार से हुआ था। कुछ माह पूर्व उनके पति की करंट लगने से मौत हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद से ही उनके सास-ससुर दोनों बच्चों को अपने साथ ले गए हैं और उन्हें बच्चों से मिलने भी नहीं दिया जा रहा है।

### जनसुनवाई में लगाई की शिकायत

महिला ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में नेवरी थाना क्षेत्र में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ममता ने अब जनसुनवाई में पहुंचकर प्रशासन से न्याय की मांग की है और अपने बच्चों को वापस दिलाने का आग्रह किया है।

इस मामले में एडीएम संजीव कुमार जैन ने पुष्टि की है कि महिला का आवेदन प्राप्त हो गया है। उन्होंने संबंधित थाने को मामले में कार्रवाई और जांच के निर्देश दिए हैं।

### नाबालिग बोली- कल शादी नहीं हुई तो भाग जाऊंगी

# प्रशासन की तीन घंटे की समझाइश पर मानी, इंदौर से आनी थी बारात

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास में महिला एवं बाल विकास विभाग और चाइल्डलाइन की टीम ने सोमवार को अमोना में एक बाल विवाह रुकवाया। यह विवाह कल (21 अप्रैल) होने वाला था, जिसके लिए इंदौर से बारात आनी थी।

टीम को बाल विवाह की सूचना मिली थी, जिसके बाद वे लड़की के घर जांच के लिए पहुंचे। दस्तावेजों की जांच में पता चला कि लड़की नाबालिग है और उसे बालिग होने में लगभग छह माह का समय शेष है।

### आर्थिक हालत ठीक नहीं है

परिजनों ने टीम को बताया कि वे आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण बेटी का विवाह कर रहे थे। वहीं, लड़की ने टीम की समझाइश मानने से इनकार कर दिया। उसने धमकी दी कि यदि उसका विवाह नहीं कराया गया तो वह भाग जाएगी और 21 अप्रैल को ही तय लड़के से शादी करेगी।

सुपरवाइजर रूखसाना शेख और वंदना खरे ने बताया कि लड़की अपनी शादी पर अड़ी हुई थी, क्योंकि बारात आने में केवल एक दिन शेष था और सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं।

लगभग तीन घंटे की समझाइश के बाद लड़की विवाह को छह माह के लिए टालने पर सहमत हुई। इसके बाद टीम ने परिजनों और लड़की से संकल्प पत्र भरवाकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान चाइल्डलाइन की टीम भी मौजूद रही।

### अप्रैल की शुरूआत से ही पारा चल रहा 40 के पार

# इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में उछाल, कूलर-फ्रिज की रिकॉर्ड तोड बिक्री

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



अप्रैल की शुरूआत से ही गर्मी ने जैसे सारंगपुर में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने पहले ही अनुमान जताया था। दिन का तापमान अभी से ही 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। शहर के इलेक्ट्रॉनिक बाजार में जबरदस्त हलचल देखने को मिल रही है। शहर के व्यापारी कह रहे हैं कि आमतौर पर पंखे, कूलर, फ्रिज और एसी जैसे उत्पादों की बिक्री 25 अप्रैल के बाद शुरू होती है, लेकिन इस बार मार्च के दूसरे सप्ताह से ही ग्राहक दुकानों का रुख करने लगे थे।

खास बात यह है कि होली के बाद से मांग में लगातार बढोतरी हो रही है। गर्मी की इस समय से शुरूआत ने लोगों को कूलिंग से जुडी सुविधाओं की ओर तेजी से मोड दिया है। सबसे ज्यादा डिमांड कूलर और फ्रिज की है। बाजार में अब ऐसे फ्रिज सबसे ज्यादा बिक रहे हैं, जिनमें फ्रीजर नीचे और अन्य सेक्शन ऊपर होते हैं, ताकि उपयोगकर्ता को बार-बार झुकना न पडे। इनकी कीमत 20 हजार रुपये से शुरू है। एसी में 25 हजार से लेकर एक लाख तक की रेंज, इनवर्टर टेक्नोलॉजी और स्मार्ट कंट्रोल फीचर्स लुभा रहे। एसी की मांग भी तेजी से बढी है, खासकर उन ब्रांड्स की जिनमें पांच साल की वारंटी है। 25,000 से लेकर एक लाख रुपए तक की रेंज में आने वाले इन एसी में इनवर्टर टेक्नोलॉजी और स्मार्ट कंट्रोल जैसे फीचर्स भी ग्राहकों को लुभा रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार अक्षत जैन के अनुसार, सारंगपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स से जुडी लगभग दर्जनभर से अधिक दुकानें हैं। रोज औसतन लाखो रुपए का व्यापार हो रहा है, जो मई तक बढ़ने की उम्मीद है।

शहर में कूलरों की बात करें तो अब ग्राहक पानी की कम खपत वाले, लंबे समय तक चलने वाले और नॉइस फ्री यानी कम आवाज करने वाले कूलरों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इनमें रिमोट कंट्रोल जैसे फीचर्स भी मिल रहे हैं। ऐसे कूलर की कीमत 3 हजार से 30 हजार रुपए तक है। अप्रैल से शुरू होकर जून तक चलने वाले विवाह सीजन ने इस ट्रेंड को और मजबूती दी है। इस दौरान न सिर्फ कूलर, एसी और फ्रिज की बिक्री तेज होगी, बल्कि एलईडी टीवी, मिक्सर, जूसर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की भी खपत बढेगी। दुकानदारों ने इस सीजन को देखते हुए पहले से ही स्टॉक भर लिया है और दुकानों के बाहर ही डिस्प्ले लगा दिया है, ताकि ग्राहक सीधे चयन कर सकें।



## सदाचार और संस्कारयुक्त जीवन अपनाने का संदेश

**बड़नगर।** हमें जीवन में सदाचार का मार्ग अपनाना चाहिए। वेद मार्ग लोक कल्याण का मार्ग है। हमें अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी देना चाहिए। संयुक्त परिवार में रहना सीखना चाहिए, क्योंकि वहीं संस्कारों का उदय होता है। हमारे घरों में नित्य घर सभा होना चाहिए। फास्ट फूड और जंक फूड से बच्चों को दूर रखना चाहिए। मां अपने बच्चों को अपने हाथों से बना भोजन खिलाए, जिससे वात्सल्य भाव उत्पन्न होता है। उक्त उद्गार स्वामी नारायण संप्रदाय के संत सुदर्शन स्वामीजी ने व्यक्त किए। उनके साथ भक्ति मंगल स्वामीजी भी उपस्थित थे। दोनों संत जयपुर से पधारे थे। उन्होंने यह विचार स्वामी नारायण संप्रदाय के भक्त पंडित रामनिवास नवहाल के निज निवास पर व्यक्त किए। इस अवसर पर स्वामीजी का चरण पूजन सत्यनारायण शर्मा, सवारियां शर्मा,अरविंद व्यास,शेरसिंह झाला, हीरालाल चौहान एवं रामनिवास नवहाल ने किया। स्वस्ति वाचन राजकुमार शर्मा ने किया। अंत में स्वामीजी का आभार श्रीनाथ नवहाल ने माना।

## पुजारी शंकरदास बैरागी का निधन

**बड़नगर।** श्रीराम मंदिर बिसलखेडी के पुजारी शंकरदास बैरागी का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है। श्री बैरागी भगवान की पुजा अर्चना कर नैवेध का भोग लगाकर भगवान की प्रार्थना कर रहे थे कि अचानक उन्होने अपने प्राण त्याग दिये। उपस्थित जन में पास में रखी चरणाअमृत उनके मुह में पिलायी और परिवारजनों ने डॉक्टर परिक्षण करवाया किन्तु वे अपनी देह त्याग चुके थे इस प्रकार की मृत्यु होना अद्भुत घटना है। उनकी शवयात्रा ग्राम के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि, समाजजन उपस्थित थे। पुत्र प्रभु बैरागी द्वारा चंबल नदी के तट पर मुखाग्नि देकर उनका अन्तिम संस्कार किया ।



## अक्षय तृतीया को हिंगलाज माता का किया श्रृंगार व कलश पुजा

**बड़नगर।** प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी मैं सोमवार अक्षय तृतीया को शुभ मुहूर्त में माता का विशेष श्रंगार किया गया। मंदिर में नया कलश जल भरकर स्थापित कर उसकी पूजा अर्चना की गई। पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि अक्षय तृतीया पर नये कलश का बड़ा महत्व है । इसमें भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी का वास होता है कलश कि पूजा शुभ मुहूर्त में अक्षय व कुमकुम से करने पर वर्ष भर परिवार में सुख समृद्धि कायम रहती है।



## पाटीदार समाज का 42 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न



**सारंगपुर।** पाटीदार समाज के तत्वाधान में आयोजित 42 सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थानीय मास्टरमाइंड कान्वेंट स्कूल सारंगपुर परिसर में सोमवार को संपन्ना हुआ। इसमें समाज के साथ जोडों ने वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार वैवाहिक बंधन में बंद कर नए जीवन की शुरूआत की। सम्मेलन में विवाह संस्कार आचार्य पंडित सुनील कुमार शर्मा निवासी ग्राम कालूखेडा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से कराए गए। समिति अध्यक्ष मोहनलाल रावत ने बताया कि सुबह 5 से 6 बजे तक वर वधुओ एवं समाज जनों का आगमन हुआ। इसके बाद बारात का प्रवेश हुआ। 6 से 7 बजे के बीच गणेश पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान विधि पूर्वक कराए गए। 7 बजे मंडप प्रवेश, पैर प्रक्षालन, शुभ लग्न, चंवरी फेरा एवं मंडप बरसाना जैसी पारंपरिक रस्में संपन्ना कराई गई। सुबह 11 के बाद नवविवाहित जोडों की विदाई हुई। विवाह आयोजित समिति द्वारा कन्यादान के रूप में अलमारी बर्तन पलंग बिस्तर सहित अन्य सामग्री प्रत्येक जोडो को प्रदान की गई। इस सम्मेलन में राजगढ़, शाजापुर, देवास सहित अन्य स्थानों से आए हुए वर वधुओं का विवाह संपन्ना कराया गया। आयोजन समिति ने बताया कि 42 से सम्मेलन की सफलता के बाद आगामी 2 मार्च 2027 को पाटीदार समाज का 43वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक जोडों का विवाह कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पदाधिकारी गण आसपास से सामाजिक गांव से पधारे हुए सामाजिक वरिष्ठ गण सामाजिक कार्यकर्ता नगर समिति के सदस्य नगर के कार्यकर्ता सहित मातृ शक्तियों ने बढ-चढकर अपना सहयोग प्रदान किया।

# 1 महीने में हो सकते हैं घने बाल इन तरीकों से करें चाय पत्ती का इस्तेमाल

**लंबे बाल चाहिए तो इसके लिए आप चाय पत्ती का इस्तेमाल नियमित तरीके से करें। इससे बालों में मजबूती आएगी। साथ ही, बाल गिरने कम हो जाएंगे।**



बालों को घना और लंबा करने के लिए हम कई सारी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसका असर कुछ ही समय के लिए दिखाई देता है। इसके बाद बाल फिर दोबारा झड़ने और पतले होने लगते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप घर पर रखी चीजों का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा बालों में करें। साथ ही, बालों को साफ रखें। इसके लिए आप चाय पत्ती का इस्तेमाल कर सकती हैं। चाय पत्ती आपका बाल 1 महीने में झड़ना कम कर सकती हैं। आर्टिकल में जानते हैं चाय पत्ती के फायदे और इस्तेमाल का तरीका।

### चाय पत्ती के बालों में फायदे

चाय पत्ती में एंटीऑक्सीडेंट्स और कैफीन होता है, जो बालों के लिए अच्छा होता है। इसका इस्तेमाल करने से आपके बालों का झड़ना कम हो जाता है। इससे बाल चमकदार भी नजर आते हैं। हालांकि 1 महीने में लंबे बाल नहीं होते हैं। लेकिन आप इसका इस्तेमाल नियमित तरीके से करेंगी, तो बालों की ग्रोथ अच्छी हो सकती है। इससे स्कैल्प को मजबूती मिलती है।

### चाय पत्ती का बनाएं हेयर टोनर

आप अपने बालों में चाय पत्ती के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल हेल्दी नजर आएंगे। बालो को चाय पत्ती के पानी से साफ करें। इसके बाद शैंपू लगाकर बालों को धो लें। इसे रोजाना लगाने से बालों के झड़ने की समस्या कम हो जाएगी। साथ ही, बालों की ग्रोथ भी अच्छी हो जाएगी। इस तरह के हेयर टोनर को आपको बस रोजाना बनाकर बालों में अप्लाई करना है।

### चाय पत्ती का हेयर मास्क

अगर आप इस्तेमाल हुई चाय पत्ती को ले रही हैं, तो उसे धोकर थोड़ा सुखा लें। इसके बाद इसे दरदरा पीस लें।

इसमें 2 चम्मच दही को मिक्स करके इसका हेयर मास्क बनाएं।

इसके बाद इसमें शहद को मिक्स करके बालों में अप्लाई करें।

अब बालों को 15 से 20 मिनट के लिए सूखने दें।

इसके बाद बालों को शैंपू से साफ कर लें।

इससे आपके बालों का झड़ना कम हो जाएगा। साथ ही, कुछ ही समय में बेबी हेयर नजर आने लगेंगे।

इस तरह से आप बालों में चाय पत्ती का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके इस्तेमाल से बाल थोड़े समय बाल लंबे दिखने लगेंगे। लेकिन आपको इन चीजों को नियमित रूप से इस्तेमाल करना होगा।

**हम अपने हाथों और पैरों में मैनीक्योर और पेडीक्योर के बाद अपने नाखूनों की अच्छी केयर करके इन्हें लंबे समय तक के लिए खूबसूरत बनाए रख सकते हैं। आइए जानें मैनीक्योर और पैडीक्योर के बाद अपने नाखूनों की अच्छी देखभाल के तरीकों के बारे में।**



## मैनीक्योर और पेडीक्योर के बाद ऐसे करें नाखूनों की देखभाल

हाथों और पैरों को खूबसूरत बनाने के लिए आप अक्सर ही मैनीक्योर और पेडीक्योर का सहारा लेती हैं। लेकिन इसके बाद भी बहुत बार ऐसा होता है कि आपके हाथ या पैर कुछ दिनों बाद फिर पुराने रंग रूप में आ जाते हैं, तब लगता है कि काश हमारे हाथ और नेल्स हमेशा सॉफ्ट और सुंदर बने रहते। जी हां, हम अपने हाथों और पैरों में मैनीक्योर और पेडीक्योर के बाद अपने नाखूनों की अच्छी केयर करके इन्हें लंबे समय तक के लिए खूबसूरत बनाए रख सकते हैं। आइए जानें मैनीक्योर और पैडीक्योर के बाद अपने नाखूनों की अच्छी देखभाल के तरीकों के बारे में।

### पोषण युक्त भोजन है जरूरी

मजबूत नाखूनों के लिए आपके भोजन में विटामिन –बी, ई, फाइबर, प्रोटीन और खनिज भरपूर मात्रा में होना चाहिए और रोजाना एक हरी सब्जी जरूर खाएं इसके साथ फल व दालें इन पोषक तत्वों का अच्छा स्त्रोत हैं। कैल्शियम की कमी के कारण भी नाखून टूटते हैं। इसलिए कैल्शियम युक्त भोजन जैसे दूध, दही, उबले अंडे आदि का सेवन नियमित रूप से करें।

### ग्लव्स का करें इस्तेमाल

ज्यादा दिनों तक मैनीक्योर और पेडीक्योर का असर बनाए रखने के लिए अपने हाथों और नाखूनों का ध्यान रखें। नेल पॉलिश कुछ समय बाद घरेलू काम करने के साथ निकल जाती है। इसलिए अपने मैनीक्योर को बचाने के लिए घर का काम करते समय ग्लव्स का इस्तेमाल करें। कपड़े और बर्तन धोने के बाद अपने हाथों को साफ और सूखे कपड़े से पोछ लें।

### हाथों को टॉवल से सुखाएं

अगर आप अपने हाथों को सुखाने के लिए उन्हें तौलिए से जोर से रगड़ती हैं तो आपको इस आदत में तुरंत बदलाव लाने की जरूरत है, क्योंकि हाथों को जोर से रगड़ने से इनमें ड्रायनेस आती है और स्किन में इरिटेशन होता है, जिससे इचिंग की समस्या के साथ स्किन फ्लैकी हो जाती है। इसलिए अपने हाथों को हमेशा मोटे टॉवल से थपथपाकर सुखाएं।

### नाखूनों के आस-पास की स्किन पर मॉइश्चराइजर लगाएं

हाथों और पैरों के नाखूनों के आस-पास की स्किन पर मॉइश्चराइजर लगा कर क्यूटिकल्स को प्रोटेक्ट करें।इसके लिए अपने सिंक और वाश बेसिन के पास मॉइश्चराइजर की बोतल रखें ताकि जब भी आप अपने हाथ या पैर धोएं उसके बाद मॉइश्चराइजर को अपने हाथों और पैरों पर लगा कर उनकी नमी बरक-रार रख सकें। हाथों को धोने के लिए आप सौम्य और मॉइस्चराइजिंग हैंड वॉश का इस्तेमाल करें। इसमें स्टीयरिक एसिड भी होता है, जो त्वचा में भी प्राकृतिक रूप से पाया जाता है और यह त्वचा के सभी लिपिड की नमी को बनाए रखने में मदद करता है।आप ग्लिसरीन-आधारित साबुनों का विकल्प भी चुन सकती हैं, जो नमी बनाए रखने और डैमेज स्किन को रिपेयर करने के लिए अच्छे होते हैं।

### नाखूनों को नमक के पानी से साफ करें

आपके नाखूनों की लंबाई मैनीक्योर के बाद भी बढ़ती रहती हैं इसलिए, नाखूनों को साफ रखने का सबसे अच्छा उपाय है कि आप हाथों को बार-बार धोएं। हाथों या पैरों के नाखूनों में मैल जमा न होने दें। इससे ना केवल उनमे पनपने वाले बैक्टीरिया खत्म होते हैं बल्कि नाखून हमेशा साफ और सुंदर दिखेंगे। नमक आपके नाखूनों के लिए बहुत फायदेमंद है इसलिए अपने नाखूनों को नमक के पानी से साफ करें। इसके लिए चार से पांच चम्मच नमक को एक लीटर पानी में डालें और अच्छे से मिला लें फिर 15 से 20 मिनट तक इसमे अपने हाथों और पैरों को भिगो कर रखें। इसके बाद हाथों को सुखा लें और इन पर ग्लिसरीन लगा दें।




**मुंबई इंडियंस ने सोमवार को गुजरात टाइटंस को 99 रनों से हरा दिया। अहमदाबाद में खेले गए मुकाबले में मुंबई ने तिलक वर्मा की शतकीय पारी से 199 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 100 रनों के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।**

## आईपीएल में मुंबई की चौथी सबसे बड़ी जीत, अपने दूसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑलआउट हुई गुजरात





**अहमदाबाद।** तिलक वर्मा की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद अश्विनी कुमार की घातक गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 99 रनों के अंतर से मात दी। सोमवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने तिलक की 101 रनों नाबाद पारी की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 15.5 ओवर में सिर्फ 100 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। बता दें कि, यह मुंबई की रनों के अंतर से आईपीएल में उनकी चौथी सबसे बड़ी जीत है। वहीं, गुजरात दूसरी बार अपने सबसे छोटे स्कोर पर ऑलआउट हुई।

लगातार चार मैचों में हार के बाद यह मुंबई की पहली जीत है। वहीं, मौजूदा सत्र की दूसरी जीत के साथ हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली टीम ने चार अंकों के साथ अंक तालिका में छलांग लगाकर सातवां स्थान हासिल कर लिया है। उनका नेट रन रेट भी +0.067 हो गया। वहीं, गुजरात फिलहाल छह अंकों के साथ छठे पायदान पर बनी हुई है।

गुजरात की शुरूआत ही इस मुकाबले में खराब रही। पारी की पहली ही गेंद पर यह टीम साई सुदर्शन (0) का विकेट गंवा चुकी थी। अगले ओवर में उसे जोस बटलर (5) के रूप में दूसरा झटका लगा। यहां से वाशिंगटन सुंदर ने शुभमन गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 20 गेंदों में 35 रन की साझेदारी की, लेकिन इस जोड़ी के टूटते ही टीम फिर से लड़खड़ा गई। वाशिंगटन 17 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि शाहरुख खान ने 17 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। कप्तान शुभमन गिल ने 14 रन की पारी खेली। मुंबई की तरफ से 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में उतरे अश्विनी कुमार ने 24 रन देकर चार विकेट हासिल किए, जबकि गजनफर और मिचेल सेंटनर ने दो-दो विकेट निकाले। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या को एक-एक सफलता हाथ लगी।

इससे पहले, गुजरात के खिलाफ मुंबई की शुरूआत बेहद खराब रही थी और रबाडा ने पावरप्ले में ही मुंबई को तीन झटके दे दिए थे। रबाडा ने क्विंटन डिकॉक (13), दानिश मालेवर (2) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (15) को आउट कर मुंबई की पारी लड़खड़ा दी थी। तिलक ने इसके बाद नमन धीर के साथ मिलकर मुंबई की पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 52 रनों की साझेदारी की। नमन धीर के आउट होने के बाद तिलक और कप्तान हार्दिक पांड्या ने मुंबई के लिए बड़ी साझेदारी की। इन दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 38 गेंदों पर 81 रन जोड़े जिसमें सबसे ज्यादा योगदान तिलक का ही रहा। हार्दिक अपना विकेट गंवा बैठे, लेकिन तिलक टिके रहे।

तिलक को मैच के दौरान चोट भी लग गई थी और फिजियो ने मैदान पर आकर उनका हालचाल जाना था। तिलक ने बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने हालांकि शुरूआत धीमी की थी और शुरूआती 22 गेंदों पर 19 रन ही बनाए थे। लेकिन इसके बाद तिलक ने गियर बदला और अगले 23 गेंदों पर 82 रन ठोक डाले। तिलक ने 45 गेंदों पर अपने आईपीएल करियर का पहला शतक पूरा किया।

## जीत की राह पर लौटना चाहेगी भारतीय महिला टीम, तीसरे टी20 में स्मृति और दीप्ति पर रहेंगी नजरें

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा। इस मुकाबले की मेजबानी द वांडर्स क्रिकेट स्टेडियम करेगा। भारतीय टीम सीरीज में अभी 0-2 से पीछे चल रही है और अगर उसे सीरीज गंवाने से बचना है तो तीसरे टी20 में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में अब तक कुल 21 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 10 मैच भारतीय टीम ने जीते हैं, जबकि आठ मुकाबलों में दक्षिण अफ्रीका के हाथ जीत लगी है। यानी भले ही भारतीय टीम सीरीज के पहले दो मुकाबले गंवा चुकी हो, लेकिन ओवरऑल रिकॉर्ड में टीम का पलड़ा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारी रहा है।

टीम की सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज स्मृति मंधाना शुरूआती दो मैच में 13 और 12 रन ही बना पाई हैं। भारतीय टीम इन मुकाबलों में 157 और 147 रन ही बना सकी जिन्हें मेजबान टीम ने आसानी से जीत लिया। टीम के लिए दीप्ति की फॉर्म अधिक चिंता का विषय है। पहले मैच में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने नाबाद एक रन बनाया, जबकि दूसरे मैच में छठे नंबर पर खेलते हुए भी एक रन बनाकर आउट हुईं।

**Vividh FIN Solutions**
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### इंदौर से गोंदिया-मुंबई उड़ानें 31 मई तक रद्द, अब 1 जून से ही शुरू होगी बुकिंग

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गोंदिया और मुंबई के बीच सीधी उड़ानों का संचालन करने वाली स्टार एयर ने 31 मई तक के लिए अपनी सभी उड़ानों को निरस्त कर दिया है। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर 31 मई तक की सभी उड़ानों को हटाते हुए 1 जून से बुकिंग शुरू की है। उड़ानों के निरस्त होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंदौर एयरपोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक स्टार एयर द्वारा करीब एक माह तक अपनी गोंदिया और अहमदाबाद की उड़ानों को निरस्त करने के बाद 15 जनवरी से ही इंदौर से मुंबई और गोंदिया के बीच उड़ानों का संचालन शुरू किया गया था। यह फ्लाइट मुंबई से दोपहर 1.40 बजे इंदौर आकर 2.10 बजे गोंदिया जाती थी। गोंदिया से शाम 5.20 बजे इंदौर आकर 5.50 बजे वापस मुंबई जाती थी, लेकिन कंपनी ने इन सभी चार उड़ानों को अब 31 मई तक के लिए निरस्त कर दिया है। कंपनी ने इसके लिए ऑपरेशनल कारणों का हवाला दिया। इससे पहले कंपनी कई बार इन उड़ानों को निरस्त कर चुकी है। अब मई तक के लिए उड़ानों को स्थायी रूप से बंद करने के कारण इन उड़ानों में पहले से बुकिंग कर चुके यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशान वे यात्री हैं, जिन्होंने गोंदिया के लिए टिकट बुक किया था, क्योंकि इंदौर से गोंदिया के लिए इस फ्लाइट के अलावा कोई सीधी फ्लाइट नहीं है। कंपनी ने समर शेड्यूल में 30 मार्च से ही अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए इंदौर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट को आगे कर्नाटक के बेलगाम तक विस्तारित किया था। इससे इंदौर से बेलगाम जाने वाले यात्री बिना विमान बदले बेलगाम जा सकते थे, लेकिन मुंबई फ्लाइट बंद होने के कारण यह कनेक्शन भी बंद हो गया। 1 जून से जब दोबारा उड़ानें शुरू होंगी तो यह कनेक्शन भी फिर से शुरू होगा। कंपनी द्वारा की जा रही बुकिंग के अनुसार इन उड़ानों का संचालन सप्ताह में तीन दिन सोम, बुध और शनिवार को किया जाएगा।

### सुरेंद्र साहू हत्याकांड में चार आरोपी गिरफ्तार गिरने से एक आरोपी के हाथ-पैर में आई चोट

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में चाकू मारकर सुरेंद्र साहू की हत्या करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें तीन आरोपी नाबालिग हैं, जो शहर से भागने की तलाश में थे, जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी की पकड़ लिया। जबकि एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश में सड़क पर गिर गया, जिससे उसके हाथ और पैर में गंभीर चोट आई हैं। सुरेंद्र को उसके 8 साल के बेटे के साथ आरोपियों ने रविवार को चाकू मारे थे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। हीरानगर पुलिस के मुताबिक आरोपी विवेक को पकड़ लिया गया था, पर वह चकमा देकर भागने लगा। इस दौरान सड़क पर गिरने से उसके हाथ और पैर में गंभीर चोट आई है। जबकि एक 15 साल के आरोपी को उसका पिता अपने गांव ललितपुर भेज रहा था। बस स्टैंड पर बस में बैठाते समय उसे पकड़ा गया है। मामले में उसके पिता को भी आरोपी बनाया गया है। इस मामले में 15 साल का आरोपी घटना के दो दिन बाद तक अपने पिता के साथ घूमता रहा। फिर मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी और उसे बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया। बता दें कि सोमवार को सुरेंद्र साहू का शव सड़क पर रखकर परिजनों ने चक्काजाम किया था। वे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। हीरानगर टीआई सुशील पटेल के मुताबिक इस मामले में अब तक विवेक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में हिरासत से भागने को लेकर एक और एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अभी दो और आरोपियों की तलाश मे जुटी है। कमिश्नर संतोष सिंह के आदेश पर एक बार फिर गुंडों के खिलाफ पुलिस मोर्चा खोलेगी। बताया जाता है कि शहर में जोन-1 में लगातार हत्या की वारदातों के बाद हीरानगर मामले में परिजनों का गुस्सा सड़क पर फूटा था। जोन 1 में हुई दो हत्याओं में पुलिस की लापरवाही सामने आई, लेकिन वरिष्ठ अफसरों ने मामले को दबा दिया। हालांकि दोनों हत्याकांड का खुलासा भी पुलिस ने जल्द कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत, सड़क पार करते वक्त हुआ हादसा

**इंदौर।** नेमावर रोड पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सोमवार रात करीब 11 बजे सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भंवरकुआ थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान दिलीप (42) पुत्र बनेसिंह ठाकुर निवासी पालदा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि उसे एक आयशर वाहन ने टक्कर मारी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी जेब से एक डायरी निकाली और उसमें दर्ज नंबरों पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने उसकी पहचान की पुष्टि नहीं की। उसके पास एक मोबाइल फोन भी मिला, जो हादसे में टूट गया था। मोबाइल को एमवाय चौकी पुलिस को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश कर रही है और टक्कर मारकर फरार हुए वाहन की पहचान के लिए जांच जारी है।

### इंदौर कांग्रेस के प्रमुख नेताओं को हाईकमान ने देवास तलब किया

**इंदौर।** नगर निगम परिषद की बैठक में हुए वंदे मातरम विवाद को लेकर कांग्रेस के अनुशासन समिति ने बुधवार को इंदौर कांग्रेस के सभी नेताओं को देवास बुलाया है। इसके साथ ही कांग्रेस के सभी मुस्लिम पार्षदों को भी बुलाया गया है। उनसे यह पूछा गया है कि वह नगर निगम के विशेष सम्मेलन में क्यों नहीं गए? नगर निगम परिषद की बैठक में कांग्रेस की दो महिला मुस्लिम पार्षदों द्वारा वंदे मातरम गाने से इनकार करने और उसके बाद भाजपा के पार्षदों को चुनौती देने का मामला तूल पकड़ गया था। इस मामले को लेकर उसी समय शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कह दिया था कि वंदे मातरम तो सभी को गाना चाहिए। इस मामले को लेकर कांग्रेस दो हिस्से में बंटी हुई नजर आ रही थी। मुस्लिम पार्षदों का कहना था कि इस्लाम मातरम कहने की इजाजत नहीं देता है। इस मामले में शहर कांग्रेस द्वारा दोनों महिला मुस्लिम पार्षद फौजिया अलीम और रूबीना खान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा गया था। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव हरीश चौधरी ने इस मामले के लिए जांच कमेटी गठित की थी, जो अनुशासन समिति के रूप में कार्य करेगी। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय दत्त और उषा नायडू को लिया गया था। संजय दत्त और उषा नायडू बुधवार को देवास में कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आ रहे हैं। इन नेताओं ने इंदौर के सभी प्रमुख नेताओं को वंदे मातरम विवाद को लेकर अपना पक्ष रखने के लिए देवास बुलवाया है।

### राजीव गांधी चौराहा बनेगा सकुर्लेशन पॉइंट ब्रिज बनने से 1 किमी तक ट्रैफिक सुधरेगा

**इंदौर।** राजीव गांधी चौराहे पर प्रस्तावित फ्लायओवर से 1 किमी तक ट्रैफिक को राहत मिलेगी। शहर का ट्रैफिक दबाव 30% तक घटेगा। दरअसल, राजीव गांधी और चोइथराम सब्जी मंडी चौराहा पश्चिमी व पूर्वी शहर के आवासीय, औद्योगिक और कमर्शियल हिस्सों को जोड़ने वाले अहम जंक्शन हैं। यहां मास्टर प्लान की दो मेजर रोड एमआर-1 (एबी रोड), एमआर-3 और दो रिंग रोड आरडब्ल्यू-1 व आरई-1 मिलती हैं। इसी चौराहे पर मध्य शहर को मिलाने वाली माणिक बाग रोड भी मिल रही है। भविष्य में एमआर-3 बनने पर बायपास को मध्य शहर से सबसे कम लंबाई की कनेक्टिविटी भी मिलेगी। वर्तमान व भविष्य में निर्माणाधीन 100 से ज्यादा आवासीय कॉलोनियों और टाउनशिप का ट्रैफिक दबाव भी इन दोनों चौराहों पर ही रहेगा, क्योंकि ये जंक्शन पूर्वी व मध्य शहर में आवाजाही के लिए एंट्री पॉइंट का भी काम कर रहे हैं। वर्तमान में पश्चिमी शहर के इस हिस्से का विस्तार बायपास की ओर इन्हीं सड़कों के आसपास से हो रहा है। राऊ जंक्शन से लेकर यहां तक कई बड़ी कॉलोनियां और टाउनशिप बस गई हैं। 100 से ज्यादा स्थानों पर आवासीय बसाहट का काम चल रहा है। औद्योगिक विस्तार की दृष्टि से देखें तो पीथमपुर के साथ ही इकोनॉमिक कॉरिडोर भी इस क्षेत्र को जोड़ेगा और आवासीय के साथ व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ाएगा। इन सभी संभावनाओं के साथ एमआर-1 यानी एबी रोड का भंवरकुआं से राऊ जंक्शन, एमआर-3 और पश्चिमी रिंग रोड के लिए इन जंक्शन की भूमिका अहम हो जाएगी।

### एक्सिस बैंक की पूर्व मैनेजर ने वरिष्ठ अधिकारियों पर शारीरिक, मानसिक शोषण और वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप लगाए

# पूर्व बैंक मैनेजर बोलीं- अफसर गंदी बातें करते थे

**केबिन में बुलाकर अश्लील इशारे करते, पीरियड्स में भी खड़े रखकर मीटिंग करते थे**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एक्सिस बैंक की पूर्व मैनेजर ने वरिष्ठ अधिकारियों पर शारीरिक, मानसिक शोषण और वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने मंगलवार को कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। शिकायत में कार्यस्थल पर



दुर्व्यवहार के साथ नौकरी छोड़ने के बाद हक का पैसा रोकने और धमकाने का आरोप है।

चोइथराम मंडी शाखा में 'ऑपरेशन हेड' रहीं निहारिका (बदला हुआ नाम) ने बताया कि उनका कार्यकाल फरवरी 2023 से मई 2025 तक रहा। इस दौरान प्रदर्शन शानदार था और उन्हें '4 आउट ऑफ 5' रेटिंग के साथ कई अवॉर्ड मिले, लेकिन इसके पीछे की कहानी दर्दनाक है।

निहारिका का आरोप है कि सीनियर अधिकारी केबिन में बुलाकर अश्लील इशारे करते थे और दोहरे अर्थ वाली बातें करते थे। मासिक धर्म (पीरिड्स) के दौरान भी उन्हें दो-तीन घंटे खड़ा रखकर मीटिंग ली जाती थी और कुर्सी खाली होने पर भी बैठने नहीं दिया जाता था। बैंक की अनिवार्य छुट्टियां भी नहीं दी जाती थीं।

#### नौकरी छोड़ने के बाद भी खत्म नहीं हुआ संकट

प्रताड़ना से तंग आकर निहारिका ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने तीन महीने का नोटिस पीरियड पूरा किया, लेकिन इस दौरान भी मानसिक दबाव रहा। बकाया बोनस मांगने पर क्षेत्रीय और जोनल अधिकारियों ने कथित तौर पर भुगतान रुकवा दिया। समाधान पोर्टल और लेबर एनफोर्समेंट ऑफिसर से शिकायत पर बैंक अधिकारियों ने मध्यस्थता बैठक में आने से इनकार कर दिया।

#### अधिकारियों की धमकी- बैंक तुझे बर्बाद कर देगा

शिकायत के अनुसार लेबर ऑफिसर कार्यालय में भी बैंक कर्मचारियों ने अड़ियल रवैया अपनाया। निहारिका का आरोप है कि बाहर निकलकर उन्हें खुलेआम धमकी दी गई कि तुझे तो बैंक बर्बाद कर देगा। पीड़िता ने बताया कि भोपाल और जबलपुर के चक्कर लगवाकर उन्हें और प्रताड़ित किया जा रहा है, ताकि शिकायत वापस ले लें।

### डेली कॉलेज बना सियासी अखाड़ा, बीजेपी के प्रशिक्षण वर्ग पर दिग्विजय सिंह बिफरे

# बोर्ड प्रेसिडेंट से पूछा- किसने दी मंजूरी?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के प्रतिष्ठित डेली कॉलेज में 22 अप्रैल से आयोजित होने जा रहे भारतीय जनता पार्टी के सात राज्यों के वरिष्ठ नेताओं के प्रशिक्षण वर्ग ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। इस आयोजन की तैयारियों के बीच प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और संस्थान के संरक्षक दिग्विजय सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है।

सिंह ने डेली कॉलेज बोर्ड के प्रेसिडेंट को एक पत्र लिखकर परिसर के राजनीतिक इस्तेमाल पर अत्यंत क्षोभ, निराशा और पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने संस्थान की निष्पक्षता और संस्थागत स्वतंत्रता को गंभीर क्षति पहुंचने का दावा करते हुए इस आयोजन की स्पष्ट निंदा की है।



दिग्विजय सिंह ने अपने पत्र में तीखे सवाल उठाते हुए कहा है कि डेली कॉलेज कोई साधारण संपत्ति नहीं है जिसे किसी दल की पक्षपातपूर्ण सुविधा के लिए सौंप दिया जाए। उन्होंने इसे एक खतरनाक पैटर्न करार देते हुए कुछ पिछली घटनाओं का भी जिक्र किया है। सिंह के अनुसार, सितंबर 2025 में भी कॉलेज के गेट और परिसर में भगवा झंडे व बैनर लगाए गए थे।

इसके अलावा, उन्होंने 4 अक्टूबर 2025 को आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हुए कार्यक्रम और फरवरी 2026 में आयोजित ओडीए रॉयल कुकिंग फेस्टिवल के दौरान भी परिसर के राजनीतिकरण का मुद्दा उठाया है। उनका कहना है कि बार-बार हो रहे ऐसे आयोजनों से आम जनता के बीच यह संदेश जा रहा है कि यह स्वतंत्र शिक्षण संस्थान अब एक खास विचारधारा के प्रचार का केंद्र बनता जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी बात को मजबूती देने के लिए अपने कार्यकाल का भी उल्लेख किया। उन्होंने लिखा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनके दो दशकों के कार्यकाल के दौरान कभी भी कांग्रेस का कोई कार्यक्रम डेली कॉलेज परिसर में आयोजित नहीं हुआ। उन्होंने तर्क दिया कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन 140 साल पुराने इस गौरवशाली संस्थान की प्रतिष्ठा और साख हर हाल में सुरक्षित रहनी चाहिए।

## शादी से पहले हल्दी लगा दूल्हा इंदौर कलेक्ट्रेट पहुंचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सिर पर सेहरा सजाने की तैयारी चल रही है, घर में मेहमानों की चहल-पहल है, हल्दी की रस्म पूरी हो चुकी है, लेकिन शादी से ठीक पहले एक दूल्हा अपने घर का रास्ता खुलवाने के लिए इंदौर कलेक्टर की जनसुनवाई में अधिकारियों के सामने गुहार लगाता नजर आया।

मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम अंबोवला, बिचौली मदार्ना निवासी उमेश गांगोलिया अपने पिता अशोक, मां, दादी और रिश्तेदारों के साथ पहुंचे। उनकी बारात 25 अप्रैल को देवास जानी है, लेकिन घर के सामने रास्ता अवरुद्ध होने से परिवार भारी परेशानी में है। उमेश ने बताया कि 18 अप्रैल को हल्दी की रस्म हो चुकी है, मेहमान आ चुके हैं। ऐसे में यदि समय रहते रास्ता नहीं खुला, तो बारात और मेहमानों के आने-जाने में गंभीर दिक्कत होगी। दूल्हे ने आरोप लगाया कि गांव के बद्रीलाल नामक व्यक्ति द्वारा जानबूझकर नाली पर रास्ता नहीं बनने दिया जा रहा है।

परिवार ने अस्थायी रूप से पटिये रखकर रास्ता बनाया, जिसे बद्रीलाल ने हटा दिया। उनका कहना है कि यह सरकारी जमीन का रास्ता है, जहां बड़ी नाली होने के बावजूद पाइप तक नहीं लगाने दिया जा रहा।

## पलासिया से गायब मासूम, रात 2 बजे मिला

**चॉकलेट दिलाने निकले दादा संग लापता हुआ बच्चा, पुलिस ने 12 घंटे सीसीटीवी खंगाले, सर्च ऑपरेशन चलाया**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पलासिया थाना क्षेत्र में 4 साल का मासूम लापता होने से हड़कंप मच गया, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी ने महज 12 घंटे में बच्चे को सकुशल परिजनों से मिलवा दिया। टीआई सुरेंद्र रघुवंशी के मुताबिक 20 अप्रैल 2026 को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच पीडब्ल्यूडी कॉलोनी क्षेत्र से 4 वर्षीय तृष्णु उर्फ हर्षल अपने दादा प्रभुदयाल यादव के साथ अचानक गायब हो गया। परिजन जब बारात से लौटे तो दोनों घर पर नहीं मिले। आसपास काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने दादा की कमजोर मानसिक स्थिति का हवाला देते हुए आशंका जताई कि कोई अज्ञात व्यक्ति उन्हें बहला-फुसलाकर ले गया होगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत 8 टीमें बनाकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। होटल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मंदिर, धर्मशाला और बगीचों में तलाश की गई। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और बच्चे की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की गई। लगातार सर्च के दौरान देर रात करीब 2 बजे सूचना मिली कि आजाद नगर क्षेत्र में एक पानी के प्याऊ के पास बच्चा और उसके दादा बैठे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को सुरक्षित कब्जे में लिया।

## इंदौर का 73% इलाका अति-दोहित

**केंद्रीय भूजल बोर्ड की चेतावनी, शहरी क्षेत्र भी सुरक्षित नहीं**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रोजाना बोरिंग करवाने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। केंद्रीय भूजल बोर्ड की चेतावनियों के बावजूद शहर में प्रतिदिन 20 से 25 नए बोरिंग किए जा रहे हैं। नर्मदा जल की गुणवत्ता को लेकर घटते भरोसे और भागीरथपुरा जैसी घटनाओं के बाद लोग अब अपने निजी जल स्रोत पर निर्भर होना चाहते हैं। वहीं प्रशासन ने अप्रैल बीतने के बावजूद अवैध बोरिंग और मशीनों के रजिस्ट्रेशन को लेकर कोई सख्त दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इंदौर जिले में भूजल दोहन का स्तर 117% तक पहुंच गया है, यानी जितना पानी जमीन में रिचार्ज हो रहा है, उससे कहीं अधिक निकाला जा रहा है। जिले का 73 फीसदी हिस्सा अति-दोहन की श्रेणी में आ चुका है और विशेषज्ञों का कहना है कि अब एक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र भी सुरक्षित नहीं बचा है। शहरी क्षेत्र की स्थिति भी क्रिटिकल हो चुकी है। जनवरी में भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद लोगों में सुरक्षित पानी को लेकर चिंता बढ़ी है। यही कारण है कि शहर में बोरिंग की मांग तेजी से बढ़ रही है। बोरिंग एजेंसियों के अनुसार, आउटर एरिया-बायपास, सुपर कॉरिडोर और एमआर-12 जैसे क्षेत्रों में लगातार बुकिंग मिल रही है, जबकि शहर के अंदर इंतजार और ज्यादा करना पड़ रहा है। वर्तमान में घरेलू बोरिंग की दर 140 से 150 रुपये प्रति फीट है, जबकि अनुमति के नाम पर अतिरिक्त राशि भी ली जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, जिले में भूजल का रिचार्ज मुख्यतः बारिश पर निर्भर है, लेकिन रिचार्ज के साधन बेहद सीमित हैं। पहले नवंबर तक 8 से 15 फीट पर पानी मिल जाता था, जो अब 18 से 35 फीट या उससे अधिक गहराई पर पहुंच गया है। अनियंत्रित बोरिंग के कारण जल भंडार तेजी से घट रहा है, जिससे भविष्य में गंभीर संकट की आशंका है।

























मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com